MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MINISO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । शुक्रवार, 13 मार्च, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 12 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-70

# अब पानी में आग

## बढ़ेंगे दाम, मंडरा रहा नया खतरा



**नई दिल्ली, 12 मार्च (एजेंसियां)।**

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध का असर अब भारत के पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर बाजार पर भी दिखाई देने लगा है। बढ़ती वैश्विक तेल कीमतों और सप्लाई चेन में आई बाधाओं के कारण बोतलबंद पानी की लागत तेजी से बढ़ रही है। उद्योग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत का पैकेज्ड वाटर बाजार लगभग 5 अरब डॉलर का माना जाता है और यह दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में शामिल है। विशेषज्ञों के अनुसार देश में भूजल की गुणवत्ता भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

शोध के मुताबिक भारत में करीब 70 प्रतिशत भूजल किसी न किसी रूप में प्रदूषित है, जिसके कारण बड़ी आबादी सुरक्षित पीने के पानी के लिए बोतलबंद पानी पर निर्भर रहती है।

**कच्चे माल की कीमतों में तेज उछाल**

गर्मी के मौसम से पहले ही उद्योग पर बढ़ता लागत दबाव चिंता का कारण बन गया है। कई पैकेज्ड वाटर कंपनियों ने अपने वितरकों को भेजे पत्रों में बताया है कि युद्ध के कारण कच्चे माल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हो रही है। इसके चलते कुछ कंपनियों ने वितरण स्तर पर कीमतें बढ़ानी भी शुरू कर दी हैं।

उद्योग से जुड़े आंकड़ों के अनुसार प्लास्टिक बोतल बनाने में इस्तेमाल होने वाले पॉलीमर की कीमत में बड़ा उछाल आया है। यह सामग्री कच्चे तेल से बनती है, इसलिए वैश्विक तेल कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर इस पर पड़ता है। हाल के हफ्तों में बोतल बनाने वाली सामग्री की लागत प्रति किलोग्राम लगभग 50 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

**पैकेजिंग लागत भी हुई दोगुनी**

केवल बोतल ही नहीं, बल्कि उसके ढक्कन, लेबल और पैकेजिंग सामग्री की कीमतें भी तेजी से बढ़ रही हैं।

उद्योग के अनुसार बोतलों के कैप की कीमत दोगुने से अधिक हो गई है। वहीं पैकेजिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले कॉरुगेटेड बॉक्स, लेबल और चिपकाने वाली टेप की लागत भी काफी बढ़ चुकी है। ▶6 पर

## भारतीयों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : मोदी



**नई दिल्ली, 12 मार्च (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार देर रात ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से की पश्चिम एशिया संकट पर बातचीत की। ईरानी राष्ट्रपति के साथ बातचीत में पीएम नरेंद्र मोदी ने बढ़ते तनाव, नागरिकों की जानमाल की हानि और नागरिक बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। पीएम मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति के साथ फोन पर हुई बातचीत में शांति और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। इसके साथ ही पीएम ने पश्चिम एशिया संकट को हल करने के लिए संवाद और कूटनीति पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति के साथ बातचीत में कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, जरूरी चीजों और ऊर्जा की निर्बाध आपूर्ति भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पीएम ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि उन्होंने ईरानी राष्ट्रपति से बातचीत में क्षेत्र की गंभीर स्थिति पर चर्चा करते हुए बढ़ते तनाव और नागरिकों के नुकसान को लेकर चिंता जताई।

प्रधानमंत्री ने इस संकट को खत्म करने के लिए संवाद और कूटनीति के महत्व पर भी जोर दिया। इसके साथ ही शांति और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। ▶6 पर

## पैनिक फैलाने वालों पर मोदी प्रहार
## कालाबाजारियों को कड़ी चेतावनी



देश में एलपीजी की स्थिति को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर एलपीजी को लेकर पैनिक फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे न केवल उनका असली चेहरा सामने आ रहा है बल्कि देश के हितों को भी नुकसान पहुंच रहा है।एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कुछ लोग एलपीजी को लेकर पैनिक पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। बिना किसी राजनीतिक टिप्पणी के मैं बस इतना कहूंगा कि वे न केवल जनता के सामने खुद को बेनकाब कर रहे हैं, बल्कि देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं।मौजूदा वैश्विक संकट का फायदा उठाकर मुनाफाखोरी करने वालों को चेतावनी देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की नजर उन लोगों पर है जो जरूरत के सामान की कालाबाजारी कर रहे हैं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि ऐसे अनैतिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है। ▶6 पर

## केरोसिन-कोयले के इस्तेमाल की अनुमति!



सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण बनी परिस्थितियों को देखते हुए सिलेंडर और पाइप से आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस पर दबाव कम करने के लिए होटलों और रेस्तरां में केरोसिन और कोयले के ईंधन के रूप में इस्तेमाल की अनुमति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके अलावा सीमित संख्या में वाणिज्यिक इस्तेमाल के सिलेंडरों की भी आपूर्ति की जायेगी जिसके लिए राज्य सरकारों को प्राथमिकता के आधार पर लाभार्थियों की सूची बनानी होगी।

सरकार ने गुरुवार को एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग 45 दिन के अंतराल पर ही की जा सकेगी। इससे पहले शहरी क्षेत्रों के लिए यह अवधि 25 दिन कर दी गयी थी। सरकार की ओर से बताया गया कि पश्चिम एशियाई देशों से अब तक एक लाख 30 हजार भारतीय स्वदेश लौट चुके हैं और विभिन्न देशों से उडानों का संचालन हो रहा है। ▶6 पर

## नागरिक आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्याओं के लिए डायल करें 1967



**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो):**

तेलंगाना नागरिक आपूर्ति विभाग ने राज्य के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि वे एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति, घरेलू गैस के अवैध व्यावसायिक उपयोग या नागरिक आपूर्ति से संबंधित किसी भी अन्य समस्या का सामना करते हैं, तो वे टोल-फ्री नंबर 1967 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के अवैध डायवर्जन और चोरी को रोकने के लिए विभाग ने सोमवार से एक व्यापक अभियान शुरू किया है। इस कार्रवाई के तहत अब तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी कर अवैध गतिविधियों का खुलासा किया गया है। विभाग की टीमों ने वारंगल, हनमकोंडा और कारमनघाट जैसे क्षेत्रों में छापेमारी कर अब तक 22 घरेलू सिलेंडर, 25 छोटे सिलेंडर और कई गैस रिफिलिंग उपकरण जब्त किए हैं।

नागरिक आपूर्ति विभाग ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करना कानूनन अपराध है। हेल्पलाइन नंबर 1967 का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना है ताकि वे बिना किसी डर के अवैध गतिविधियों की सूचना अधिकारियों को दे सकें। विभाग ने आश्वासन दिया है कि प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी ताकि बाजार में सिलेंडरों की कृत्रिम किल्लत को रोका जा सके और आम जनता के हितों की रक्षा हो सके।

# मैं इंतकाम लूँगा
## ईरानी सर्वोच्च नेता की ट्रंप को धमकी

**तेहरान, 12 मार्च (एजेंसियां)।**

ईरान के नवनियुक्त और तीसरे सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने कार्यभार संभालने के बाद राष्ट्र के नाम अपने प्रथम संदेश में कहा है कि इजरायल-अमेरिका हमले में मारे गये ईरानियों की मौत का बदला लिया जायेगा और ईरान पड़ोसी देशों में बने अमेरिकी ठिकानों पर हमले करना जारी रखेगा।

सर्वोच्च नेता ने अपने संदेश में संघर्ष के दौरान मारे गये लोगों का जिक्र करते हुए कहा, ईरान अपने शहीदों के खून का बदला लेने से पीछे नहीं हटेगा।

श्री खामेनेई ने मिनाब के बालिका विद्यालय पर हुए अमेरिकी मिसाइल हमले में जान गंवाने वाली 168 बालिकाओं का भी ज़िक्र किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान की सैन्य



रणनीति केवल बचाव तक सीमित नहीं है। संदेश में चेतावनी दी गयी कि यदि आवश्यक हुआ, तो ईरान मौजूदा संघर्ष के बीच 'अन्य मोर्चे' भी खोल सकता है, जो पूरे क्षेत्र के लिए खतरे की घंटी है।

खामेनेई का संदेश लिखित था और इसे सरकारी टीवी पर महिला एंकर ने पढ़कर सुनाया। इसमें श्री खामेनेई ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखा जाना चाहिए। उन्होंने इसे दुश्मनों पर दबाव बनाने का एक प्रभावी जरिया करार दिया। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध चाहता है और उसका लक्ष्य केवल वे अमेरिकी सैन्य ठिकाने हैं, जहां से ईरान के खिलाफ हमले किये जा रहे हैं। संदेश में इस बात का कोई संकेत नहीं दिया गया कि नये सर्वोच्च नेता वर्तमान में कहां हैं, या उनकी स्वास्थ्य और शारीरिक स्थिति कैसी है।

कुछ समाचारों में उन्हें घायल बताया गया था। श्री खामेनेई का बयान ऐसे समय में आया है, जब इजरायल और अमेरिका का ईरान के साथ टकराव 13वें दिन में प्रवेश कर चुका है और इनके बीच तनाव चरम पर है। उन्होंने अपने पिता आयतुल्लाह अली खामेनेई का स्थान लिया है, जिनकी इजरायल-अमेरिका के हमले में 28 फरवरी को मौत हो गयी थी।

## 'ट्वीट से जंग खत्म नहीं होगी'

**नई दिल्ली, 12 मार्च (एजेंसियां)**

मिडिल ईस्ट में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि युद्ध शुरू करना आसान हो सकता है, लेकिन उसे कुछ ट्वीट के जरिए खत्म नहीं किया जा सकता।

लारीजानी ने साफ शब्दों में कहा कि ईरान तब तक पीछे नहीं हटेगा, जब तक ट्रंप अपनी गलती स्वीकार कर उसकी कीमत नहीं चुकाते।

लारीजानी ने ट्रंप के उस दावे पर तीखी प्रतिक्रिया दी है जिसमें उन्होंने युद्ध को जल्द खत्म करने की बात कही थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लारीजानी ने कहा,

ट्रंप कहते हैं कि वे त्वरित जीत चाहते हैं। लेकिन युद्ध शुरू करना आसान है, उसे कुछ ट्वीट से खत्म नहीं किया जा सकता। हम आपको तब तक नहीं छोड़ेंगे जब तक आप अपनी गलती मानकर उसकी कीमत नहीं चुका देते।

### कार्टून कॉर्नर



### मौसम हैदराबाद
अधिकतम : $35^{0}$
न्यूनतम : $22^{0}$

## हैदराबाद के कायाकल्प की तैयारी
## 4 लाख करोड़ से सुधरेगा शहर

**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो):**

हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एचएमडीए)ने 2050 तक शहर के परिवहन परिदृश्य को पूरी तरह बदलने के उद्देश्य से 4 लाख करोड़ की एक महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा योजना का अनावरण किया है। 'व्यापक गतिशीलता योजना' ((सीएमपी) पर आयोजित एक हालिया कार्यशाला में इस व्यापक अपग्रेड पर चर्चा की गई, जिसमें कई परिवहन नेटवर्क के बड़े विस्तार की रूपरेखा तैयार की गई है।

इस योजना के तहत मेट्रो नेटवर्क का 556.6 किमी तक विस्तार शामिल है, जो महानगर क्षेत्र में कनेक्टिविटी को काफी हद तक बढ़ा देगा। इसके साथ ही, मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम (एमएमटीएस) रेल नेटवर्क का विस्तार 336.4 किमी तक किया जाएगा, जिससे हैदराबाद के यात्रियों को बेहतर उपनगरीय रेल कनेक्टिविटी मिलेगी।




सड़कों का जाल और जाम से मुक्ति के लिए फ्लाईओवर का निर्माण

बुनियादी ढांचे के इस अपग्रेड में यातायात की भीड़ को कम करने और कनेक्टिविटी सुधारने के लिए 2,847 किमी अतिरिक्त सड़क गलियारों के निर्माण का प्रस्ताव है। ट्रैफिक बाधाओं को दूर करने के लिए, योजना में शहर भर के प्रमुख जंक्शनों पर 75 ग्रेड सेपरेटर और 8 एलिवेटेड रोड शामिल किए गए हैं।

पैदल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए व्यस्त क्षेत्रों में 120 स्काईवॉक और फुट ओवर ब्रिज बनाने की योजना है। इस प्रस्ताव में रेलवे क्रॉसिंग पर देरी को खत्म करने और यातायात प्रवाह को सुचारू बनाने के लिए 34 रोड ओवर ब्रिज और 16 रोड अंडर ब्रिज भी शामिल हैं।

इस योजना का एक बड़ा केंद्र मूसी नदी के दोनों किनारों के बीच संपर्क सुधारना है, जिसके लिए 29 नए पुलों के निर्माण का प्रस्ताव दिया गया है। इससे नदी द्वारा विभाजित शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच आवाजाही काफी आसान हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए 48 किमी तक फैले समर्पित बस लेन और बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर की योजना बनाई गई है। ▶6 पर

## आज से डिजिटल रजिस्ट्रेशन
## तेलंगाना में कागजी कार्रवाई से मिलेगी मुक्ति

**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो):**

तेलंगाना परिवहन विभाग ने वाहन पंजीकरण की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और देरी को कम करने के लिए एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। विभाग ने गुरुवार को घोषणा की कि अब से कारों और मोटरसाइकिलों सहित सभी गैर-परिवहन वाहनों का स्थायी पंजीकरण पूरी तरह से डिजिटल और पेपरलेस होगा। यह नई व्यवस्था 13 मार्च (शुक्रवार) से लागू हो जाएगी। इस कदम के साथ ही, डीलरों द्वारा क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आर.टी.ए.) कार्यालयों में दस्तावेजों की भौतिक प्रतियां जमा करने की पारंपरिक प्रथा को हमेशा के लिए बंद कर दिया गया है। परिवहन आयुक्त द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस नोट के अनुसार, कल से निम्नलिखित दिशानिर्देश प्रभावी होंगे- भौतिक दस्तावेजों पर रोक: अब डीलरों को स्पीड पोस्ट या कूरियर के जरिए फॉर्म-20 या अन्य सहायक दस्तावेजों की हार्ड कॉपी आरटीए कार्यालयों में



भेजने की आवश्यकता नहीं होगी।

डिजिटल अपलोड अनिवार्य: सभी डीलरों को अब हस्ताक्षरित 'फॉर्म-20' और अन्य आवश्यक दस्तावेजों को स्कैन करके सीधे ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना होगा। यह नियम 13 मार्च या उसके बाद जारी होने वाले सभी अस्थायी पंजीकरण (टी.आर.) वाले वाहनों पर लागू होगा।

पुराने टी.आर. वाले वाहनों को भी लाभ: जिन वाहनों को 13 मार्च से पहले टीआर (टी.आर.) मिल चुका है, ▶6 पर

शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे



# इराक में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास और एरबिल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास विस्फोट

**बगदाद, 12 मार्च (एजेंसियां)।**

अमेरिका-इजराइल के 28 फरवरी से ईरान के खिलाफ शुरू किए सैन्य अभियान की लपटों से घिरे खाड़ी देशों में हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे। ईरान ने इन देशों के खिलाफ लगातार हमले कर रहा है। इराक में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास और एरबिल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास शक्तिशाली विस्फोट हुआ है।

अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार सुबह इराक के एरबिल में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास (यूएस कान्सुलेट) और एरबिल इंटरनेशनल हवाईअड्डा इलाके के पास जबरदस्त धमाका हुआ है। खाड़ी देश ईरानी ड्रोन और मिसाइलों की नई लहरों को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। ईरान ने तेल भंडारण केंद्रों और टैंकरों को निशाना बना रहा है।

इराक के कुर्दिस्तान इलाके में एरबिल इंटरनेशनल हवाईअड्डा से धुआं उठता दिख रहा है। इससे पहले, इराक के समुद्री इलाके में ईरानी ड्रोन ने दो विदेशी तेल टैंकरों पर हमला किया। कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 38 अन्य को बचा लिया गया। ईरान ने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि जलमार्ग के नीचे हुए ड्रोन हमले में टैंकर उड़ गए। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने देश के पूर्वी हिस्सों में 20 से ज्यादा ड्रोन को रोककर नष्ट कर दिया है। बहरीन ने कहा कि ईरानी हमलों में देश के उत्तरी मुहर्रक गवर्नरेट में एक जगह पर फ्यूल टैंक को निशाना बनाया गया। गृह मंत्रालय ने आस-पास के चार कस्बों और गांवों के लोगों को चेतावनी दी कि वे धुएं और आग के असर से बचने के लिए अपने घरों में रहें और खिड़कियां बंद रखें। संयुक्त अरब अमीरात ने कहा कि उसके एयर डिफेंस ईरान से आने वाले मिसाइल और ड्रोन के खतरों का जवाब दे रहे हैं। दुबई के सरकारी मीडिया आफिस ने कहा कि क्रीक हार्बर के पास एक बिल्डिंग पर एक ड्रोन गिरा और मामूली आग पर काबू पा लिया गया। कुवैत की सेना ने कहा कि उसके एयर डिफेंस भी दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन के खतरों का जवाब दे रहे हैं। इस बीच इराक ने ईरान से संयम बरतने की अपील की है। इराक के तेल मंत्रालय ने कहा कि फारस की खाड़ी में तेल टैंकरों को निशाना बनाने से चिंता बढ़ गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### ईरान ने युद्ध रोकने के लिए दुनिया के सामने तीन शर्तें रखीं



**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध का आज 13वां दिन हैं। ईरान से शुरू यह जंग फारस के खाड़ी देशों तक फैल चुकी है। ईरान और इजराइल के ताबड़तोड़ हमलों से पश्चिम एशिया में हालात और बदतर हो गए हैं। इस बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने युद्ध रोकने के लिए दुनिया के सामने तीन शर्तें रखी हैं। अल जजीरा न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा कि यह तीनों शर्तें बेहद जरूरी हैं। अगर ईरान के कानूनी अधिकारों को मान्यता देने, युद्ध के नुकसान की भरपाई करने और भविष्य में हमला न होने की अंतरराष्ट्रीय गारंटी मिल जाए तो ईरान तत्काल प्रभाव से युद्ध रोक देगा। उन्होंने कहा, ईरान के बातचीत की पटरी पर लौटने का यह मतलब यह नहीं कि वह कमजोर है। दूसरी ओर इस युद्ध पर अपना बहुत कुछ गंवा चुके अमेरिका के तेवर अभी भी तल्ख हैं। अमेरिकी मीडिया में प्रसारित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों से फिलवक्त ऐसा नहीं लग रहा कि युद्ध की लपटें बुझेंगी। ट्रंप ने केंटकी राज्य में एक रैली में कहा कि ईरान जंग में अमेरिका जीत चुका है, लेकिन मिशन पूरा होने तक लड़ाई जारी रहेगी। इस बीच अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने संसद को बताया कि ईरान जंग के शुरुआती छह दिन में अमेरिका ने करीब 11.3 अरब डालर (लगभग एक लाख करोड़ रुपये) खर्च कर दिए। इनमें से करीब पांच अरब डालर (लगभग 45 हजार करोड़ रुपये) हथियारों और गोला-बारूद पर खर्च हुए।

### कैलिफोर्निया पर ईरान कर सकता है ड्रोन हमला, एफबीआई ने किया आगाह



**सैक्रामेंटो (कैलिफोर्निया)।** अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने कैलिफोर्निया के साथ एक आंतरिक दस्तावेज साझा किया है। इसमें आशंका जताई गई है कि कैलिफोर्निया पर ईरान कभी भी ड्रोन हमला कर सकता है। अमेरिका-इजराइल की ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान के दौरान आई इस जानकारी को बेहद गंभीर माना जा रहा है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इस रिपोर्ट पर कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने टिप्पणी की है। उन्होंने एक्स पर कहा : हालांकि हमें इस समय किसी भी आने वाले खतरे के बारे में पता नहीं है। हम अपने राज्य में किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार हैं। अधिकारियों के अनुसार, एफबीआई के इस दस्तावेज की सूचना से सुरक्षा संबंधी चिंता बढ़ गई है। हालांकि ला एनफोर्समेंट के अधिकारी और होमलैंड सिक्योरिटी विशेषज्ञ ने कहा कि इस चेतावनी से घबराने जैसी कोई बात नहीं है। बताया गया है कि इस दस्तावेज को एफबीआई के लास एंजिल्स आफिस ने स्थानीय ला एनफोर्समेंट के साथ पिछले हफ्ते साझा किया। एफबीआई का कहना है कि इस सूचना को सत्यापित नहीं किया जा सका है, इसलिए कोई खास खतरा नहीं है। बावजूद इसके सतर्क रहने की जरूरत है।

### प्राचीन एलर्स पेड़ के आसपास की मिट्टी में पाई जाती है सैकड़ों फंगस प्रजातियां



**मेलबर्न।** चिली के टेम्परेट रेनफारेस्ट में खड़े विशाल एलर्स पेड़ों का महत्व केवल उनके ऊपर दिखाई देने वाले हिस्सों तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीन के नीचे एक विशाल जैविक नेटवर्क को सहारा देते हैं। सैकडों साल पुराने एलर्स के ये पेड़ हजारों सालों से तूफान, आग और बदलते मौसम का सामना करते आए हैं। हाल ही में वैज्ञानिकों ने पाया है कि इनके आसपास की मिट्टी में सैकड़ों फंगस प्रजातियां पाई जाती हैं, जो जंगल के लिए बेहद जरूरी काम करती हैं। ये फंगस पौधों तक पानी और पोषक तत्व पहुंचाने, मिट्टी में कार्बन स्टोर करने और पूरे जंगल को पर्यावरणीय तनाव से बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। रिसर्च के अनुसार अगर एक हजार साल पुराने पेड़ को काट दिया जाए, तो केवल एक पेड़ नहीं खोता, बल्कि हजारों साल में विकसित हुआ पूरा अंडरग्राउंड इकोसिस्टम भी नष्ट हो जाता है। मेलबर्न यूनिवर्सिटी की शोधकर्ता केमिली ट्रुओंग बताती हैं कि हर पेड़ समान नहीं होता। बड़े और प्राचीन पेड़ की मिट्टी में छोटी पौधों की तुलना में दोगुनी फंगल विविधता पाई जाती है। जब एक विशाल पेड़ गायब होता है, तो उसके साथ सदियों पुराना वह नेटवर्क भी समाप्त हो जाता है, जो मिट्टी की उपजाऊ शक्ति और जंगल की मजबूती बनाए रखता है। एसपीयूएन की एड्रियाना कोरालेस के अनुसार यह विविधता जंगल की रेजिलिएंस या मजबूती को दर्शाती है।

# हिजबुल्लाह ने इजराइल पर 150 राकेट, ईरान ने एकीकृत अभियान में मिसाइल दागीं

**तेल अवीव, 12 मार्च (एजेंसियां)।**



ईरान समर्थित लेबनान के आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह ने बुधवार देरशाम इजराइल में कम से कम 150 राकेट दागे। इस दौरान ईरान ने भी एकीकृत अभियान (इंटीग्रेटेड आपरेशन) में मिसाइल दागी। 28 फरवरी से शुरू इस जंग में हिजबुल्लाह के इस हमले को सबसे बड़ा बताया जा रहा है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के गढ़ पर लड़ाकू विमानों से बमबारी की है। एक इजराइली अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्ष गंभीर तनाव की ओर बढ़ रहे हैं। हिजबुल्लाह ने कई घंटों तक हमला जारी रखा। हमले में राकेट के अलावा ड्रोन का भी प्रयोग किया गया। इस दौरान लाखों इजराइली घरों को छोड़कर आश्रय स्थलों पर पहुंच गए।

इजराइल के एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि हिजबुल्लाह ने यह हमला ईरान के समर्थन में शुरू किया है। इस अधिकारी ने रात लगभग आठ बजे ईरान ने एक मिसाइल से देश सेंट्रल इलाके को निशाना बनाया। इसी दौरान हिजबुल्लाह ने ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। उसने राकेट की बौछार कर दी। एक घंटे के अंतराल में कम से कम 100 राकेट दागे। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स ने इसे एकीकृत हमला बताया। इजराइल ने कहा कि ईरानी मिसाइलों ने देश के नार्थ और साउथ को टारगेट किया।

इजराइल ने कहा कि उसकी रक्षा प्रणाली ने ईरानी मिसाइलों को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट करते हुए हिजबुल्लाह के हमलों को भी विफल कर दिया। बावजूद इसके हमले के दौरान आग लग गई, और दो लोग मामूली घायल हो गए। मैगन डेविड एडोम एम्बुलेंस सर्विस ने कहा कि 35 साल की एक महिला और 50 साल का एक पुरुष इस हमले की चपेट में आ गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने कहा कि हिजबुल्लाह के हमले का संकेत मिलते ही लोगों को सावधान कर दिया गया। गैलिली और हाइफ़ा में सायरन बजाए गए। सायरन की आवाज लेबनान बार्डर से 50 किलोमीटर तक के इलाकों में सुनी गई। आईडीएफ का आकलन है कि हिजबुल्लाह ने उत्तर में कम से कम 150 राकेट दागे। इनमें से कई कई राकेट खुले इलाकों में भी गिरे।

### ईरान पर हमले से पहले ही चीनी कंपनी ने जारी की थीं अमेरिकी ठिकानों की तस्वीरें

**बीजिंग।** ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले से पहले इंटरनेट पर अमेरिकी सैन्य गतिविधियों से जुड़ी सैटेलाइट तस्वीरें तेजी से सामने आने लगी थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन तस्वीरों में अमेरिकी विमानों, एयरबेस और नौसैनिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई थी। दावा किया जा रहा है कि ये तस्वीरें एक चीनी जियोस्पेशियल इंटेलिजेंस कंपनी ने साझा की थीं, जो सैटेलाइट डेटा और एआई की मदद से सैन्य गतिविधियों का विश्लेषण करती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 28 फरवरी को ईरान पर पहली मिसाइल गिरने से पहले ही चीन के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अमेरिकी सैन्य तैयारियों के संकेत मिलने लगे थे। इन तस्वीरों में रनवे पर खड़े लड़ाकू विमान, रेगिस्तानी एयरफील्ड पर उतरते ट्रांसपोर्ट प्लेन और भूमध्यसागर में तैनात विमानवाहक पोत दिखाई दे रहे थे। इन तस्वीरों की खास बात यह थी कि इनमें विमानों के प्रकार, मिसाइल रक्षा प्रणाली और सैनिकों की तैनाती तक की जानकारी दी गई थी और यह विवरण अंग्रेजी की बजाय मंदारिन भाषा में लिखा था। विश्लेषकों के मुताबिक कंपनी ने सैटेलाइट तस्वीरों को ओपन-सोर्स फ्लाइट ट्रैकिंग और जहाज ट्रैकिंग डेटा के साथ जोड़कर एआई माडल के जरिए विश्लेषण किया था। इससे विमानों के प्रकार, एयर डिफेंस सिस्टम और सैनिकों की तैनाती जैसी जानकारी भी तस्वीरों में चिह्नित की गई थी। इसी बीच अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त सैन्य अभियान के तहत ईरान पर हवाई हमले शुरू किए, जिसके जवाब में ईरान ने मिसाइल और ड्रोन हमले किए। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान ने इन सैटेलाइट तस्वीरों का इस्तेमाल अपने हमलों को निर्देशित करने के लिए किया था या नहीं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की कंपनियां कमर्शियल सैटेलाइट डेटा, विमान ट्रैकिंग सिग्नल और जहाजों के ट्रैकिंग डेटा को जोड़कर जियोस्पेशियल इंटेलिजेंस तैयार करती हैं, जो आम तौर पर राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा तैयार किया जाता है। इसी वजह से कुछ विश्लेषक ऐसी कंपनियों को इंटेलिजेंस की ब्लूमबर्ग भी कहते हैं, क्योंकि ये अलग-अलग स्रोतों से मिले डेटा को एक प्लेटफार्म पर जोड़कर विश्लेषण प्रस्तुत करती हैं।

# यूएनएससी का बड़ा कदमः ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा, प्रस्ताव पारित



**जेनेवा, 12 मार्च (एजेंसियां)।**

मिडिल ईस्ट में जारी भीषण संघर्ष और अस्थिरता के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया है। बहरीन की अगुवाई में लाए गए इस प्रस्ताव में खाड़ी देशों पर ईरान द्वारा किए गए हालिया मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की गई है। गौरतलब है कि खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी संपत्ति और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए ये हमले, ईरान पर 28 फरवरी को शुरू हुए उन हमलों के जवाब में थे, जिनमें कथित तौर पर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की मृत्यु हो गई थी।

सुरक्षा परिषद में इस प्रस्ताव के पक्ष में कुल 13 मत पड़े, जबकि दो सदस्य देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। विशेष बात यह रही कि किसी भी सदस्य देश ने इस प्रस्ताव के खिलाफ वोट नहीं किया। भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि वह खुद भी इन हमलों के खतरों से अछूता नहीं है। वहीं, रूस और चीन इस मतदान प्रक्रिया से अनुपस्थित रहे।

पारित किए गए प्रस्ताव में ईरान द्वारा बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और जार्डन के विरुद्ध की गई सैन्य कार्रवाइयों को अंतरराष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन बताया गया है। सुरक्षा परिषद ने जोर देकर कहा कि ये हमले वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा हैं। प्रस्ताव में मांग की गई है कि ईरान इन देशों के खिलाफ अपनी सभी शत्रुतापूर्ण गतिविधियों को तुरंत रोके। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत देशों को प्राप्त सामूहिक आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि की गई है। परिषद ने होर्मुज जलडमरूमध्य और उसके आसपास के क्षेत्रों में नागरिक बुनियादी ढांचे, वाणिज्यिक जहाजों और आम लोगों को जानबूझकर निशाना बनाने की तीखी आलोचना की है। प्रस्ताव में चेतावनी दी गई है कि इस तरह के हमलों का वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर विनाशकारी प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा, सुरक्षा परिषद ने जीसीसी देशों और अन्य क्षेत्रीय मध्यस्थों के उन प्रयासों की सराहना की, जिनका उद्देश्य बातचीत के जरिए विवादों का शांतिपूर्ण समाधान निकालना है।

### 2024 वायआर4 नहीं टकरायेगा चांद से : वैज्ञानिक




**वाशिंगटन ।** साल 2024 में पहली बार देखा गया एस्टेरायड वायआर4 अंतरिक्ष चट्टान शुरू में वैज्ञानिकों के लिए चिंता का कारण बना था। शुरुआती गणनाओं में यह अनुमान लगाया गया कि 2032 में यह चांद के बेहद करीब से गुजर सकता है। कुछ विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि इसके टकराने की संभावना न के बराबर है, लेकिन फिर भी चर्चा शुरू हो गई थी क्योंकि अगर ऐसा होता, तो चांद की सतह पर बड़ा धमाका हो सकता था। हालांकि अब इस एस्टेरायड को लेकर पूरी कहानी बदल चुकी है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, नासा ने अब साफ किया है कि 2024 वायआर4 चांद से टकराने वाला नहीं है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि नए, अधिक सटीक डेटा के आधार पर इसका रास्ता पहले के अनुमान से थोड़ा अलग है। इसका मतलब है कि यह 2032 में चांद के पास से गुजर जाएगा, लेकिन टकराएगा नहीं। वैज्ञानिक इसे ब्रह्मांड का एक बड़ा यू-टर्न कह रहे हैं, क्योंकि पहले चर्चा में रहे खतरे की संभावना अब पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। एस्टेरायड 2024 वायआर4 का आकार लगभग 200 फीट यानी 60 मीटर बताया गया है। जब इसे पहली बार देखा गया, तब इसकी कक्षा पूरी तरह स्पष्ट नहीं थी। शुरुआती गणनाओं में दिसंबर 2032 में चांद के बेहद करीब से गुजरने की संभावना सामने आई थी, इसी कारण वैज्ञानिकों ने इस पर लगातार नजर रखी। बाद में जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से प्राप्त नए डेटा ने इसकी कक्षा की अधिक सटीक जानकारी दी।

# खाड़ी देशों में फंसे नेपाली नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए विकल्पों पर विचार

**काठमांडू, 12 मार्च (एजेंसियां)।**

खाड़ी देशों में फंसे नेपाली नागरिकों की सुरक्षित वापसी को लेकर नेपाल सरकार लगातार विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रही है। नेपाल का विदेश मंत्रालय कूटनीतिक पहल तक के विकल्प पर विचार कर रहा है।

नेपाल के विदेश सचिव अमृत राई ने बताया कि उनके समन्वय में गठित आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम की बैठक जारी है। उन्होंने बताया कि खाड़ी देशों से वापसी का इंतजार कर रहे पचास हजार नेपाली नागरिको की सुरक्षित वतन वापसी को लेकर योजना तैयार की जा रही है।

बैठक में खाड़ी देशों के विमानस्थल पर ट्रांजिट के लिए फंसे नेपाली नागरिकों को प्राथमिकता में रख कर वापसी शुरू किए जाने के बाद इसको निरंतरता देने का फैसला किया गया। नेपाल एयरलाइंस का विशेष विमान भेजकर दुबई के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ट्रांजिट में




फंसे नेपाली नागरिकों का पहला जत्था काठमांडू पहुंचा है।

विदेश सचिव राई ने बताया कि अब नियमित रूप से विशेष विमान भेज कर नेपाली नागरिकों को वहां से सुरक्षित लाने का फैसला किया गया है। इसके लिए नेपाल एयरलाइंस का विमान उपयोग किया जाएगा। साथ ही नेपाल सरकार ने फ्लाई दुबई और एमिरेट्स एयर के विमानों को भी नेपाली नागरिकों के सुरक्षित वापसी के लिए किराए पर लेने के का फैसला किया गया है।

विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक खाड़ी देशों में रहे करीब 50 हजार नेपाली नागरिकों ने नेपाल वापसी के लिए आनलाइन आवेदन दिया है। सरकार इनकी सुरक्षा की प्राथमिकता को तय कर इनके वापसी की सभी संभावनाओं पर काम कर रही है।

नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार, बैठक में नेपाली नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक समन्वय और पहल जारी रखने, जरूरत पड़ने पर उड़ान संचालन की संभावना का अध्ययन करने तथा आपातकालीन नियंत्रण कक्ष के माध्यम से नेपाल के कूटनीतिक मिशनों से संपर्क करने वालों को सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

# युद्ध से रूस की चमकी किस्मत : तेल की बढ़ती कीमतों ने पुतिन के युद्ध फंड को किया मालामाल

**मास्को, 12 मार्च (एजेंसियां)।**

**पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच छिड़ा भीषण संघर्ष न केवल खाड़ी देशों को दहला रहा है, बल्कि इसका एक अप्रत्याशित और गहरा असर हजारों किलोमीटर दूर चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध पर भी पड़ रहा है। मिडिल ईस्ट में बढ़ती अस्थिरता के कारण वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिसका सबसे बड़ा और सीधा फायदा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मिल रहा है।**



तेल की इन बढ़ती कीमतों ने रूस की उन तमाम आर्थिक बाधाओं को दूर कर दिया है, जो पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए कड़े प्रतिबंधों के कारण पैदा हुई थीं। इस पूरे घटनाक्रम में स्ट्रेट आफ होर्मुज (हार्मुज जलडमरूमध्य) की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होकर उभरी है। यह जलमार्ग दुनिया का सबसे प्रमुख एनर्जी चोकपाइंट है, जहां से वैश्विक तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। ईरान युद्ध के कारण इस समुद्री रास्ते पर पैदा हुई रुकावटों ने दुनिया भर के देशों को मजबूर कर दिया है कि वे ऊर्जा आपूर्ति के लिए फिर से रूस का रुख करें। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने भी स्वीकार किया है कि रूसी ऊर्जा की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है और बाजार अब एक भरोसेमंद सप्लायर के रूप में रूस की ओर देख रहे हैं। यूक्रेन पर हमले के बाद रूस का यूराल्स क्रूड अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी सस्ता बिक रहा था, लेकिन ईरान संकट ने पासा पूरी तरह पलट दिया है। अब रूसी तेल न केवल महंगा हुआ है, बल्कि यह ब्रेंट क्रूड के मुकाबले प्रीमियम कीमतों पर बिक रहा है। भारत जैसे बड़े तेल खरीदारों के लिए रूस अब सबसे प्रमुख विकल्प बन गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अमेरिका ने भी भारत को समुद्र में फंसे रूसी तेल को खरीदने के लिए 30 दिनों की विशेष छूट दी है, ताकि वैश्विक बाजार में तेल की किल्लत को संतुलित किया जा सके। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान संकट से पहले रूस अपनी सैन्य अर्थव्यवस्था को लेकर काफी दबाव में था, लेकिन तेल की कीमतों में पिछले एक हफ्ते में हुई 25 से 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी ने पुतिन को एक नई लाइफलाइन दे दी है। यूराल्स क्रूड की कीमत 45 डालर से उछलकर करीब 68 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। यह अतिरिक्त मुनाफा सीधे रूस के युद्ध कोष में जा रहा है, जिससे यूक्रेन की उन कोशिशों पर पानी फिरने का खतरा पैदा हो गया है, जिसका मकसद रूस की आय के स्रोतों को नष्ट करना था।

# सदन में मर्यादाओं को बनाये रखने के लिए हो सामूहिक संकल्प : बिरला



**नयी दिल्ली, 12 मार्च (एजेंसियां)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि सदन नियम परंपराओं से चलता है तथा इसमें अच्छी परंपराओं एवं मर्यादाओं को बनाए रखने के लिए सामूहिक संकल्प लिया जाए और सामूहिक विचार-विमर्श हो।

श्री बिरला अपने खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के लोकसभा में खारिज होने के बाद आज सदन में आये। उन्होंने कहा मैंने अपने नैतिक कर्तव्य का पालन करते हुए अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिए जाने के साथ ही लोकसभा की कार्यवाही के संचालन से खुद को अलग कर लिया था। सदन द्वारा मुझ पर व्यक्त किए गए विश्वास के लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं, इस विश्वास को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और संवैधानिक मर्यादा के साथ निभाऊंगा। उन्होंने कहा, कि कुछ सदस्यों का मानना था कि नेता प्रतिपक्ष सदन से ऊपर हैं और किसी भी विषय पर बोल सकते हैं, लेकिन ऐसा विशेषाधिकार किसी को नहीं है और चाहे प्रधानमंत्री हों, मंत्री हों, विपक्ष के नेता हों या अन्य सदस्य, सभी को नियम के अनुसार ही बोलने का अधिकार है। ये नियम सदन ने ही बनाए हैं और मुझे विरासत में मिले हैं।

उन्होंने कहा मैंने हमेशा यह प्रयास किया है कि लोकसभा में हर सदस्य नियमों के अनुसार अपने विचार रखें, इसके लिए सभी को समय देने का प्रयास किया है ताकि सदन की कार्यवाही निष्पक्षता, अनुशासन, संतुलन और नियमों के साथ संचालित हो।

अध्यक्ष ने कहा प्रत्येक सांसद लाखों नागरिकों के जनादेश को लेकर आते हैं। मैंने हमेशा ये प्रयास किया कि सदन के अंदर प्रत्येक सदस्य नियमों और प्रक्रियाओं के तहत अपने विचार व्यक्त करें। मैंने सभी सांसदों को समय देने का प्रयास किया। मैंने उन सांसदों को कार्यवाही में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया, जो संकोच करते हैं या नहीं बोलते हैं। मैंने ऐसे सांसदों को अपने कक्ष में बुलाकर उन्हें बात रखने की अपील की। सदन में बोलने से सदन मजबूत होता है। ये सदन विचारों का चर्चा का जीवंत मंच रहा है। हमारे संसदीय परंपरा में सहमति और असहमति की महान परंपरा रही है।

उन्होंने आसन द्वारा विपक्षी सदस्यों के बोलते समय माइक बंद किए जाने के आरोपों पर कहा कि अध्यक्ष के पास माइक ऑन करने या बंद करने का अधिकार नहीं है। विपक्ष के जो नेता पीठासीन सभापति होते हैं उन्हें इस बात की जानकारी है। श्री बिरला ने कहा कि मेरा हमेशा प्रयास रहा है कि सदन की गरिमा, मर्यादा और प्रतिष्ठा में उत्तरोत्तर वृद्धि होती रही। श्री बिरला ने कहा कि उन्होंने हमेशा यह प्रयास किया है कि लोकसभा में प्रत्येक सदस्य नियमों के अनुसार अपने विचार रखें, इसके लिए सभी को समय देने का प्रयास किया है। मैंने हमेशा यह प्रयास किया कि सदन की कार्यवाही निष्पक्षता, अनुशासन, संतुलन और नियमों के साथ संचालित हों।

उन्होंने बताया कि सदन में पिछले दो दिनों में 12 घंटे से अधिक बहस हुई, ताकि सभी सदस्यों के विचार और चिंताएं सामने आ सकें। उन्होंने कहा यह सदन 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। यहां हर सांसद अपनी जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं के साथ आता है। मैंने हमेशा कोशिश की कि हर सांसद नियमों के तहत अपनी बात रखे। मैं हर उस सांसद को बोलने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करता रहा जो कम बोलते थे, क्योंकि बोलने से लोकतंत्र का संकल्प मजबूत होता है।

उन्होंने सदन को विचारों का जीवंत मंच बताते हुए कहा कि पिछले दो दिन में सभी सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना। हर सदस्य का आभारी हूं, चाहे वे आलोचक ही क्यों न रहे हों। यही विशेषता है कि यहां हर आवाज सुनी जाती है। यह आसन किसी व्यक्ति का नहीं है, यह लोकतंत्र की महान भावना का प्रतिनिधि है। श्री बिरला ने विपक्ष की शिकायतों का भी जवाब दिया। कुछ सदस्यों का कहना था कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने से रोका जाता है। इस पर उन्होंने कहा मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि कोई भी हो, उसे सदन में नियमों के तहत बोलने का अधिकार है। कुछ लोगों का मानना था कि सदन के नेता हर नियम से ऊपर हैं। मैं साफ कर दूं कि ऐसा नहीं है। ये नियम मुझे विरासत में मिले हैं और इन्हें पालन करना अनिवार्य है। चाहे प्रधानमंत्री ही क्यों न हों, नियम 372 के तहत उन्हें पहले अध्यक्ष से अनुमति लेना अनिवार्य है। जब कोई सदस्य इस सदन की मर्यादा के खिलाफ जाते हैं तो मुझे कठोर निर्णय लेने की व्यवस्था देनी पड़ती है। नियमों के तहत किसी भी सदस्य को सदन में बोलने की आजादी तो है, लेकिन नियमों की सीमा में रहकर।

उन्होंने कहा कि चर्चा के दौरान कुछ लोगों ने माइक बंद करने का आरोप लगाया। आसन के पास माइक बंद करने का बटन नहीं होता। विपक्ष में कई लोग इस आसन पर बैठते हैं, उन्हें इसके बारे में पता है।

उन्होंने संसदीय परंपराओं का जिक्र करते हुए कहा कि 1957 में जब अटल बिहारी बाजपेयी ने जम्मू कश्मीर से संबंधित कुछ फोटो सदन में रखने चाहे तो अध्यक्ष ने पहले उन्हें दिखाने का निर्देश दिया और अटल जी उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि 1958 में भी कई उदाहरण हैं जब बिना अध्यक्ष की अनुमति दस्तावेज सदन में नहीं रखे गये। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के निणर्य से कोई भी सदस्य सहमत या असहमत हो सकता है, लेकिन नियमों और परंपराओं को लागू करना उनका कर्तव्य है।

उन्होंने कहा, सदन की ओर से मुझ पर व्यक्त किये गये विश्वास के लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं। इस विश्वास को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और संवैधानिक मर्यादा के साथ निभाउंगा। श्री बिरला ने कहा, बजट पर चर्चा के दौरान कुछ महिला सदस्यों ने ट्रेजरी बेंच की तरफ जाकर नारेबाजी करने की कोशिश की। यह अप्रत्याशित घटना थी, इसलिए मैंने सदन में सत्ता पक्ष के नेता को सदन में न आने का आग्रह किया। मेरी कोशिश रहती है कि भले ही देर रात तक बैठना हो, मैं सबके बोलने के बाद ही सदन से जाता हूं। मुझे खुशी है कि जो भी सदन में बोलना चाहता था, उसे एक साल के अंदर ही मैंने बोलने का मौका दिया। उन्होंने कहा , मेरा दल से ऊपर उठकर सभी सदस्यों से व्यक्तिगत संबंध आज भी है। लेकिन सदन की व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भी मेरी है। हमें विचार करना होगा कि इस सदन को निलंबन जैसे कठोर निर्णय क्यों लेने पड़े। मैं अक्सर आग्रह करता हूं कि सदन की गरिमा बनी रहे। लेकिन जब सदन के सदस्य नहीं मानते, तो सदन स्थगित करना पड़ता है।

## मुर्मू ने कृषि-खाद्य प्रणाली में महिलाओं की अग्रणी भूमिका को सराहा – 'लखपति दीदी' और 'ड्रोन दीदी' को बताया गेम-चेंजर



**नयी दिल्ली, 12 मार्च (एजेंसियां)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरूवार को कहा कि महिलाएं फसल की बुवाई, कटाई, प्रसंस्करण और विपणन से लेकर मछली पालन, पशुपालन और डेयरी जैसे क्षेत्रों में अथक परिश्रम करती हैं।सुश्री मुर्मू आज यहां 'कृषि-खाद्य प्रणाली में महिलाओं की भूमिका' पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने अपने संबोधन में कृषि अर्थव्यवस्था में महिलाओं के अमूल्य योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर उन्होंने महिला किसानों की सफलता की कहानियों पर आधारित पुस्तक 'वूमेन एंड एग्रीकल्चर - शेपिंग द फ्यूचर टुगेदर' का विमोचन भी किया। उन्होंने पद्मश्री से सम्मानित महिला किसानों जैसे राहीबाई सोमा पोपरे (सीड मदर) और रंगम्माल पापम्माल के उदाहरण देते हुए महिलाओं को कृषि जगत की वास्तविक शक्ति बताया। सशक्तिकरण के सरकारी प्रयासों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने बताया कि केंद्र सरकार ने 06 करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 03 करोड़ महिलाएं पहले ही यह मुकाम हासिल कर चुकी हैं। उन्होंने 'नमो ड्रोन दीदी' योजना की सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीक के माध्यम से महिलाएं अब खेती को आधुनिक बना रही हैं।

वित्तीय समावेशन का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जन धन योजना के 56 प्रतिशत खाते और मुद्रा लोन के 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। राष्ट्रपति ने बजट 2026-27 में घोषित 'शी-मार्ट' पहल की भी सराहना की, जो ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों के लिए हर जिले में रिटेल आउटलेट उपलब्ध कराएगी। राष्ट्रपति ने कृषि शिक्षा और नवाचार में बेटियों की बढ़ती भागीदारी पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में छात्राओं की संख्या अब 50 से 60 प्रतिशत तक पहुँच गई है। अमूल के 'सरलाबेन ऐप' जैसे तकनीकी नवाचारों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एआई और डिजिटल तकनीक से महिलाएं न केवल खेती बल्कि उद्यमिता के क्षेत्र में भी ऊंचाइयों को छू रही हैं।

## ऊर्जा संकट से निपटने के लिए अमेरिका का बड़ा कदम रणनीतिक भंडार से जारी करेगा 17.2 करोड़ बैरल कच्चा तेल



**न्यूयॉर्क, 12 मार्च (एजेंसियां)।** ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच बढ़ती तेल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए अमेरिका ने अपने रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व से 17.2 करोड़ बैरल तेल बाजार में जारी करने की घोषणा की है।

अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक बयान में बताया कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के 32 सदस्य देश राष्ट्रपति ट्रंप के उस अनुरोध पर सर्वसम्मति से सहमत हो गए हैं, जिसमें ऊर्जा की कीमतों को कम करने के लिए एक समन्वित प्रयास के तहत अपने संबंधित भंडारों से कुल 40 करोड़ बैरल तेल और रिफाइंड उत्पाद जारी करने की बात कही गई थी।

ऊर्जा मंत्री के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऊर्जा मंत्रालय को अपने हिस्से के 17.2 करोड़ बैरल तेल जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। यह प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू होगी और योजनाबद्ध डिस्चार्ज रेट के आधार पर इसे बाजार तक पहुँचाने में लगभग 120 दिन लगेंगे।

श्री राइट ने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका ने अगले एक वर्ष के भीतर इन रणनीतिक भंडारों की भरपाई करने के लिए लगभग 20 करोड़ बैरल तेल की व्यवस्था पहले ही कर ली है।

विशेषज्ञों का मानना है कि 'होर्मुज जलडमरूमध्य' में ईरान की घेराबंदी और वैश्विक तेल आपूर्ति में आए व्यवधान के कारण जो कीमतें आसमान छू रही थीं, इस फैसले से उन्हें कुछ हद तक स्थिर करने में मदद मिल सकती है।

## सरकार एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित करने की संभावनाओं पर ध्यान दे : राहुल



**नयी दिल्ली, 12 मार्च (एजेंसियां)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में रसोई गैस और तेल की किल्लत का यह शुरुआती दौर है और बदले माहौल में सरकार को ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदर उठाने चाहिए।श्री गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुरुवार को कहा देश में एलपीजी और तेल की जो स्थिति है, वो अभी शुरुआत है। इस बारे में मैं सदन में बोलना चाहता था, लेकिन कोई नई प्रक्रिया शुरू हुई है। इसमें मंत्री पहले तय करेंगे, फिर मैं बोलूंगा और फिर मंत्री उस पर जवाब देंगे। अभी तैयारी करने की जरूरत है, क्योंकि अभी हमारे पास समय है। प्रधानमंत्री और सरकार को तुरंत इस समस्या से निकलने के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। अगर तैयारी नहीं की तो करोड़ों लोगों का नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि यह इससे भी बड़ा मुद्दा है कि ईरान हमें ईंधन लेने देता है या नहीं। यह अस्थिरता की तरफ बढने की स्थिति है और जब आप अस्थिर समय में जाते हैं तो इस हाल में मानसिकता बदलने लगती है क्योंकि यह पहले जैसी में नहीं रह सकती इसलिए सरकार को सुझाव है कि वह संभावनाओं के बारे में गहराई से सोचना शुरू करे और यह सुनिश्चित करने को कदम उठाए कि लोगों को परेशानी न हो। श्री गांधी ने कहा, मैं कोई राजनीतिक बयान नहीं दे रहा हूं। मैं सिर्फ इतना कह रहा हूं कि मुझे आगे बड़ी समस्या नजर आ रही है। अगर ईरान के स्तर पर यह समस्या बनी हुई है, तब भी यह ठीक नहीं होगी क्योंकि दुनिया बदल रही है, समाधान बदल रहा है इसलिए हमें माइंडसेट रीसेट करना होगा। अगर हम माइंडसेट नहीं बदलेंगे, स्पष्टता नहीं रखेंगे और हिंदुस्तान को सेंटर में रखकर काम नहीं करेंगे तो समस्या होगी। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला किया और कहा, यहां एक समस्या यह है कि प्रधानमंत्री देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने में सक्षम नहीं हैं और इसकी वजह यह है कि वह फँस गये हैं। लेकिन उन्हें अब भी यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत है कि भारत के लोग सुरक्षित हैं और हमारी ऊर्जा सुरक्षा संरक्षित है। मुझे उम्मीद है कि सरकार मेरी बात सुनेगी।

## सीबीआई ने धोखाधड़ी मामले में 15 जगहों पर तलाशी ली

**नयी दिल्ली, 12 मार्च (एजेंसियां)।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब में 15 जगहों पर संगठित ऑनलाइन निवेश और पार्ट टाइम नौकरी से जुड़े एक धोखाधड़ी के मामले में तलाशी ली।

ब्यूरो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह मामला भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) से मिली जानकारी के आधार पर दर्ज किया गया था। आरोप है कि एक संगठित आपराधिक गिरोह द्वारा चलाई जा रही धोखेबाज़ ऑनलाइन योजना के ज़रिए हज़ारों अनजान भारतीय नागरिकों से करोड़ों रुपये ठगे गए हैं।

उन्होंने कहा, 'जांच से पता चला कि नेटवर्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, मोबाइल एप्लिकेशन और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग सर्विस का इस्तेमाल करके पीड़ितों को ऑनलाइन निवेश से ज़्यादा रिटर्न और पार्ट-टाइम नौकरी के मौकों का लालच दिया। पीड़ितों को शुरू में छोटी रकम जमा करने के लिए उकसाया गया और उनका भरोसा जीतने के लिए उन्हें नकली मुनाफ़ा दिखाया गया, जिसके बाद उन्हें बड़ी रकम निवेश करने के लिए मनाया गया। पैसे को छिपाने के लिए धोखाधड़ी वाले पैसे को कई म्यूल बैंक खातों के ज़रिए तेज़ी से स्थानांतरित कर दिया गया।'

जांच एजेंसी ने कहा कि बाद में अंतरराष्ट्रीय लेन देन के लिए डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करके ऑफशोर एटीएम से पैसे निकाले गए और वीज़ा और मास्टरकार्ड भुगतान




नेटवर्क का इस्तेमाल करके विदेशी फिनटेक प्लेटफॉर्म, खासकर पीवाईवाईपीएल पर वॉलेट टॉप-अप के ज़रिए पैसे निकाले गए। ये लेन देन बैंकिंग प्रणाली में पॉइंट-ऑफ-सेल लेन देन के तौर पर दिखे।

जांच एजेंसी ने दिल्ली-गुरुग्राम सीमा पर बिजवासन गांव में रहने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट अशोक कुमार शर्मा की पहचान म्यूल खाते और विदेशी वित्तीय चैनलों के नेटवर्क के ज़रिए सैकड़ों करोड़ रुपये निकालने वाले सिंडिकेट के कथित सरगना के तौर पर की। अपराध से हुई कमाई का कुछ हिस्सा क्रिप्टोकरेंसी में भी बदला गया।

जांच में नेटवर्क की एक और बड़ी शाखा का पता चला, जिसके ज़रिए अशोक कुमार शर्मा पर शक है कि उसने अकेले पिछले साल लगभग 900 करोड़ रुपये निकाले। धोखाधड़ी के पैसे को 15 फर्जी कंपनियों से जुड़े खातों में जमा किया गया और दो कंपनियों के ज़रिए भेजा गया।

जांच से पता चला कि इन कंपनियों ने भारत में मौजूद वर्चुअल सम्पति एक्सचेंज के ज़रिए कमाई को यूएसडीटी में बदला और क्रिप्टोकरेंसी को अपने अनुमति सूची में स्थानांतरित कर दिया।सीबीआई ने पहले सितंबर 2025 में इन कंपनियों द्वारा इस्तेमाल किए गए बैंक खातों और उनमें पड़े पैसे को जब्त कर दिया था। इन कंपनियों के निदेशकों के घरों और आधिकारिक जगहों पर तलाशी ली गई।

उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान, गिरोह के कामकाज से जुड़े कुछ दस्तावेज और डिजिटल सबूत मिले। यह भी पता चला कि कई अनजान लोगों को धोखे से फर्जी कंपनियों का निदेशक बनाया गया था और उनके पंजीकरण के लिए धोखे से मिले दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था।

उन्होंने बताया कि अशोक शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीबीआई विदेशी नागरिकों समेत दूसरे आरोपियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए काम कर रही है, और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली के ज़रिए अपराध से हुई कमाई का पता लगाकर उसे फ्रीज़ कर रही है।

## रसोई गैस की कमी मोदी की कूटनीतिक विफलता : खरगे



**नयी दिल्ली, 12 मार्च (एजेंसियां)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कूटनीतिक रूप से विफल होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश रसोई गैस की कमी के संकट से जूझ रहा है और श्री मोदी अपनी सरकार की इस विफलता पर ध्यान देने की बजाय चुनावी दौरों में व्यस्त हैं।

श्री खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में गुरुवार को कहा, जब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है तो प्रधानमंत्री मोदी जी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं।

उन्होंने कहा कि देशभर में एलपीजी की भारी कमी है और लोग कतारों में खड़े हैं। कितने सारे छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का ख़ामियाज़ा भुगतने पर मजबूर हैं। पर सरकार के पास केवल झूठे दावे के अलावा कोई जवाब नहीं।

श्री खरगे ने एलपीजी संकट को सरकार की कूटनीतिक विफलता बताया और कहा कूटनीति की विफलता गंभीर मुद्दा है और ऊर्जा प्रबंधन की नाकामी का नतीजा आज देश की 140 करोड़ जनता भुगत रही है।

उन्होंने श्री मोदी को संबोधित करते हुए लिखा नरेन्द्र मोदी जी, बहुत हुई 'मन की बात' जरा संसद में आकर करिये 'मुद्दे की बात।

## सुरक्षा और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए रेलवे कर रही है एआई का इस्तेमाल : वैष्णव



**नयी दिल्ली, 12 मार्च (एजेंसियां)।**भारतीय रेलवे तकनीकी सुधार, दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने की दिशा में लगातार प्रयासरत है तथा इस दिशा में स्मार्ट मॉनिटरिंग को अपनाकर सुरक्षा एवं परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए उन्नत कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) और मशीन लर्निंग उपकरणों को तैनात किया है।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को लोकसभा में रेलवे से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि कोहरे, बारिश और खराब मौसम के दौरान लोको पायलटों को बेहतर दृश्यता प्रदान करने के लिए अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा ट्राई-नेत्रा (टेरेन इमेजिंग फॉर लोकोमोटिव ड्राइवर्स- इन्फ्रारेड, एन्हांस्ड ऑप्टिकल एंड रेंजिंग डिवाइस असिस्टेड) द्वारा त्रि-नेत्र प्रणाली विकसित की जा रही है।

## रूस के शिवेलुच ज्वालामुखी में विस्फोट, राख का गुबार आठ किमी ऊंचाई तक उठा

**व्लादिवोस्तोक, 12 मार्च (एजेंसियां)।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर शिवेलुच ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद आसमान में आठ किलोमीटर की ऊंचाई तक धुएं और राख का गुब्बार फैल गया। कामचटका ज्वालामुखी विस्फोट प्रतिक्रिया दल ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

रूसी विज्ञान अकादमी के ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान संस्थान की टीम ने गुरुवार को बताया, ज्वालामुखी में विस्फोट के साथ-साथ उत्सर्जन गैस और भाप भी निकला।

## ईरान पर अमेरिकी हमलों के पहले छह दिनों का खर्च 11.3 अरब डॉलर पहुँचा, पेंटागन ने कांग्रेस को सौंपी रिपोर्ट

**वाशिंगटन, 12 मार्च (एजेंसियां)।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के अधिकारियों ने अमेरिकी सांसदों को जानकारी दी है कि ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य अभियान के पहले छह दिनों में ही 11.3 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का खर्च आ चुका है।



रिपोर्ट के अनुसार, यह आंकड़ा कांग्रेस को प्राप्त अब तक का सबसे व्यापक प्रारंभिक अनुमान है। हालांकि, इसमें हमले शुरू होने से पहले सैन्य साजो-सामान और कर्मियों की तैनाती पर हुआ खर्च शामिल नहीं है। सांसदों का मानना है कि जैसे-जैसे पेंटागन पहले सप्ताह के खर्चों की पूरी गणना करेगा, यह संख्या काफी बढ़ सकती है।

अभियान के शुरुआती दिनों में अमेरिका ने अत्यधिक सक्षम और सटीक निशाना लगाने वाले 'एजीएम-154 ग्लाइड बम' जैसे हथियारों का इस्तेमाल किया है। इनमें से एक अकेले बम की कीमत 5.7 लाख डॉलर से 8.3 लाख डॉलर के बीच होती है। अमेरिकी नौसेना ने करीब दो दशक पहले ऐसे 3,000 बम खरीदे थे, जिनका अब बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है।

इससे पहले एक रिपोर्ट में बताया था कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किए गए हमलों के पहले दो दिनों में ही लगभग 5.6 अरब डॉलर के हथियारों का इस्तेमाल कर लिया गया था।

रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि जिस तेजी से युद्ध का खर्च बढ़ रहा है, वह अमेरिकी बजट और घरेलू राजनीति के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकता है। विशेष रूप से तब, जब यह अभियान लंबा खिंचने के आसार दिख रहे हैं।





डायबिटीज पर काबू पाने के लिए ज्यादातर लोग दवाओं व डॉक्टरों पर ही निर्भर होते हैं। लेकिन अगर आप अपनी लाइफस्टाइल में थोड़ा सा बदलाव करेंगे तो दवाओं पर आपकी निर्भरता काफी हद तक कम हो सकती है।

# डायबिटीज के इलाज के बेहतरीन उपाय

मधुमेह की जांच डायबिटीज रोगी अगर अपने खान-पान में थोड़ी सी सावधानी बरतें। व्यायाम को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। या अन्य चीजों को शामिल कर लें तो वे काफी हद तक आम लोगों की तरह जीवन जी सकते हैं। जानें हमारे साथ डायबिटीज के इलाज के बेहतरीन उपायों के बारे में-

## मोटापे से बचें

डायबिटीज में रोगियों को अपने वजन पर काबू रखना बहुत जरूरी होता है। डायबिटीज रोगियों में मोटापा कई अन्य खतरों का संकेत हो सकता है, जैसे हृदयाघात, उच्च रक्तचाप व दिल का दौरा आदि। मोटापा इंसुलिन की ताकत घटाता है। इसके कारण शरीर में बनी इंसुलिन कोशिकाओं तक नहीं पहुंच पाती है।

## व्यायाम जरूरी

डायबिटीज में रोगियों को शारीरिक गतिविधि करना फायदेमंद होता है। यह रोगी को फिट बनाए रखने में मदद करता है। अध्ययन बताते है की रोज एक्सरसाइज करने से मेटाबॉल्जिम भी अच्छा रहता है। मॉर्निंग वॉक, जॉगिंग व साइक्लिंग करने से रोगी चुस्त व दुरुस्त रहते हैं।

## चोट को ना करें नजरअंदाज

मधुमेह में प्रतिरक्षा प्रणाली यानी इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है जिसकी वजह से चोट जल्दी ठीक नहीं होती है। इस लिए चोट या घाव हो जाये तो उसका तुरंत इलाज करें और डॉक्टर से संपर्क करें।

## शलजम खाएं

मधुमेह रोगियों को खाने में शलजम का प्रयोग करना चाहिए। इसके प्रयोग से भी रक्त में स्थित शर्करा की मात्रा कम हो जाती है। इसलिए शलजम की सब्जी या सलाद के रुप में शलजम का सेवन करना चाहिए।

## थोड़ी-थोड़ी देर में खाएं

रोगियों को एक साथ ज्यादा भोजन करने से बचना चाहिए। अध्ययन बताते है की थोड़े-थोड़े अन्तराल में भोजन करने से पोषक तत्व ज्यादा अवशोषित होते हैं और शरीर में फैट कम जमा होता है जिससे इन्सुलिन नार्मल हो जाती है।

## जामुन है फायदेमंद

डायबिटीज रोगियों के लिए जामुन का सेवन फायदेमंद है। जामुन की गुठली भी बहुत फायदेमंद होती है। इसके बीजों में जाम्बोलिन नामक तत्व पाया जाता है, जो स्टार्च को शर्करा में बदलने से रोकता है। गुठली का बारीक चूर्ण बनाकर रख लेना चाहिए। दिन में दो-तीन बार तीन ग्राम चूर्ण का पानी के साथ सेवन करने से मूत्र में शर्करा की मात्रा कम होती है।

## ब्लड शुगर की जांच

रोगियों को नियमित रुप से ब्लड शुगर चेक करते रहना चाहिए। आप चाहें तो ब्लड ग्लूकोज मोनिटर के जरिए घर पर ही यह जांच कर सकते हैं। इसमें आपके रक्त की कुछ बूंदे चाहिए होती है जिससे आप ये जान सकते है की आपका ब्लड शुगर नार्मल है या नहीं।

## लाल मांस है नुकसानदेह

लाल मांस में फोलिफेनोल्स पाया जाता है जो की ब्लड में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा देता है। लाल मांस में जटिल प्रोटीन पाया जाता है, जो बहुत धीरे-धीरे पचता है इसलिए लाल मांस मेटाबॉलिज्म को धीमा करता है जिसकी वजह से इंसुलिन के बहाव पर असर पड़ता है।

## डॉक्टर की सलाह पर चलें

डायबिटीज रोगियों के लिए बहुत जरूरी है कि वे डॉक्टर की सलाह के अनुसार कार्य करें। डॉक्टर की सलाह के अनुसार ही अपना खानपान तय करें।

# तीन घंटे रोज टीवी देखना खतरनाक



तीन घंटों तक लगातार टेलीविजन देखने वालों के लिए यह एक चेतावनी है कि बुद्धू बक्से से चिपके रहने की आदत उन्हें बीमारियों की चपेट में जकड़ सकती है।

*हॉर्वर्ड स्कूल* ऑफ पब्लिक हेल्थ (एचएसपीएच) के हाल में किए गए एक अध्ययन के अनुसार ज्यादा समय तक टीवी देखने से टाइप टु मधुमेह, हृदय रोग और समय पूर्व मौत का खतरा बढ़ जाता है।

## ज्यादा समय तक नहीं देखें

अध्ययन में शामिल रहे रिसर्चर्स का कहना है कि रोजाना दो घंटे से अधिक समय तक टीवी देखने से मधुमेह और हृदय संबंधी रोग का खतरा बढ़ता है और रोजाना तीन घंटे से ज्यादा टीवी देखने पर समय पूर्व मौत के आसार बढ़ जाते हैं। रोजाना दो घंटा अतिरिक्त समय तक टेलीविजन देखने से टाइप टु मधुमेह का खतरा 20 प्रतिशत, हृदय रोग का खतरा 15 प्रतिशत और समय पूर्व मौत का खतरा 13 फीसदी तक बढ़ जाता है। एचएसपीएच के प्रोफेसर फ्रैंक हू ने कहा, संदेश स्पष्ट है। टीवी देखना कम करो और टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग तथा समय पूर्व मौत के खतरे से बचो।

# घर पर कैसे करें त्वचा की देखभाल




त्वचा की देखभाल का जिक्र आते ही अक्सर लोग बाजार के महंगे उत्पादों के बारे में ही सोचते हैं। लेकिन क्या आपने कभी घर पर प्राकृतिक चीजों से बने सौंदर्य प्रसाधनों के प्रयोग के बारे में सोचा है। ये सौंदर्य प्रसाधन बिना किसी साइड इफेक्ट के आपको बेदाग निखार देते हैं।

**खूबसूरत महिला** - प्रकृति के कण-कण में खूबसूरती बिखरी हुई है। और इसी प्रकृति की गोद से निकले प्राकृतिक उपाय आपको कितना खूबसूरत बना सकते हैं। खूबसूरती पाना एक सफर है और इसके लिए कदम-दर-कदम बढ़ना होता है। त्वचा की देखभाल के लिए सबसे पहला स्टेप होता है चेहरे की सफाई यानी की क्लीजिंग। हर दिन त्वचा धूल-मिट्टी व प्रदूषण के संपर्क में आती है, जो केवल पानी से साफ नहीं हो पाती। अगर त्वचा को हर दिन क्लीन न की जाए, तो रोम छिद्र बंद हो जाते हैं। धूप व प्रदूषण के कारण स्किन बेजान, टैन व झुरिर्यों युक्त हो जाती है। जानिए हमारे साथ घर पर रोजाना क्लीजिंग, टोनिंग व मॉइश्चराइजिंग करने के आसान टिप्स।

**क्लीजिंग** - चेहरे को प्राकृतिक रुप से साफ करने के लिए घर पर बने क्लींजर का प्रयोग कर सकती हैं। खीरे का रस को थोड़े से दूध के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाएं। यह नेचरल क्लींजर का काम करेगा। इसके अलावा, केले को मैश करके लगभग 20 मिनट के लिए चेहरे पर लगाकर रखें। यह ड्राई स्किन के लिए बेहद फायदेमंद है।

**टोनिंग** - क्लीजिंग के बाद त्वचा को टोनिंग अर्थात पोषण की जरूरत होती है। टोनिंग से त्वचा में मौजूद अतिरिक्त तेल का स्राव नियंत्रित होता है और त्वचा में धूल-मिट्टी के कारण जमा गंदगी भी साफ होती है। त्वचा के प्रकार को देखते हुए त्वचा की क्लींजिंग और टोनिंग करें। इस के लिए पपीते और खीरे, टमाटर का जूस व केले का पल्प भी लगा सकती हैं।

**स्क्रबिंग** - त्वचा की सफाई के लिए स्क्रबिंग भी अच्छा उपाय है। यह त्वचा की बाहरी मृत परत को यह आसानी से हटाता है। साथ ही अतिरिक्त सीबम के बहाव के कारण बंद हुए रोमकूपों को खोलता है ताकि ब्लैकहेड्स न बनने पाएं। सीबम त्वचा का प्राकृतिक मॉश्चराइजर होता है। स्क्रबिंग से त्वचा का रक्तसंचार व लचीलापन बढ़ता है। ऑरेंज पील पाउडर में कुछ बूंदे एसेंशियल ऑयल व दूध की मिलाकर तैयार पेस्ट से चेहरे की स्क्रबिंग करें। इससे त्वचा साफ-सुंदर हो जाएगी।

**मॉश्चरराइजर** - त्वचा की नमी को बरकरार रखने के लिए मॉश्चरराइजर का इस्तेमाल जरूरी है। यह त्वचा को कोमल और कांतिमय बनाए रखता है। एवोकाडो, शहद, नींबू का रस व दही को एकसाथ ब्लेंड करें। इस मिश्रण को अच्छी तरह फेंटें जिससे यह क्रीम की तरह हो जाए। आधे घंटे के लिए फ्रिज में रखें। फिर इससे चेहरे और गर्दन की मसाज करें। यह त्वचा की नमी को बरकरार रखने के साथ ही उसे चिकना और कांतिमय बनाए रखता है।

**फेस पैक** - रूखी, बेजान त्वचा में निखार लाने और उसे चुटकियों में खूबसूरत बनाने के लिए फेस पैक से बेहतर विकल्प कोई और नहीं है। यह न सिर्फ त्वचा को भीतर से खूबसूरत बनाता है, बल्कि उसे साफ करने में भी मदद करता है। एक बाउल में टमाटर का पेस्ट और चार-पांच बूंद नीबू का रस डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। अपनी उंगलियों की मदद से इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से चेहरे पर मसाज करें। इस फेस पैक को चेहरे पर 15 मिनट तक लगा रहने दें और उसके बाद चेहरा साफ कर लें। इस फेस पैक से चेहरे की त्वचा में कसाव आएगा और त्वचा मुलायम व चमकदार बनेगी।

# मुंहासों से राहत पाने के प्राकृतिक उपाय

किशोरावस्था में चेहरे पर मुंहासे आम समस्या है। यह परेशानी हार्मोनल बदलाव होने के कारण होती है। कुछ लोग तो मुंहासों के कारण हीन भावना का भी शिकार हो जाते हैं। मुंहासों का उपचार मुंहासों के उपचार के लिए कुछ लोग स्किन स्पेशलिस्ट के पास जाते हैं, तो कुछ बाजार में आने वाले स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा नहीं है कि दवाएं ही मुहांसों से छुटकारा दिला सकती हैं, बल्कि कुछ घरेलू उपाय भी आपको राहत दे सकते हैं। इस लेख में हम आपको बता रहे हैं ऐसे ही कुछ घरेलू उपया जिन्हें आजमाकर आप मुहांसों रहित कोमल त्वचा प्राप्त कर सकते हैं।

## चेहरे को साफ रखें

चेहरे पर जमी धूल और ऑयल को हटाने के लिए हर रोज सुबह और रात में उसे धोएं। चेहरे को धोने से आपको ऑयली त्वचा को राहत मिलेगी और मुंहासों के निशान भी हल्के पड़ेंगे। यदि संभव हो तो आप साबुन या फेश वॉश का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। बेहतर होगा कि आप माइल्ड सोप का इस्तेमाल करें। इस्तेमाल करने से पहले यह जांच लेना जरूरी है कि कहीं ये उत्पाद अधिक कठोर तो नहीं हैं। चेहरे को सुखाने के लिए तौलिए का उपयोग न करें बल्कि धोने के बाद चेहरे को थोड़ी देर के लिए यूं ही हवा में सूखने दें। बुनावट वाला तौलिया त्वचा के लिए अच्छा नहीं होता।

## नींबू का रस

नींबू प्राकृतिक रूप से मुंहासों से राहत पाने का कारगर तरीका है। नींबू का रस चेहरे पर लगाने से मुंहासे दूर होते हैं। नींबू आपकी त्वचा के रोम छिद्रों में जमे धूल के कणों को दूर करता है और स्किन को मुलायम बनाता है। नींबू को काटकर इसके टुकड़ों को मुंहासों वाली जगह पर कुछ देर के लिए रगड़ें और एक घंटे तक सूखने दें। चेहरे पर लगे नींबू के रस के पूरी तरह सूखने के बाद इसे साफ पानी से धो लें। गुलाब जल में नींबू का रस मिलाकर इससे मुहांसों से प्रभावित हिस्से को साफ करने से भी आपको फायदा मिलेगा।

## शहद

मुंहासों के उपचार में शहद बहुत ही फायदेमंद रहता है। शहद रोगाणु नाशक होने के साथ मॉश्यचयराइजर भी है। मुंहासों पर शहद लगाएं और इसे करीब एक घंटे तक लगा रहने दें। ऐसा करने से आप पाएंगे कि कुछ ही दिनों में आपके चेहरे के मुंहासे कम होने लगे हैं। आप गर्म पानी में शहद मिलाकर भी चेहरे पर लगा सकते हैं। आप जायफल पाउडर और शहद मिलाकर फेस पैक तैयार कर सकते हैं। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। इसका प्रयोग आप अपने चेहरे पर नियमित तौर पर कर सकते हैं।

## खीरा

खीरे के इस्तेमाल से मुंहासे दूर करने में मदद मिलती है। खीरे के बाहरी भाग को एक बड़ा चम्मच दही में मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। तैयार किए गए इस पेस्ट को मुंहासों वाले भाग पर लगाकर करीब आधे-पौने घंटे तक सूखने दें। अब इसे ठंडे पानी से धो लें। अपने चेहरे से मुंहासे दूर करने का यह बहुत आसान तरीका है।

## संतरे के छिलके

संतरे में एसिड और विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है। संतरे के जूस और छिलके दोनों को ही आप मुंहासों से छुटकारा पाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि संतरे का छिलका इसमें ज्यादा कारगर साबित होता है। संतरे के छिलकों को धूप में सुखाकर इनका पाउडर तैयार कर लें। अब इस पाउडर को पानी में मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को मुंहासों पर 10 से 15 मिनट के लिए लगाएं। इसके बाद अपने चेहरे को गर्म पानी से धो लें इससे आपको मुंहासों में राहत मिलेगी।



संपादकीय

# ईरान युद्ध 'चूल्हे' तक

**ईरान** युद्ध का असर हमारी रसोई और चूल्हे तक आ जाएगा, यह आकलन करने में केंद्रीय कैबिनेट ने 11 दिन खपा दिए। अंततः कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को ऐसे निर्देश देने पड़े कि सभी मंत्रालय आपस में मिल कर काम करें। संभावित चुनौतियों के लिए तैयार रहें। देशवासियों पर युद्ध का असर कम पडऩा चाहिए। प्रधानमंत्री ने 'चुनौती' की बात स्वीकार की है और 'चाहिए' शब्द का इस्तेमाल कर उपदेश दिया है। यह क्यों नहीं हो सकता कि खुद प्रधानमंत्री मंत्रियों के स्तर पर समन्वय करें। चूंकि वह देश के सर्वोच्च, संवैधानिक कार्यकारी प्रमुख हैं, लिहाजा उन्हें देश को संबोधित कर हकीकत बयां करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने नोटबंदी, कोरोना वैश्विक महामारी, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई बार राष्ट्र को संबोधित किया है। देशवासियों ने उन्हें भरपूर समर्थन और सहयोग भी दिया है। बहरहाल भारत में करीब 19.5 करोड़ घन मीटर गैस की खपत औसतन हर रोज होती है, जबकि गैस का घरेलू उत्पादन करीब 10 करोड़ घन मीटर ही है, जाहिर है कि भारत को गैस आयात करनी पड़ती है। इसमें रसोई गैस एलपीजी के अलावा, एलएनजी, पीएनजी, सीएनजी भी हमारी जिंदगी की सक्रियता के लिए बेहद अनिवार्य हैं। उनके बिना जिंदगी, समाज और कारोबार का चक्का ही जाम हो जाएगा। पीएनजी पाइपलाइन के जरिए हमारे घरों तक जाती है और 1.62 करोड़ इसके कनेक्शन हैं। एलपीजी के 33 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। सीएनजी वाहनों में इस्तेमाल की जाती है। एलएनजी खाद के प्लांट से लेकर औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण की इकाइयों के लिए 'संजीवनी' है। प्रधानमंत्री मोदी देश को संबोधित कर खुलासा कर सकते हैं कि भारत ने अमरीका के साथ 22 लाख टन गैस का सौदा किस आधार पर किया है? इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, नॉर्वे, पश्चिम अफ्रीका, नाइजीरिया, अंगोला और अल्जीरिया सरीखे देशों से पर्याप्त गैस की आपूर्ति का अपडेट क्या है? ये छोटे, पिद्दी से देश भारत जैसे विराट, विशाल देश को गैस सप्लाई कर रहे हैं, लेकिन खुद 78 साल का भारत अपने लिए गैस का पर्याप्त उत्पादन करने में सक्षम क्यों नहीं हो सका? यह वाकई यक्ष-प्रश्न है। गैस की जानकारी देश को देने में गोपनीयता क्या है? कूटनीतिक रणनीति क्या है? आपकी तेल-गैस की सप्लाई को कौन 'तारपीडो' करेगा? यह तो आम भारतवासी की जिंदगी और चूल्हे से जुड़ा संवेदनशील विषय है। आखिर प्रधानमंत्री आपदा या संकट के दौर में देश की जनता, विपक्ष और मीडिया को खुलासा क्यों नहीं करेंगे? ऊर्जा-संकट से ही हमारी खाद्य-सुरक्षा प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ी है। ठीक है, केंद्र सरकार ने 'आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955' की अधिसूचना जारी कर उसे लागू कर दिया है, लेकिन आम आदमी सडक़ पर उतरने को विवश है। गैस सिलेंडर लेकर लोगों ने उसी तरह कतारें लगाना शुरू कर दिया है, जिस तरह कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर को लेकर हुआ था। वह संकट भी फर्जी था, चिंता और अफवाहें ज्यादा थीं। मौजूदा संकट आम रसोई के मद्देनजर है कि शाम को गैस का चूल्हा जलेगा या नहीं, घर का खाना बनेगा अथवा नहीं। यह संकट उस वर्ग का ज्यादा है, जिसकी जिंदगी धक्के खाने में खप जाती है, जिसके संसाधन बेहद सीमित हैं और जिसने जनादेश देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है। क्या प्रधानमंत्री उन लोगों को भी संबोधित नहीं कर सकते? इस संकट के दरमियान ही अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का बयान आया है कि युद्ध का काम लगभग पूरा हो चुका है। अर्थात अमरीका युद्ध को समाप्त करने और निकलने का सुरक्षित रास्ता तलाश रहा है, लेकिन इजरायल और ईरान फिलहाल ऐसा नहीं सोच रहे, जाहिर है कि तेल-गैस का संकट बरकरार रहेगा, बल्कि बढ़ भी सकता है। करीब 60 देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ चुकी हैं। बहरहाल रूस हमारे लिए चमकती हुई उम्मीद है। वह गैस का सबसे बड़ा निर्यातक देश है और कच्चे तेल का भी दूसरा सबसे बड़ा देश है। अमरीका ने रूस पर से तेल-गैस संबंधी पाबंदियां हटा ली हैं। रूस ने हमें कच्चा तेल और गैस की आपूर्ति शुरू भी कर दी है। करीब 95 लाख बैरल तेल भारतीय तट पर मौजूद है।

देशवासियों पर युद्ध का असर कम पडऩा चाहिए। प्रधानमंत्री ने 'चुनौती' की बात स्वीकार की है और 'चाहिए' शब्द का इस्तेमाल कर उपदेश दिया है। यह क्यों नहीं हो सकता कि खुद प्रधानमंत्री मंत्रियों के स्तर पर समन्वय करें। चूंकि वह देश के सर्वोच्च, संवैधानिक कार्यकारी प्रमुख हैं, लिहाजा उन्हें देश को संबोधित कर हकीकत बयां करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने नोटबंदी, कोरोना वैश्विक महामारी, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई बार राष्ट्र को संबोधित किया है। देशवासियों ने उन्हें भरपूर समर्थन और सहयोग भी दिया है। बहरहाल भारत में करीब 19 .5 करोड़ घन मीटर गैस की खपत औसतन हर रोज होती है, जबकि गैस का घरेलू उत्पादन करीब 10 करोड़ घन मीटर ही है, जाहिर है कि भारत को गैस आयात करनी पड़ती है। इसमें रसोई गैस एलपीजी के अलावा, एलएनजी, पीएनजी, सीएनजी भी हमारी जिंदगी की सक्रियता के लिए बेहद अनिवार्य हैं। उनके बिना जिंदगी, समाज और कारोबार का चक्का ही जाम हो जाएगा। पीएनजी पाइपलाइन के जरिए हमारे घरों तक जाती है और 1 .62 करोड़ इसके कनेक्शन हैं। एलपीजी के 33 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। सीएनजी वाहनों में इस्तेमाल की जाती है। एलएनजी खाद के प्लांट से लेकर औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण की इकाइयों के लिए 'संजीवनी' है।

कुछ अलग

## सपनों की एक और बारात

**एकाध** वर्ष में हम दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएंगे, और आजादी के सौ वर्ष पूरे होने के जश्न तक एक पूरे विकसित राष्ट्र के शायद सर्वोपरि हो जाने का गर्व स्वीकार करेंगे। सर्वोपरि का अर्थ जानते हो, दुनिया की नंबर एक शक्ति जो अमरीका और चीन को भी पछाड़ देगी। इसके साक्ष्य के लिए हम कहते हैं, पूरा विश्व बरसों से मंदी-ग्रस्त है, लेकिन हमारी विकास दर की गति आज भी सबसे अधिक है। तनिक थोड़ी-सी पहचान कर लें कि कहां हो रहा है यह विकास? भई विकास तो हो रहा है। पहले कहते थे, भारत की दस प्रतिशत आबादी के पास नब्बे प्रतिशत सम्पदा है, और नब्बे प्रतिशत आबादी के पास दस प्रतिशत! अब विकास यह हुआ कि जिस दस प्रतिशत के पास नब्बे प्रतिशत सम्पदा थी, उनमें से भी एक प्रतिशत के पास इस कुल सम्पदा का आधा भाग आ गया है। एक आर्थिक तरक्की के तो आप पायदान-दर-पायदान चढ़ते चले गए, लेकिन यह तरक्की बहुमंजिली इमारतों के कंगूरों पर टंगी रह गई, और फुटपाथी आदमी अतिक्रमण के आरोप में अपना फुटपाथ भी गंवा बैठा। यह कैसा जन-कल्याण है भाई जो अनुदान अनुग्रह के आधार पर चलता है। देश में दिलासा और सान्त्वना का मतलब है कि सस्ते राशन और मुफ्तखोरी की अवधि और बढ़ा दी जाए। अमीरों की बस्ती में बढ़ती खुशहाली की चमक दमक बढ़ाएं और निर्धन युवा बल के सस्ती रेवडियों के प्रासाद पर और अधिक आधारित होते जाएं। एक देश एक चुनाव के नारों पर मतैक्य नहीं हो सका, और दल बदल से सरकारें गिरा नए चुनावों की घोषणा बार-बार लोकतंत्र की परीक्षा लेती है।

भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात करता है एवं इसे प्रसंस्कृत करने के उपरांत यूरोपीय देशों को पेट्रोल एवं डीजल के रूप में निर्यात करता है

# अंतरराष्ट्रीय संदर्भ, वैश्विक व्यापार चुनौतियां और भारत की रणनीति

प्रहलाद सबनानी

ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से ही पूरी दुनिया में, विशेष रूप आर्थिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल दिखाई दी है। ट्रम्प ने "मेक अमेरिका ग्रेट अगेन" – अमेरिका को पुनः महान बनायें – के नारे के साथ यह राष्ट्रपति चुनाव जीता था। अतः उन्होंने अमेरिका को एक बार पुनः विश्व के विनिर्माण हब के रूप में स्थापित करने का बीड़ा उठाया है। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु उन्होंने विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ लगाने का निर्णय लेते हुए, इस निर्णय को शीघ्र ही लागू भी कर दिया। उनका सोचना था कि उनके इस निर्णय से विभिन्न उत्पादों के निर्यातक अमेरिका में इन उत्पादों को निर्यात करने के प्रति निरुत्साहित होकर इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ कर देंगे। इस कार्य को यदि धीमे धीमे एवं संरचित रूप से किया जाता तो सम्भव है कि पूरे विश्व में अफरा तफरी जैसा माहौल नहीं बनता।

**अमेरिका** में 20 जनवरी 2025 को श्री डॉनल्ड ट्रम्प ने 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से ही पूरी दुनिया में, विशेष रूप आर्थिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल दिखाई दी है। ट्रम्प ने "मेक अमेरिका ग्रेट अगेन" – अमेरिका को पुनः महान बनायें – के नारे के साथ यह राष्ट्रपति चुनाव जीता था। अतः उन्होंने अमेरिका को एक बार पुनः विश्व के विनिर्माण हब के रूप में स्थापित करने का बीड़ा उठाया है। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु उन्होंने विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ लगाने का निर्णय लेते हुए, इस निर्णय को शीघ्र ही लागू भी कर दिया। उनका सोचना था कि उनके इस निर्णय से विभिन्न उत्पादों के निर्यातक अमेरिका में इन उत्पादों को निर्यात करने के प्रति निरुत्साहित होकर इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ कर देंगे। इस कार्य को यदि धीमे धीमे एवं संरचित रूप से किया जाता तो सम्भव है कि पूरे विश्व में अफरा तफरी जैसा माहौल नहीं बनता। परंतु, ट्रम्प ने कुछ देशों (चीन, आदि) से विभिन्न वस्तुओं के अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 500 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी एवं अन्य देशों को भी लगातार इस प्रकार की धमकी देना प्रारम्भ कर दिया। ट्रम्प ने भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया एवं 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ यह कहते हुए लगाया कि भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात करता है एवं इसे प्रसंस्कृत करने के उपरांत यूरोपीय देशों को पेट्रोल एवं डीजल के रूप में निर्यात करता है। इस प्रक्रिया में ट्रम्प ने यह निष्कर्ष निकाला भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल को खरीदने से रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले को बल मिलता है और भारत इस युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से फंडिंग कर रहा है। इस प्रकार, भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर दिनांक 27 अगस्त 2025 से 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया गया है। इससे भारत के पूंजी (शेयर) बाजार में हाहाकर मच गया एवं विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार भारत से अपने निवेश को निकाल रहे हैं। ट्रम्प अमेरिका में होने वाले विभिन्न वस्तुओं के आयात पर लगाए गए टैरिफ पर ही नहीं रुके बल्कि अपनी साम्राज्यवादी सोच को पुनः लागू करने के उद्देश्य को भी स्पष्ट रूप से झलका दिया। प्रभुतासम्पन्न देश वेनेजुएला के राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर अमेरिका में लाया गया एवं उन पर अमेरिका में मुकदमा चलाया गया। दरअसल, अमरीका की नजर वेनेजुएला के कच्चे तेल के अपार भंडार पर है। जिस पर अमेरिका अपना कब्जा स्थापित करते हुए इसके उपयोग पर अपना नियंत्रण स्थापित करना चाहता है। साथ ही, डेनमार्क के नियंत्रण में एक द्वीप, ग्रीनलैंड पर अमेरिका अपना आधिपत्य स्थापित करना चाहता है। इसी प्रकार की धमकियां, मेक्सिको, क्यूबा, ईरान आदि देशों को भी दी गई हैं। श्री ट्रम्प के उक्त प्रकार के निर्णयों के चलते अब तो वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के बीच आपसी सम्बंधो पर



प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत भी अछूता नहीं रहा है एवं हाल ही के समय में भारत के अमेरिका के साथ सम्बन्धों में कुछ खटास आई है। अन्यथा, कुछ समय पूर्व तक भारत एवं अमेरिका एक दूसरे के रणनीतिक साझेदार माने जाते रहे हैं। विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा साझीदार रहा है। भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात के मामले में भी अमेरिका प्रथम स्थान पर हैं। श्री ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर लागू किए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के उपरांत भारत का विदेश व्यापार कुछ हद्द तक विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है। परंतु, भारत ने इस समस्या का हल निकालने की रणनीति पर तुरंत विचार करना प्रारम्भ किया एवं कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए। ताकि, विशेष रूप अमेरिका को होने वाले वस्त्र एवं परिधान, जेम्स एवं ज्वेलरी, समुद्रीय पदार्थ, खिलौना उद्योग एवं चमड़ा उद्योग जैसे श्रम आधारित उद्योगों पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को तुरंत ही रोका जा सके अथवा कम किया जा सके। अन्यथा, की स्थिति में भारत में बेरोजगारी की समस्या एक ज्वलंत समस्या के रूप खड़ी हो सकती थी। भारत ने उक्त उत्पादों के निर्यात हेतु रूस, चीन, जापान, आस्ट्रेलिया एवं यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के रूप में नए बाजार तलाशे एवं इन देशों को उक्त उत्पादों का निर्यात प्रारम्भ किया। वर्ष 2025 में भारत ने विदेशी व्यापार परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए प्रमुख वैश्विक साझेदारों के साथ मौजूदा मुक्त व्यापार समझौतों पर गहन वार्ताओं और रणनीतिक अद्यतनों को अंतिम रूप देने का प्रयास किया है। वर्ष के अंत में, भारत ने यूनाइटेड किंगडम, ओमान एवं न्यूजीलैंड के साथ महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए। इसके साथ ही, अफ्रीकी देशों एवं लैटिन अमेरिकी देशों के साथ भी प्रारम्भिक वार्ताओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि नवम्बर एवं दिसम्बर 2025 माह में भारत से विभिन्न वस्तुओं के निर्यात में वृद्धि दर को बनाए रखने में सफलता मिली है। सितम्बर एवं अक्टोबर 2025 माह में विशेष रूप से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तुओं के निर्यात पर कुछ विपरीत प्रभाव पड़ा था। 27 जनवरी 2026 को तो भारत ने यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देकर इतिहास ही बना डाला है। इस समझौते को "मदर आफ ऑल डील्स" की संज्ञा दी जा रही है। यह मुक्त व्यापार समझौता 18 वर्षों के उपरांत सम्भव हो सका है। अब तो कनाडा के राष्ट्रपति भी मार्च 2026 माह में भारत आने वाले हैं एवं कुछ क्षेत्रों में मुक्त व्यापार समझौते के अंतिम रूप दिए जाने की प्रबल सम्भावना है। भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौतों का विश्व के अन्य देशों को सकारात्मक संदेश गया है। भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न कर रहा है। इससे, समझौता करने वाले देशों के नागरिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होने की सम्भावनाएं प्रबल हो रही हैं क्योंकि इन देशों में आर्थिक प्रगति के तेज होने के चलते इन देशों में खुशहाली आने की सम्भावनाएं बन रही हैं। इस दृष्टि से विभिन्न देशों का भारत के प्रति दृष्टिकोण हाल ही के समय में बदला है एवं वे अब भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहे हैं। भारत एक युवा देश है एवं विभिन्न उत्पादों के लिए भारत एक विशाल बाजार के रूप में विश्व के सामने उपलब्ध है। विशेष रूप से इस धरा के दक्षिणी भाग के देश तो अब भारत के वैश्विक स्तर पर इन देशों का नेतृत्व करने के लिए श्रद्धा के भाव से उम्मीद भारी नजरों से देख रहे हैं। उक्त वर्णित परिस्थितियों के बीच भारत के सामने भी कुछ समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं। जैसे, अंतरराष्ट्रीय बाजार में डालर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत का लगातार गिरते जाना। एक अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की क़ीमत 92 रुपए के स्तर को भी पार कर गई है एवं वर्ष 2025 में भारतीय रुपए का लगभग 5 से 6 प्रतिशत के बीच अवमूल्यन हुआ है। दरअसल, यह समस्या, विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारतीय पूंजी (शेयर) बाजार से लगातार अपने निवेश को निकालने के चलते खड़ी हुई है। इससे अमेरिकी डॉलर का भारत से बाहर जाने का सिलसिला बढ़ गया है। इस समस्या के हल हेतु भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मात्रा को बढ़ाने का प्रयास लगातार कर रहा है। साथ ही, भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात को भी गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि भारत में अमेरिकी डॉलर के आने की मात्रा में वृद्धि हो। यदि भारत को इन प्रयासों में सफलता मिलती है तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव कुछ कम होगा। श्री ट्रम्प द्वारा हाल ही के समय में लिए गए निर्णयों के चलते वैश्विक स्तर पर प्रारम्भ हुई उथल पुथल को कम करने के लिए आज विश्व के कई देश भारत की ओर ही देख रहे हैं क्योंकि भारत अपने आप को विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाकर इस तरह की समस्याओं का हल निकालने का प्रयास कर रहा है एवं इस कार्य में भारत को कुछ सफलता प्राप्त होती हुई भी दिखाई दे रही है।

देश दुनिया से

# नेकी कर दरिया में डाल

**भारतीय** जीवन-दर्शन का एक अत्यंत सरल, किंतु गहन सूत्र है- 'नेकी कर दरिया में डाल।' यह केवल एक कहावत नहीं, बल्कि आत्म-साधना का मौन विधान है। यह वाक्य मनुष्य को यह सिखाता है कि शुभ कर्म का मूल्य उसकी घोषणा में नहीं, उसकी निःस्वार्थता में है। जब नेकी का बोझ 'मैंने किया' के अहंकार से मुक्त होकर चेतना में विलीन हो जाता है, तभी वह वास्तव में पुण्य बनता है। नेकी कोई लेन-देन नहीं, नेकी कोई सौदा नहीं, नेकी तो वह मौन प्रार्थना है जो बिना शब्दों के ईश्वर तक पहुंच जाती है। आज का मनुष्य हर कर्म के साथ रसीद चाहता है, कभी प्रशंसा की, कभी मान-सम्मान की, कभी सोशल मीडिया की तालियों की। परंतु नेकी की शर्त यही है कि वह बिना रसीद के की जाए। जैसे नदी अपना जल खेतों को देती है, प्यासों को तृप्त करती है, पर किसी से यह नहीं पूछती कि तू मुझे याद रखेगा या नहीं। जहां अहंकार प्रवेश करता है, वहीं नेकी का स्वरूप बदल जाता है। अहंकार कहता है कि देखो, मैंने क्या किया, जबकि नेकी कहती है कि भूल जाओ, मैंने क्या किया। जब किसी को दिया गया दान, किया गया उपकार, या निभाया गया धर्म, यदि स्मृति में टिक जाए, तो वह धीरे-धीरे अहंकार का पोषण करने लगता है, और अहंकार, चाहे वह कितनी ही अच्छी पोशाक क्यों न पहन ले, अंततः आत्मा को भारी कर देता है। दरिया में डालने का अर्थ ही यही है कि कर्म को स्मृति से मुक्त कर देना। नेकी को अपेक्षा से मुक्त कर देना, और स्वयं को कर्तापन के बोझ से मुक्त कर देना। सच्ची नेकी प्रायः गुप्त होती है। जैसे बीज मिट्टी में दबकर अंकुर बनता है, वैसे ही गुप्त नेकी आत्मा में दबकर विवेक बन जाती है। जो नेकी प्रचार चाहती है, वह बाहर से चमकदार होती है, जो नेकी मौन होती है, वह भीतर से उजास भर देती है। संतों ने कहा है कि जिसे धन्यवाद की प्रतीक्षा हो, वह नेकी नहीं, निवेश कर रहा है, और जो बिना धन्यवाद के भी प्रसन्न रहे, वही वास्तव में धर्म के पथ पर है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यदि नेकी दरिया में डाल दी, तो उसका फल कैसे मिलेगा? यहां भारतीय दर्शन का सूक्ष्म सत्य प्रकट होता है। कर्मफल कोई बैंक खाता नहीं, जहां जमा-निकासी दिखाई दे। कर्मफल चेतना का संस्कार है। नेकी जब अपेक्षा रहित होती है, तो वह मन को हल्का करती है, दृष्टि को करुणामय बनाती है, और जीवन को सहज प्रवाह में ले जाती है। दरिया में डाली गई नेकी अंततः लौटकर सामने आती है, क्योंकि वही दरिया बादलों को जन्म देता है, और वही बादल फिर से अमृत-वर्षा बनकर बरसते हैं। इसका अर्थ यह है कि नेकी वापस आती है, पर अक्सर रूप बदल कर। पर यह तभी संभव है जब हम नेकी करके उसे भूल जाएं। हम भूल गए तो परमात्मा ने याद रख लिया। कर्मों का संविधान ऐसा ही है। हमने कर्म किया, किसी का भला कर दिया, किसी की सहायता कर दी, किसी का मार्गदर्शन कर दिया, किसी के निराश जीवन में आशा का संचार कर दिया, किसी के जीवन में विश्वास भर दिया,

नेकी को अपेक्षा से मुक्त कर देना, और स्वयं को कर्तापन के बोझ से मुक्त कर देना। सच्ची नेकी प्राय: गुप्त होती है। जैसे बीज मिट्टी में दबकर अंकुर बनता है, वैसे ही गुप्त नेकी आत्मा में दबकर विवेक बन जाती है। जो नेकी प्रचार चाहती है, वह बाहर से चमकदार होती है, जो नेकी मौन होती है, वह भीतर से उजास भर देती है। संतों ने कहा है कि जिसे धन्यवाद की प्रतीक्षा हो, वह नेकी नहीं, निवेश कर रहा है, और जो बिना धन्यवाद के भी प्रसन्न रहे, वही वास्तव में धर्म के पथ पर है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यदि नेकी दरिया में डाल दी, तो उसका फल कैसे मिलेगा? यहां भारतीय दर्शन का सूक्ष्म सत्य प्रकट होता है। कर्मफल कोई बैंक खाता नहीं, जहां जमा-निकासी दिखाई दे। कर्मफल चेतना का संस्कार है।

या आस्था भर दी, और उसके लिए कैमरे साथ नहीं लिए, सोशल मीडिया पर प्रचार नहीं किया, लोगों को बार-बार नहीं बताया, तो वह नेकी पूजा हो गई, और अगर हम उसका ढिंढोरा पीटते रहे तो वह नेकी प्रचार हो गई। नेकी तो की, पर नीयत का फर्क रह गया। नेकी के साथ नेकनीयती भी जरूरी है, नेकी तभी नेकी है जब उसके साथ प्रचार न हो, नेकनीयत हो। आज का युग प्रदर्शन का युग है। सहायता भी तस्वीर के साथ होती है, सेवा भी पोस्ट के साथ। ऐसे समय में 'नेकी कर दरिया में डाल' एक क्रांतिकारी विचार बन जाता है। यह हमें सिखाता है कि हर अच्छा काम दिखाने के लिए नहीं होता, कुछ अच्छे काम केवल होने के लिए होते हैं। जब हम किसी को क्षमा करते हैं और किसी को पता नहीं चलता, वह नेकी है। जब हम किसी को सहारा देते हैं और नाम नहीं बताते, वह नेकी है। जब हम सत्य पर टिके रहते हैं, भले ही लाभ न मिले, वह नेकी है। आध्यात्मिक दृष्टि से नेकी आत्मा की स्वाभाविक अवस्था है। जैसे दीपक का धर्म है प्रकाश देना, वैसे ही आत्मा का धर्म है करुणा बरसाना। जब आत्मा अपने स्वभाव में स्थित होती है, तब नेकी कोई प्रयास नहीं रहती, वह स्वतः घटित होती है। सिद्ध परंपरा कहती है कि जब कर्ता मिटता है, तभी करुणा जन्म लेती है और जब करुणा जन्म लेती है, तभी नेकी दरिया बन जाती है। 'नेकी कर दरिया में डाल' अंततः एक मौन संकल्प है कि मैं अच्छा इसलिए नहीं करूंगा कि लोग मुझे अच्छा कहें, बल्कि इसलिए करूंगा क्योंकि मेरा अंतःकरण मुझे ऐसा करने को कहता है। यह संकल्प मनुष्य को हल्का करता है, जीवन को सरल करता है, और मृत्यु को भी निर्भय बना देता है। नेकी कोई उपलब्धि नहीं, नेकी कोई पदक नहीं, नेकी कोई पहचान नहीं, नेकी तो आत्मा की सुगंध है। जो सुगंध फैलती है, वह यह नहीं पूछती कि किसे अच्छी लगी। अतः जब भी अवसर आए, हम नेकी करें, मुस्कुराएं, और उसे दरिया में डाल दें, क्योंकि जो दरिया में डाल दिया जाता है, वही वास्तव में अमर हो जाता है। अंततः 'नेकी कर दरिया में डाल' जीवन को जीने की एक ऐसी कला सिखाता है, जिसमें हाथ खुले रहते हैं और मन खाली। जब हम यह सीख लेते हैं कि अच्छा करके पीछे मुडक़र नहीं देखना है, तब जीवन में एक गहरी शांति उतरती है। तब न किसी ने हमें पहचाना या नहीं पहचाना, यह प्रश्न अर्थहीन हो जाता है। तब हम अच्छे इसलिए नहीं होते कि संसार हमें स्वीकार करे, बल्कि इसलिए कि हम स्वयं अपने भीतर अस्वीकार के बोझ को ढोना नहीं चाहते। नेकी स्मृति से मुक्त होकर जब स्वभाव बन जाती है, तब मनुष्य भीतर से सरल, हल्का और पारदर्शी हो जाता है। ऐसा मनुष्य ही वास्तव में स्वतंत्र होता है, प्रशंसा से भी, निंदा से भी। वह जान लेता है कि जीवन का सौंदर्य संग्रह में नहीं, प्रवाह में है। जो बहने देता है, वही निर्मल रहता है। इसलिए हम नेकी करें, उसे थामें नहीं, उसे याद रखें नहीं, उसे अपना कहें नहीं। बस करें, और दरिया में डाल दें। यही जीवन की साधना है, यही मनुष्य होने की पराकाष्ठा है।

आप का नज़रिया

# हमारे करीब तेंदुए

**बहादुरी** की पलकें नहीं होतीं और न ही इसके लिए कोई तयशुदा रोडमैप है, बल्कि प्रतिकूल समय और परिस्थितियों से बाहर विजयी होकर निकलना ही बहादुरी है। युवा हिमाचल यूं तो रोज सजधज के निकलता है, लेकिन कारनामों की कलम कभी-कभी अलग से मजमून लिख देती है। अर्की के सरली गांव ने युवा हिम्मत और जीने की महत्त्वाकांक्षा देखी है। अठारह वर्षीय प्रवेश शर्मा के सामने मौत का फरमान बन कर आया तेंदुआ खुद ही मौत बन गया, क्योंकि साहस कभी मरता नहीं। प्रवेश शर्मा अब एक नायक सरीखा चरित्र है, जिसकी गूंज बताती है कि कुछ कारनामे अपनी बुलंद तस्वीर यूं भी बना देते हैं। मौत के संघर्ष में इस युवक ने बारह मिनट में यह तय कर लिया था कि वह आक्रामक तेंदुए को परास्त करेगा और हुआ भी यह कि आदमखोर खुद ही अपनी हिम्मत हार गया। ऐसे युवा जज्बे को सलाम। जाहिर है ऐसी बहादुरी का समर्थन सामाजिक और सरकारी तौर पर इस कद्र किया जाए कि उदाहरण की श्रेष्ठता पुरस्कृत की जा सके। हमारा मानना है कि ऐसे उदाहरण पेश करने वाले युवाओं की कैरियर खिड़कियां खुल जाएं। जंगल की चुनौतियों से लड़ते जवान ने साबित किया है कि सतर्कता का आलम और साहस का पैगाम क्या हो सकता है। दूसरी ओर इस हादसे का चश्मदीद गवाह खुद वन विभाग है, तो उसे बताना पड़ेगा कि इस प्रकरण में आम नागरिक की जिंदगी पर आ रहे जोखिम का हर्जाना कौन देगा। ऐसे में नागरिक सुरक्षा के नाम पर वन विभाग के पास क्या आफर है। क्या जंगली जानवरों की चपेट में आने वालों को वन विभाग माकूल हर्जाना देगा। हम तो बाकायदा ऐसी इंश्योरेंस की मांग करेंगे जो जंगल की आग से लेकर वन्य प्राणियों के हमलों तक की स्थिति में आम नागरिक की भरपूर मदद करे। घायल प्रवेश शर्मा को तुरंत प्रभाव से सर्वप्रथम हर्जाना मिले। दूसरे युवा की बहादुरी के परिप्रेक्ष्य में इसे वन या पुलिस विभाग में सीधी नौकरी देने की घोषणा की जाए। यह इसलिए कि एक युवा ने अपनी हस्ती का चोखा परिचय दिया है। इस के सामने शिमला विश्वविद्यालय का खूंखार मंजर खड़ा है, जहां विधि विभाग के छात्रों के बीच जंगल सा माहौल दिखाई दे रहा है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का प्रांगण जितना स्वच्छ व पवित्र होना चाहिए, उसके विपरीत छात्रों के बीच पनपती आपराधिक प्रवृत्ति चिंता का विषय है। खून से लथपथ माहौल में छात्रों का गुटीय संघर्ष, समूचे शिक्षा जगत को लानत भेजता है। काश इस झुंड में कोई प्रवेश शर्मा निकल आता, क्लास रूम में अध्ययन का कोई डेस्क बच जाता। एक तरफ एक युवा जंगल को संदेश देता है कि तेंदुओं को डर के रहना होगा। दूसरी तरफ छात्र राजनीति के घिनौने कक्ष में पढ़ाई का समुदाय रक्तरंजित अध्याय लिख रहा है। जाहिर है प्रवेश शर्मा के लहू का कोई धर्म है, जबकि विश्वविद्यालय में बह रहा खून अपवित्र है। समाज अपने युवाओं में किसका चेहरा स्वीकार करेगा। जाहिर है तेंदुए से लडऩा आत्मसम्मान और जीवन का संघर्ष है, जबकि विश्वविद्यालय के युद्ध में हम युवा पीढ़ी का पतन लिख रहे हैं। बहुत पतन हो चुका है शिमला विश्वविद्यालय की इन गलियों में इसलिए हमारे लिए रैंकिंग का कोई अर्थ नहीं रहता। हम जिस पीढ़ी से गंभीर अध्ययन-शोध चाहते हैं, वह दुर्भाग्य से शोहदों की जमात बनने लगी है। तेंदुए का बस्ती तक पहुंचना हमारी वन नीति का अपराध है, लेकिन विश्वविद्यालय परिसर में दो छात्र गुटों का आपस में खून-खराबा करना हमारे अस्तित्व का दोष है। यह कैसी शिक्षा और कैसा परिसर, जहां युवा के मन में भूत सा जहर प्रवेश कर रहा है। शिमला परिसर कभी प्रदेश की शिक्षा के स्वर और युवा मंतव्य के कर्म को ऊंचा करता था, लेकिन आज वहां क्लास रूम में कई तेंदुए पहुंच गए हैं। यह विडंबना है कि स्टार्ट अप इंडिया के शोर के नीचे चाकू-छुरियां चमकाने वालों में छात्र समुदाय ही अपना पता भूल रहा है।

युवा हिमाचल यूं तो रोज सजधज के निकलता है, लेकिन कारनामों की कलम कभी-कभी अलग से मजमून लिख देती है। अर्की के सरली गांव ने युवा हिम्मत और जीने की महत्त्वाकांक्षा देखी है। अठारह वर्षीय प्रवेश शर्मा के सामने मौत का फरमान बन कर आया तेंदुआ खुद ही मौत बन गया, क्योंकि साहस कभी मरता नहीं। प्रवेश शर्मा अब एक नायक सरीखा चरित्र है, जिसकी गूंज बताती है कि कुछ कारनामे अपनी बुलंद तस्वीर यूं भी बना देते हैं। मौत के संघर्ष में इस युवक ने बारह मिनट में यह तय कर लिया था कि वह आक्रामक तेंदुए को परास्त करेगा और हुआ भी यह कि आदमखोर खुद ही अपनी हिम्मत हार गया। ऐसे युवा जज्बे को सलाम। जाहिर है ऐसी बहादुरी का समर्थन सामाजिक और सरकारी तौर पर इस कद्र किया जाए कि उदाहरण की श्रेष्ठता पुरस्कृत की जा सके। हमारा मानना है कि ऐसे उदाहरण पेश करने वाले युवाओं की कैरियर खिड़कियां खुल जाएं। जंगल की चुनौतियों से लड़ते जवान ने साबित किया है कि सतर्कता का आलम और साहस का पैगाम क्या हो सकता है। दूसरी ओर इस हादसे का चश्मदीद गवाह खुद वन विभाग है, तो उसे बताना पड़ेगा कि इस प्रकरण में आम नागरिक की जिंदगी पर आ रहे जोखिम का हर्जाना कौन देगा। ऐसे में नागरिक सुरक्षा के नाम पर वन विभाग के पास क्या आफर है। क्या जंगली जानवरों की चपेट में आने वालों को वन विभाग माकूल हर्जाना देगा। हम तो बाकायदा ऐसी इंश्योरेंस की मांग करेंगे जो जंगल की आग से लेकर वन्य प्राणियों के हमलों तक की स्थिति में आम नागरिक की भरपूर मदद करे। घायल प्रवेश शर्मा को तुरंत प्रभाव से सर्वप्रथम हर्जाना मिले। दूसरे युवा की बहादुरी के परिप्रेक्ष्य में इसे वन या पुलिस विभाग में सीधी नौकरी देने की घोषणा की जाए।

दृष्टि कोण

# दलगत राजनीति से मुक्त हो राष्ट्रपति पद

**देश** का राष्ट्रपति देश का प्रथम नागरिक ही नहीं होता, देश के सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्ति होता है। राष्ट्रपति को कैसे संबोधित किया जाये से लेकर राष्ट्रपति के साथ कैसा व्यवहार किया जाये जैसी बातें एक प्रोटोकॉल के अंतर्गत आती हैं, और अपेक्षा की जाती है कि कोई इसका उल्लंघन नहीं करेगा। हमारे राष्ट्रपति का सम्मान किसी व्यक्ति या पद का सम्मान मात्र नहीं है, वस्तुतः यह देश का सम्मान है, उस संविधान का सम्मान है, जिसके आधार पर हमारी समूची जनतांत्रिक व्यवस्था चलती है। इस पद की मर्यादा को देखते हुए कुछ ऐसी ही अपेक्षा उस व्यक्ति से भी की जाती है, जिसे देश इस पद पर बिठाता है। दलगत राजनीति से कहीं ऊपर होता है इस पद पर बैठा व्यक्ति–पूरे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है और पूरे राष्ट्र को संरक्षण भी देता है। आमतौर पर यह माना जाता है कि हमारा राष्ट्रपति विवादों से परे होगा। पिछले सात दशक से भी अधिक समय का इतिहास इस बात का साक्षी है कि इस पद पर बैठे व्यक्तियों ने कुल मिलाकर पद की गरिमा की रक्षा ही की है। ऐसे में जब किसी राष्ट्रपति के संदर्भ में विवादास्पद स्थितियां बनती हैं तो खेद भी होता है और आशंका भी होती है कि देश का यह सर्वोच्च पद विवादों के चलते अपनी गरिमा न खो दे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की हाल की बंगाल-यात्रा को लेकर जिस तरह का वातावरण बन रहा है, वह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराया जा सकता। हम इस घटना को लेकर कोई टिप्पणी करें उससे पहले इस बात को रेखांकित किया जाना जरूरी है कि एक आदिवासी महिला का इस पद पर पहुंचना हम सबके लिए गौरव की बात है। वे पहली महिला नहीं हैं जो इस पद के लिए चुनी गयी हैं, पर एक आदिवासी महिला यदि अपनी योग्यता-क्षमता से देश की राष्ट्रपति बनती है तो महिलाओं अथवा आदिवासियों के एक ऊंचे मुकाम पर पहुंचने का ही उदाहरण नहीं है, यह हमारे जनतंत्र की परिपक्वता का भी एक गौरवशाली क्षण है। देश को इस पर गर्व होना चाहिए। हमें है इस बात का गर्व। इसलिए राष्ट्रपति, पद के अपमान को लेकर देश इतना संवेदनशील भी है। इस





पद की गरिमा को कम करने की कोई भी घटना अथवा कोई भी कोशिश देश के जागरूक नागरिक को स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। अब बंगाल वाली घटना की बात। संथाल आदिवासियों की एक संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए राष्ट्रपति बंगाल गयी थीं। राष्ट्रपति जब भी किसी राज्य में जाते हैं, भले ही वह यात्रा सामाजिक हो अथवा सरकारी, तो उनके स्वागत का एक निश्चित तरीका होता है, जिसका पालन राज्य सरकार को करना होता है। इस प्रोटोकॉल में मुख्य रूप से यह बात शामिल है कि राज्य का राज्यपाल, मुख्यमंत्री अथवा कोई वरिष्ठ मंत्री स्वागत करने पहुंचता है। यह संभव है कभी किन्हीं कारणों से इस व्यवस्था का पूरा पालन न हो पाता हो, पर ऐसा होने का कोई उचित कारण होना-दिखना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू की इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वागत के लिए नहीं पहुंची थीं। उन्होंने 'पूर्व निर्धारित अन्य कार्यक्रम' और राष्ट्रपति की यात्रा की पूर्व सूचना न मिलने का हवाला देकर अपनी अनुपस्थिति का औचित्य ठहराया है। उनकी बात सही भी हो सकती है, पर ऐसे में वे अपने मंत्रिमंडल के किसी वरिष्ठ सहयोगी को वहां भेज कर अपना कर्तव्य निभा सकती थीं। मुख्यमंत्री की यह चूक हल्के से नहीं ली जानी चाहिए। वे चाहतीं तो चूक को स्वीकार करके विवाद की तल्खी कम कर सकती थीं। पता नहीं क्यों उन्होंने ऐसा करना जरूरी नहीं समझा। राष्ट्रपति के सम्मान को लेकर किसी भी प्रकार की चूक को स्वीकार करना उचित नहीं है। देश के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति को समुचित सम्मान मिलना ही चाहिए।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ

# तेल, गैस के बाद भारत के सामने खड़ा हो रहा ये नया संकट........दवा उद्योग पर दबाव



**नई दिल्ली, 12 मार्च (एजेंसियां)।** ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमलों के बाद पश्चिम एशिया में युद्ध का पैमाना बढ़ता जा रहा है। प्रमुख जलमार्गों के प्रभावी रूप से बंद होने और सप्लाई चेन में आई दिक्कतों से कच्चे तेल और गैस के दाम आसमान छू रहे हैं। इस बीच अब एक और संकट ने दस्तक दे रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस जंग का असर भारत के दवा उद्योग पर भी पड़ना शुरु हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत की फार्मास्यूटिकल सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ रहा है, इससे दवा बनाने में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल यानी रा मैटेरियल की कीमत लगातार बढ़ रही है। एक रिपोर्ट में फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री से जुड़े अधिकारियों के हवाले से बताया है कि की स्टार्टिंग मटेरियल (केएसएम) और एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रेडिएंट्स (एपीआई) की कीमतें बढ़ने लगी हैं। पिछले हफ्ते वैश्विक तनाव, डालर में उतार-चढ़ाव और आपूर्ति में आ रही रुकावटों की वजह से कीमत 5 से 100 फीसदी तक बढ़ गई है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर युद्ध इस तरह चलता रहा तब इन अहम रा मैटेरियल की कमी भी हो सकती है। जानकार ने बताया, दवाओं की कमी हो सकती है, क्योंकि ट्रेडर रा मटेरियल के लिए कोई आर्डर नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा, साल्वेंट की कीमतें बढ़ी हैं। इसके अलावा छोटे व्यापारी और सप्लायर भी कीमतों में और बढ़ा कर युद्ध की स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि भारत अपनी जरूरतों का लगभग 65 से 70 प्रतिशत एपीआई, इंटरमीडिएट्स और जरूरी सामान चीन से आयात करता है। क्यों बढ़ गई कीमतें जानकारों के मुताबिक इसकी सबसे बड़ी वजह अनिश्चितताओं के बीच डालर का मजबूत होना है। बता दें कि फार्मास्यूटिकल उद्योग में ज्यादातर कच्चे माल का ट्रेड डालर में होता है। इसके बाद डालर मजबूत होते ही आयात की लागत अपने आप बढ़ जाती है। वहीं एक और वजह साल्वेंट्स की कास्ट में बढ़ोतरी है। कुछ मामलों में, पिछले कुछ दिनों में साल्वेंट्स की लागत 20 से 25 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इसके अलावा लाजिस्टिक से जुड़ी रुकावटें भी सामने आ रही हैं। मुंबई की एक फार्मास्युटिकल फर्म में काम करने वाले एक इंडस्ट्री एग्जीक्यूटिव ने कहा, बढ़ी हुई सुरक्षा चिंताओं और मुख्य समुद्री रास्ते चोक हो जाने के कारण जहाज और कंटेनर देरी से आ रहे हैं या फंस रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत में सैमसंग गैलेक्सी एम17ई 5जी जल्द होगा लांच




**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में सैमसंग कंपनी अपना नया स्मार्टफोन सैमसंग गैलेक्सी एम17ई 5जी जल्द लान्च करेगी। यह स्मार्टफोन 17 मार्च को भारत में पेश किया जाएगा। कंपनी ने फिलहाल इसकी कीमत का खुलासा नहीं किया है, लेकिन यह हैंडसेट दो रंग विकल्प वाइब वायलेट और ब्लिट्ज ब्लू में उपलब्ध होगा। इस फोन की बिक्री ई-कामर्स प्लेटफार्म अमेजन के माध्यम से की जाएगी। सैमसंग गैलेक्सी एम17ई 5जी में 6.7 इंच का एचडी प्लस डिस्प्ले दिया गया है, जो 120 एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ आता है। इससे स्क्रीन स्क्रालिंग और ऐप्स का इस्तेमाल काफी स्मूद अनुभव देता है। इसके साथ ही इसमें अडाप्टिव ब्राइटनेस और हाई ब्राइटनेस मोड जैसे फीचर्स भी दिए गए हैं, जिससे तेज धूप में भी स्क्रीन साफ दिखाई देती है।
डिजाइन की बात करें तो यह स्मार्टफोन काफी स्लिम है और इसकी मोटाई लगभग 8.2 मिमी बताई जा रही है। फोन की सबसे बड़ी खासियत इसकी दमदार बैटरी है। इसमें 6000 एमएएच की बड़ी बैटरी दी गई है, जिससे यूजर्स लंबे समय तक वीडियो स्ट्रीमिंग, गेमिंग और सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं। कंपनी के मुताबिक वन यूआई के बेहतर आप्टिमाइजेशन की वजह से यह फोन बैटरी का कुशलता से इस्तेमाल करता है और अनयूज्ड ऐप्स को स्लीप मोड में डाल देता है।

### महंगे और एडवांस गैजेट लान्च करेगी एप्पल



**नई दिल्ली।** एप्पल कंपनी अपने सबसे महंगे और एडवांस गैजेट लान्च करने की तैयारी कर रही है। कंपनी 2026 में प्रीमियम सेगमेंट में बड़ा कदम उठाने की योजना बना रही है और इसके तहत तीन नए अल्ट्रा डिवाइस पेश किए जा सकते हैं। कंपनी एक फोल्डेबल आईफोन, हाई-एंड मेकबुक और नए एडवांस एयरपाडस पर काम कर रही है। इन डिवाइस को मौजूदा फ्लैगशिप लाइनअप से भी ऊपर की कैटेगरी में रखा जा सकता है, जिससे ये टेक्नोलाजी और कीमत दोनों के मामले में सबसे आगे होंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि एप्पल अब अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को तीन स्तरों में बांटने की योजना बना रहा है एंट्री लेवल, फ्लैगशिप और सुपर-प्रीमियम। एंट्री लेवल में एप्पल वाच एसई और मेकबुक नियो जैसे किफायती डिवाइस शामिल हैं, जबकि फ्लैगशिप कैटेगरी में आईफोन और मेकबुक प्रो जैसे लोकप्रिय प्रोडक्ट आते हैं। अब कंपनी एक नई अल्ट्रा कैटेगरी तैयार कर रही है, जिसमें सबसे महंगे और एडवांस फीचर्स वाले डिवाइस शामिल होंगे।

### नई रेनाल्ट डस्टर के साथ कंपनी की नई पारी शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में फ्रांसीसी आटोमोबाइल कंपनी रेनाल्ट अपने विस्तार की नई रणनीति पर तेजी से काम कर रही है।




भारत में कंपनी ने नई रेनाल्ट डस्टर के साथ अपनी नई पारी शुरू की है। कंपनी इसके आधार पर कई नए माडल लान्च करने की तैयारी कर रही है। कंपनी सब-4 मीटर एसयूवी सेगमेंट में भी प्रवेश करने की योजना बना रही है और इसके लिए एक नई काम्पैक्ट एसयूवी पर काम चल रहा है, जिसे आंतरिक रूप से आरबी3-के2 बी-एसयूवी कोडनेम दिया गया है। संभावना है कि यह माडल डस्टर के लान्च के लगभग 18 महीने के भीतर, यानी दिवाली 2027 तक बाजार में उतारा जा सकता है। जानकारी के अनुसार इस नई काम्पैक्ट एसयूवी को अलग-अलग पावरट्रेन विकल्पों के साथ पेश किया जा सकता है। इसमें पेट्रोल, टर्बो पेट्रोल, हाइब्रिड, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वर्जन शामिल होने की संभावना है। इलेक्ट्रिक माडल में 35 केडब्ल्यूएच और 55 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के विकल्प मिल सकते हैं। कंपनी का लक्ष्य 10 लाख से 20 लाख रुपये के बीच की कीमत में ग्राहकों को कई विकल्प उपलब्ध कराना है। सूत्रों के मुताबिक कंपनी को उम्मीद है कि सब-4 मीटर एसयूवी सेगमेंट में एंट्री से उसे हर साल करीब 80,000 से 90,000 अतिरिक्त यूनिट की बिक्री मिल सकती है। यह योजना ऐसे समय में सामने आई है जब रेनो ने अपने पूर्व साझेदार निसान से चेन्नई स्थित मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी का पूरा नियंत्रण हासिल कर लिया है, जिससे उत्पादन और अनुसंधान गतिविधियों को बेहतर तरीके से संचालित करने में मदद मिलेगी।

# पश्चिम एशिया युद्ध का भारत पर असर शुरू, नोमुरा ने घटाया जीडीपी अनुमान

**नोमुरा ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 7.1 प्रतिशत से 7 प्रतिशत किया**




**नई दिल्ली, 12 मार्च (एजेंसियां)।** पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध और ऊर्जा संकट की आंच अब भारत की अर्थव्यवस्था तक पहुंचती दिख रही है। ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने चेतावनी दी है कि अगर यह तनाव लंबा चलता है तो भारत की मजबूत आर्थिक रफ्तार पर असर पड़ सकता है। इसी आशंका के बीच नोमुरा ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान हल्का घटाकर 7.1 प्रतिशत से 7 प्रतिशत कर दिया है। नोमुरा की रिपोर्ट के अनुसार पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष ऊर्जा बाजार को झकझोर रहा है। तेल और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी का असर धीरे-धीरे एशिया की अर्थव्यवस्थाओं पर दिखने लगा है। रिपोर्ट के मुताबिक यही वजह है कि वित्त वर्ष 2027 के लिए भारत का चालू खाते का घाटा बढ़कर जीडीपी का 1.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। वहीं महंगाई का अनुमान भी बढ़ाकर 4.5 प्रतिशत कर दिया गया है, जो पहले 3.8 प्रतिशत रहने का अनुमान था। नोमुरा का कहना है कि 2026 की पहली तिमाही के शुरुआती संकेत बताते हैं कि देश में खपत और औद्योगिक गतिविधियां अभी मजबूत बनी हुई हैं। लेकिन दूसरी तरफ निर्यात और सरकारी खर्च में कमजोरी दिख रही है। सबसे बड़ी चिंता ऊर्जा सप्लाई को लेकर है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण प्राकृतिक गैस की कमी की आशंका बढ़ रही है, जिससे भारत में उद्योगों और सेवा क्षेत्र की गतिविधियों पर असर पड़ सकता है। युद्ध के असर अब आम लोगों तक पहुंचने लगे हैं। सरकार पहले ही एलपीजी की कीमतें बढ़ा चुकी है, और आगे भी ईंधन से जुड़ी कई सेवाओं के महंगे होने की आशंका जताई जा रही है। नोमुरा के अनुसार आने वाले समय में एलपीजी, हवाई और सड़क परिवहन, होटल और रेस्तरां सेवाओं की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिसका सीधा असर महंगाई पर पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर कच्चे तेल की कीमतों का पूरा असर पेट्रोल और डीजल पर डाला गया, तो तेल की कीमत में हर 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी महंगाई को लगभग 0.5 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है।

## होर्मुज से गुजरेंगे भारतीय टैंकर: विदेश मंत्री जयशंकर और अराघची की बातचीत के बाद निकला रास्ता, मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली ।** पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और ईरान-इस्राइल-अमेरिका जंग के बीच भारत को एक बड़ी कूटनीतिक सफलता हाथ लगी है। ईरान ने भारतीय झंडे वाले तेल टैंकरों को रणनीतिक रूप से अहम स्ट्रेट आफ होर्मुज' से सुरक्षित गुजरने की अनुमति दे दी है। यह घटनाक्रम भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास आराघची के बीच हुई उच्च-स्तरीय वार्ता के बाद सामने आया है। इन दो टैंकरों को मिली अनुमति इसके बाद कम से कम दो भारतीय टैंकर पुष्पक और परिमल सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं। यह वही समुद्री मार्ग है, जहां बढ़ते तनाव के कारण कई अंतरराष्ट्रीय जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। यह अनुमति भारत के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि वर्तमान में इस क्षेत्र से गुजरने वाले अमेरिका, यूरोप और इस्राइल के जहाजों को प्रतिबंधों और हमलों के गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। युद्ध का असर अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों के बाद शुरू हुआ संघर्ष अब 12वें दिन में पहुंच गया है। लगातार बढ़ते तनाव के कारण क्षेत्र में समुद्री यातायात लगभग ठप हो गया है और वैश्विक तेल कीमतों में तेज उछाल देखा जा रहा है। ईरान ने भी इस दौरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। तेहरान का कहना है कि केवल वे जहाज सुरक्षित रूप से गुजर सकते हैं जो अमेरिका और इस्राइल के हितों से जुड़े नहीं हैं। क्यों अहम है होर्मुज जलडमरूमध्य होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान और ओमान के बीच लगभग 55 किलोमीटर चौड़ा समुद्री मार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। यह दुनिया के सबसे व्यस्त और रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक है। सामान्य परिस्थितियों में यहां से प्रतिदिन करीब 1.3 करोड़ बैरल तेल गुजरता है, जो वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 31 प्रतिशत है।

# बीएमडब्ल्यू अल्फिना एक्सबी 7 होगी बाजार में पेश




**नई दिल्ली, 12 मार्च (एजेंसियां)।**

**बीएमडब्ल्यू अपनी लोकप्रिय एसयूवी बीएमडब्ल्यू अल्फिना एक्सबी7 का एक खास लिमिटेड एडिशन बाजार में पेश करेगी। यह एसयूवी बेहद सीमित संख्या में तैयार की जाएगी और दुनिया भर में इसकी केवल 120 यूनिट ही बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी। कंपनी ने इस माडल को अल्फिना एक्सबी7 मानूफाकतुर नाम दिया है। कंपनी के संकेतों के अनुसार इस एडिशन के बाद अल्फिना एक्सबी7 के प्रोडक्शन को बंद भी किया जा सकता है, जिससे यह माडल कलेक्टरों के लिए और अधिक खास बन सकता है।**

इस स्पेशल एडिशन को दो खास रंगों फ्रोजेन अल्पाइना ग्रीन और फ्रोजेन अल्पाइना ब्लू में पेश किया जाएगा, जिन्हें विशेष रूप से इसी माडल के लिए तैयार किया गया है। गाड़ी के एक्सटीरियर में आल-ब्लैक ट्रिम और साइड हिस्से में ब्लैक पिनस्ट्राइप डिजाइन दिया गया है, जो इसे सामान्य माडल से अलग और अधिक प्रीमियम लुक देता है। दूसरी पंक्ति में कैप्टन चेयर और बोवर्स एंड विल्किन्स डायमंड सुराउंड साउंड आडियो सिस्टम भी इसमें शामिल किया गया है। परफार्मेंस के लिए इसमें 631 हार्सपावर वाला ट्विन-टर्बो वी 8 इंजन दिया गया है, जो एसयूवी को महज 3.9 सेकंड में 0 से 97 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंचाने में सक्षम बनाता है। इसकी कीमत करीब 1,81,550 डालर यानी लगभग 1.67 करोड़ रुपये रखी गई है और इसका प्रोडक्शन सितंबर 2026 से अमेरिका के स्पार्टनबर्ग प्लांट में शुरू होगा। इंटीरियर में टारटूफो मेरिनो लेदर और वालनट नेचर ब्लैक फिनिश का उपयोग किया गया है, जबकि हेडरेस्ट पर अल्पिना की खास एम्ब्रायडरी दी गई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### अब...

उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि अगर वैश्विक तेल कीमतों में तेजी जारी रहती है और सप्लाई चेन में सुधार नहीं होता, तो आने वाले महीनों में बोतलबंद पानी की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।ऐसे में भीषण गर्मी के दौरान बोतलबंद पानी पर निर्भर उपभोक्ताओं के लिए यह अतिरिक्त आर्थिक बोझ साबित हो सकता है।

### भारतीयों की सुरक्षा...

पिछले दस दिनों के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया के कई देशों के नेताओं से भी बातचीत की है। ईरान पर अमेरिका और इस्राइल की ओर से किए गए संयुक्त हमले के बाद से पश्चिम एशिया में संकट गहरा रहे संकट के बीच ये बातचीत हुई है। गौरतलब है कि इस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत हो गई थी।

इसके जवाब में ईरान ने ड्रोन और मिसाइल हमले करते हुए इस्राइल और खाड़ी क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इन हमलों का असर दुबई और दोहा जैसे वैश्विक व्यापार और विमानन केंद्रों के आसपास भी देखा गया है।

पीएम मोदी खाड़ी देशों के साथ लगातार कर रहे संपर्क

प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले ओमान, कुवैत, बहरीन, सऊदी अरब, यूएई, जॉर्डन, इस्राइल और कतर के नेताओं से भी बात की थी। पीएम मोदी ने उनके देशों पर हुए हमलों को लेकर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने कुछ देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की भी निंदा की।

इसके अलावा प्रधानमंत्री ने इन देशों में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण के मुद्दे पर भी चर्चा की। खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में लगभग एक करोड़ भारतीय रहते हैं। वहीं करीब 10 हजार भारतीय ईरान में रहते, पढ़ते और काम करते हैं, जबकि 40 हजार से अधिक भारतीय इस्राइल में निवास करते हैं।

### पैनिक फैलाने...

उन्होंने राजनीतिक दलों और मीडिया से भी अपील की कि वे अफवाहों को रोकने और सही जानकारी साझा करने में सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि शहरों से लेकर गांवों तक हर भारतीय को इस समय संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना होगा।

**ऊर्जा सुरक्षा को लेकर सरकार सतर्क**

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारत के पास स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व के लिए बहुत कम भंडारण क्षमता थी, लेकिन अब देश के पास पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें 140 करोड़ भारतीयों पर भरोसा है कि जैसे कोविड-19 के समय देश ने एकजुट होकर संकट का सामना किया था, वैसे ही इस चुनौती से भी पार पाया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने राज्य सरकारों से भी अपील की कि ऐसे समय में कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त निगरानी रखी जाए।

**वैश्विक स्तर पर बढ़ रही भारत की भूमिका**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज दुनिया के कई नेता और विशेषज्ञ भारत को वैश्विक केंद्र बिंदु के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत केवल प्रगति नहीं कर रहा है, बल्कि अगले स्तर की ओर बढ़ रहा है। हमारा लक्ष्य विकसित भारत का निर्माण है।

उन्होंने कहा कि कठिन वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद दुनिया भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है, जिससे देश की जिम्मेदारियां और बढ़ जाती हैं।

### केरोसिन-कोयले के ...

प्रभावित क्षेत्रों में फंसे विभिन्न देशों के जहाजों पर 78 भारतीय नाविक थे जिनमें से 70 सुरक्षित निकाल लिये गये हैं जबकि चार घायल हैं और दुर्भाग्य से तीन की मौत हुई है जबकि एक लापता है। सरकार ने कहा है कि इस पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष में वहां रहे भारतीयों में से 20 से अधिक घायल हुए हैं जिनमें से अधिकतर उपचार के बाद घर लौट गये हैं जबकि एक - दो की हालत गंभीर है।

विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए उचित कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि देश में गैस और पेट्रोल डीजल की आपूर्ति लगातार बनी हुई और देश के किसी भी हिस्से से इन पदार्थों की कोई कमी होने की सूचना नहीं है। लोग सिलेंडरों की बुकिंग में हड़बड़ी ने करें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा ,'' देशभर में हमारे लगभग 25,000 वितरक हैं और हम प्रतिदिन लगभग 50 लाख सिलेंडरों की आपूर्ति करते हैं। वितरण के स्तर पर भी कहीं भी गैस खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है, लेकिन घबराहट के कारण बुकिंग में कई गुना वृद्धि हुई है। हम नागरिकों से आग्रह करते हैं कि वे घबराहट में बुकिंग न करें और इस वैश्विक अनिश्चितता के दौर में जहाँ भी संभव हो ईंधन की बचत करें।''

उन्होंने कहा कि रसोई गैस के अलावा अन्य ईंधनों को भी उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि एलपीजी और गैस पर दबाव कम किया जा सके। उन्होंने कहा,'' आज एक आदेश जारी किया गया है जिसके तहत अतिरिक्त 48,000 किलोलीटर केरोसिन राज्यों को दिया जाएगा। यहाँ भी लाभार्थियों की पहचान और वितरण में राज्य सरकारों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।''

सुश्री शर्मा ने कहा कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को सलाह दी है कि इस संकट अवधि के दौरान एक महीने के लिए आतिथ्य और रेस्तरां क्षेत्रों में वैकल्पिक ईंधनजैसे बायोमास, आरडीएफ पैलेट, केरोसिन या कोयलाके उपयोग की अनुमति दी जाए, ताकि अधिक संस्थान इनका उपयोग कर सकें और प्राथमिक उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी उपलब्ध हो सके।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा कोयला मंत्रालय ने भी कल एक पत्र जारी किया है, जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड और सिंगरेनी को राज्यों को अधिक मात्रा में कोयला आवंटित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि छोटे, मध्यम और अन्य उपभोक्ताओं को आपूर्ति की जा सके।

संयुक्त सचिव ने कहा कि वाणिज्यिक सिलेंडरों के इस्तेमाल में अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। बाकी उपभोक्ताओं के लिए तेल विपणन कंपनियों के कार्यकारी निदेशकों की तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है जिनकी समीक्षा के बाद एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है कि कुछ वाणिज्यिक सिलेंडर भी जारी किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इसमें राज्य सरकारों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी। तेल विपणन कंपनियों के माध्यम से राज्य सरकारों से कहा गया है कि वे लाभार्थियों की सूची तैयार करें ताकि वाणिज्यिक सिलेंडरों की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर की जा सके। इसका उद्देश्य जमाखोरी और कालाबाज़ारी को रोकना भी है।

### आज से...

वे भी इस ऑनलाइन स्थायी पंजीकरण प्रक्रिया के पात्र होंगे।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि अपलोड किए गए दस्तावेजों की प्रमाणिकता की पूरी जिम्मेदारी डीलरों की होगी। फर्जी या जाली दस्तावेज जमा करने पर आपराधिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रणाली को कुशल बनाए रखने के लिए विभाग ने सख्त समय सीमा निर्धारित की है:

अधिकारियों के लिए: आरटीए अधिकारियों को आ-वेदन जमा होने के दो कार्य दिवसों के भीतर ऑनलाइन आवेदनों की समीक्षा और उन्हें मंजूरी देनी होगी। देरी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

डीलरों के लिए: डीलरों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने लॉगिन में किसी भी आवेदन को 7 दिनों से अधिक समय तक लंबित न रखें। इसका पालन न करने पर उनके डिजिटल लॉगिन क्रेडेंशियल निलंबित कर दिए जाएंगे।

परिवहन विभाग का यह फैसला न केवल भ्रष्टाचार पर लगाम लगाएगा, बल्कि आम जनता के लिए वाहन पंजीकरण को बहुत आसान और तेज बना देगा। तेलंगाना के सभी अधिकृत ऑटोमोबाइल डीलरों को निर्देश दिया गया है कि वे 13 मार्च से इन नए ऑनलाइन प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

### 4 लाख करोड़...

लंबी दूरी के यात्रियों और माल ढुलाई यातायात को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने के लिए 7 अंतर-शहरी बस और ट्रक टर्मिनल विकसित किए जाएंगे। इन टर्मिनलों से शहर के मध्य क्षेत्र में भीड़भाड़ कम होने और अंतर-शहरी परिवहन के लिए व्यवस्थित सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

क्चऊअ ने हैदराबाद के भविष्य के विकास के लिए तीन महत्वपूर्ण अध्ययन शुरू किए हैं। इनमें आर्थिक विकास योजना , व्यापक गतिशीलता योजना और ब्लू एंड ग्रीन मास्टर प्लान शामिल हैं, जो सभी 2050 तक की अवधि को कवर करते हैं। इन एकीकृत योजनाओं का उद्देश्य पर्यावरणीय और आर्थिक चिंताओं को दूर करते हुए सतत शहरी विकास सुनिश्चित करना है।

व्यापक गतिशीलता योजना 'एलईए एसोसिएट्स साउथ एशिया' तैयार की जा रही है। कार्यशाला में सरकारी अधिकारियों, शहरी नियोजकों और परिवहन विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिन्होंने प्रस्तावित बुनियादी ढांचे के विकास और उनके कार्यान्वयन की रणनीतियों की समीक्षा की।





# आईसीसी की बड़ी कार्रवाई, वेस्टइंडीज के खिलाड़ी जेवोन सर्ल्स सहित तीन निलंबित

**नई दिल्ली/बारबा, 12 मार्च (एजेंसियां)।**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भ्रष्टाचार विरोधी नियमों के उल्लंघन के मामले में वेस्टइंडीज के खिलाड़ी जेवोन सर्ल्स, टीम अधिकारी ट्रेवोन ग्रिफिथ और टाइटंस टीम के मालिक चितरंजन राठौड़ पर आरोप लगाए हैं। यह मामला 2023-24 में बारबाडोस में आयोजित बिम10 क्रिकेट टूर्नामेंट से जुड़ा हुआ है।

**मैच फिक्सिंग से जुड़े आरोप** - जांच के बाद तीनों व्यक्तियों पर क्रिकेट वेस्टइंडीज के भ्रष्टाचार विरोधी नियमों के तहत कई आरोप लगाए गए हैं। राठौड़ पर तीन, सर्ल्स पर चार और ग्रिफिथ पर चार आरोप लगाए गए हैं।

इन सभी पर आरोप है कि उन्होंने बिम10 टूर्नामेंट के मैचों के परिणाम, प्रगति या अन्य पहलुओं को अनुचित तरीके से प्रभावित करने या ऐसा करने की साजिश रचने का प्रयास किया।

**खिलाड़ियों को उकसाने और जांच में सहयोग न करने का आरोप** - जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित व्यक्तियों ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को भ्रष्टाचार विरोधी नियमों का उल्लंघन करने के लिए उकसाने या सहायता करने का प्रयास किया।

इसके अलावा तीनों पर यह भी आरोप है कि उन्होंने संभावित भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच में सहयोग नहीं किया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई।

साथ ही सर्ल्स और ग्रिफिथ पर यह भी आरोप लगाया गया है कि उन्होंने क्रिकेट वेस्टइंडीज को उन संपर्कों या प्रस्तावों की जानकारी नहीं दी, जिनका उद्देश्य खिलाड़ियों को भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल करना था।

**सबूत छिपाने का भी आरोप** - ट्रेवोन ग्रिफिथ पर अतिरिक्त रूप से यह आरोप भी लगाया गया है कि उन्होंने भ्रष्टाचार से जुड़ी जांच के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाने या उसमें छेड़छाड़ करने की कोशिश की।

**तत्काल प्रभाव से निलंबन** - इन आरोपों के बाद तीनों को तत्काल प्रभाव से सभी प्रकार के क्रिकेट से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। उन्हें 11 मार्च 2026 से 14 दिनों के भीतर इन आरोपों का जवाब देने का समय दिया गया है।

यह मामला एक व्यापक जांच का हिस्सा है, जिसके तहत इससे पहले संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाड़ी एरॉन जोन्स पर भी भ्रष्टाचार विरोधी नियमों के उल्लंघन के कई आरोप लगाए जा चुके हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा है कि अनुशासनात्मक प्रक्रिया पूरी होने तक इस मामले में आगे कोई टिप्पणी नहीं की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### भविष्य में सैमसन को बनाया जा सकता है भारतीय टी20 टीम का कप्तान : कैफ



**मुम्बई।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम के टी20 विश्व कप 2026 जीतने के बाद अब सवाल उठाता है कि उनके बाद किसे कप्तानी दी जानी चाहिये। इसी को लेकर पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को भविष्य में कप्तानी दी जा सकती है क्योंकि उन्हें घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में कप्तानी का लंबा अनुभव है। कैफ के अनुसार सैमसन के पास वह अनुभव और मानसिक ठहराव है, जो किस कप्तान के पास होना जरुरी है। उन्होंने कहा, संजू ही कप्तान बन सकते हैं उसमें सभी योग्याताएं हैं। मेरा मानना है कि कप्तान वही अच्छा होता है जिसने दुनिया देखी हुई है। कैफ के अनुसार, किसी नए खिलाड़ी को सीधे कप्तानी सौंपना नुकसानदे हो सकता है, क्योंकि उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कठिन हालातों का सामना नहीं किया होता है। कप्तानी के लिए कैफ ने आईपीएल के अनुभव को अहम बताया है। उनका कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व करने से पहले खिलाड़ी को आईपीएल जैसे बड़े मंच पर अपने को एक लीडर के रूप में साबित करना चाहिए। सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स टीम की ओर से ऐसा किया है। उन्होंने कहा, कप्तान उसी को बनना चाहिए जिसने ट्रॉफी जिताई हो जिसने कप्तानी पहले करी हो जिसने आईपीएल में 100 150 मैच खेले हो। कैफ ने कहा कि संजू राजस्थान रॉयल्स को कप्तानी करते हुए फाइनल तक ले गये। । इस लंबे अनुभव की वजह से उन्हें मैदान पर गेंदबाजी बदलाव करने और दबाव के क्षणों में किसी प्रकार सही फैसले लेते हैं ये पता है।


### अभिषेक से खासे प्रभावित हैं पूर्व पाक क्रिकेटर बासित अली

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासिल अली ने भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज



अभिषेक शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि अगर हमारे पास भी उसके जैसे दो-तीन खिलाड़ी होते तो हमारी टीम भी बेहतर होती। विश्वकप में भारतीय टीम की ओर से संजू सैमसन और ईशान किशन ने काफी अच्छी बल्लेबाजी की पर हैरानी की बात है कि बासित अभिषेक से सबसे अधिक प्रभावित दिखे। अभिषेक के आक्रामक अंदाज की उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा है कि किसी भी खिलाड़ी की जिंदगी में खराब दौर आता रहता है। उन्होंने कहा, अगर कोई खिलाड़ी तीन पर बिना रन बनाये आउट हो तो भी इससे उसकी क्लास खत्म नहीं हो जाती। फॉर्म अस्थायी होती है, लेकिन क्लास हमेशा रहती है। साथ ही कहा कि अगर हमारे देश में भी उसके जैसे 2-3 खिलाड़ी होते तो बात अगल होती। टी20 विश्व कप में अभिषेक का प्रदर्शन हालांकि कुछ खास नहीं रहा उन्होंने कुल 141 रन बनाए। उन्होंने अमेरिका, पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ तीन बार शून्य पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 15 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की पारी खेली पर सुपर आठ के अंतिम मैच में वह वेस्टइंडीज के खिलाफ भी असफल रहे ओर 10 रन ही बना पाये। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भी दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये।

### जब भारत-श्रीलंका दोनो बने थे विजेता



**मुम्बई।** आईसीसी इवेंट में एक बार ऐसा भी रहा है जब खिताबी मुकाबले में दोनो ही टीमें विजेता घोषित कर दी गयी थीं। इसे सुनकर आप को हैरानी होगी पर ये सही है, लेकिन ऐसा सच में हुआ। ये मामला साल 2002 की है जब भारत और श्रीलंका के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेला गया था। इसके फाइनल में भारत और श्रीलंका दोनों चैंपियन बनी थी। खेल में परिणाम आये। इसके लिए नियम बनते और बदलते रहे हैं। इसी के तहत ही रिजर्व डे हो या फिर सुपर ओवर या तकनीक का प्रयोग होता आया है। ऐसा ही एक नियम चैंपियंस ट्रॉफी 2002 के फाइनल में भी लगा था पर इसके बाद भी मैच का परिणाम नहीं निकल पाया। हुआ ये था कि भारत और श्रीलंका के बीच ये फाइनल मुकाबला 29 सितंबर को कोलंबो में जाना था। मैच अपने तय समय से शुरू भी हुआ और श्रीलंकाई टीम ने पहले बल्लेबाजी की। सबकुछ ठीक चल रहा था। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 244 रन भी बनाए। 245 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए भारतीय बल्लेबाज मैदान पर भी उतरे, लेकिन दो ओवर का ही खेल हो पाया था कि बारिश हो गयी।

# आईपीएल 2026 के पहले चरण में सभी टीमें खेलेंगी चार-चार मैच : बीसीसीआई

**मुम्बई, 12 मार्च (एजेंसियां)।**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपील 2026 के पहले चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। पहले चरण में सभी टीमें चार-चार मैच खेलेंगी। बोर्ड ने इस बार पूरा कार्यक्रम इसलिए जारी नहीं किया है क्योंकि तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। बोर्ड के अनुसार विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद ही अगले चरण का कार्यक्रम जारी किया जाऐगा जिससे मैच की तारीखों का चुनाव तिथियों से टकराव न हो। बीसीसीआई के अनुसार आईपीएल का ये 19 वां सत्र 28 मार्च से शुरु होगा। इसमें पहला मुकाबला मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा। यह मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले चरण में 10 स्थलों बेंगलुरु, मुंबई, गुवाहाटी, न्यू चंडीगढ़, लखनऊ, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, अहमदाबाद और हैदराबाद में 20 मैच खेले जाएंगे। इस दौरान कुल 4 डबल हेडर (एक दिन में दो) मैच होंगे।

सत्र के दौरान, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बेंगलुरु में पांच और रायपुर में दो घरेलू मैच खेलेगी। वहीं पंजाब किंग्स न्यू चंडीगढ़ में चार और धर्मशाला में तीन घरेलू मैच खेलेगी, जबकि राजस्थान रॉयल्स गुवाहाटी में तीन और जयपुर में चार घरेलू मैच खेलेगी।



**आईपीएल 2026 आरसीबी के मैच**

- शनिवार, 28 मार्च - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद - बेंगलुरु
- रविवार, 5 अप्रैल - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स - बेंगलुरु
- शुक्रवार, 10 अप्रैल - राजस्थान रॉयल्स औररॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - गुवाहाटी
- रविवार, 12 अप्रैल - मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - मुंबई

**मुम्बई इंडियंस**

- रविवार, 29 मार्च - मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स - मुंबई
- शनिवार, 4 अप्रैल - दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस - दिल्ली
- मंगलवार, 7 अप्रैल - राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस - गुवाहाटी
- रविवार, 12 अप्रैल - मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - मुंबई

**चेन्नई सुपर किंग्स**

- सोमवार, 30 मार्च - राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स - गुवाहाटी
- शुक्रवार, 3 अप्रैल - चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स - चेन्नई
- रविवार, 5 अप्रैल - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स - बेंगलुरु
- शनिवार, 11 अप्रैल - चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स - चेन्नई

**कोलकाता नाइटराइडर्स**

- रविवार, मार्च 29 - मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स - मुंबई
- गुरुवार, 2 अप्रैल - कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद - कोलकाता
- सोमवार, 6 अप्रैल - कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स - कोलकाता
- गुरुवार, 9 अप्रैल - कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स - कोलकाता

**सनराइजर्स हैदराबाद**

- शनिवार, 28 मार्च - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद - बेंगलुरु
- गुरुवार, 2 अप्रैल - कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद - कोलकाता
- रविवार, 5 अप्रैल - सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स - हैदराबाद
- शनिवार, 11 अप्रैल - पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद - मुल्लानपुर

**गुजरात टाइटंस**

- मंगलवार, 31 मार्च - पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स - मुल्लानपुर
- शनिवार, 4 अप्रैल - गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स - अहमदाबाद
- बुधवार, 8 अप्रैल - दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटन्स - दिल्ली
- रविवार, 12 अप्रैल - लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटन्स - लखनऊ

**पंजाब किंग्स**

- मंगलवार, 31 मार्च - पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स - मुल्लानपुर
- शुक्रवार, 3 अप्रैल - चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स - चेन्नई
- सोमवार, 6 अप्रैल - कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स - कोलकाता
- शनिवार, 11 अप्रैल - पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद - मुल्लांपुर

**दिल्ली कैपिटल्स**

- बुधवार, 1 अप्रैल - लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स - लखनऊ
- शनिवार, 4 अप्रैल - दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस - दिल्ली
- बुधवार, 8 अप्रैल - दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटन्स - दिल्ली
- शनिवार, 11 अप्रैल - चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स - चेन्नई

**लखनऊ सुपरजायंट्स**

- बुधवार, 1 अप्रैल - लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स - लखनऊ
- रविवार, 5 अप्रैल - सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स - हैदराबाद
- गुरुवार, 9 अप्रैल - कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स - कोलकाता
- रविवार, 12 अप्रैल - लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटन्स - लखनऊ

**राजस्थान रॉयल्स**

- सोमवार, 30 मार्च - राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स - गुवाहाटी
- शनिवार, 4 अप्रैल - गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स - अहमदाबाद
- मंगलवार, 7 अप्रैल - राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस - गुवाहाटी
- शुक्रवार, 10 अप्रैल - राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - गुवाहाटी।

# हार्दिक को पीठ पर तिरंगा बांधकर जश्न मनाना भारी पड़ा



**पुणे, 12 मार्च (एजेंसियां)।**

**भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को टी20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की जीत के बाद अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा के साथ जश्न मानना भारी पड़ है। हार्दिक जश्न के दौरान पीठ पर तिरंगा झंडा बांधे हुए थे और महिका के साथ अलग-अलग अंदाज में पोज दे रहे थे।**

इसी को लेकर एक वकील ने वाजिद खान ने पंड्या के खिलाफ राष्ट्रध्वज की गरिमा को ठेस पहुंचाने की शिकायल दर्ज करायी है। न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भारतीय टीम की जीत के बाद सभी खिलाड़ी खुशी मना रहे थे। इस दौरान सभी तस्वीरें भी खिंचा रहे थे। इसी दौरान हार्दिक और उनकी गर्लफ्रेंड महिका की हरकतों पर शिकायतकर्ता वकील ने आपति जतायी है। उनका कहना है कि पंड्या जश्न मनाते हुए

### वकील ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी

अपनी गर्लफ्रेंड के साथ नाच रहे थे जबकि उनकी पीठ पर राष्ट्रीय ध्वज बंधा हुआ था। वहीं राष्ट्रीय ध्वज अधिनियम के अनुसार, हमें राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा का सम्मान करना चाहिए पर हार्दिक अपनी जीत के जश्न में इतने डूब गये थे कि वे अपनी गर्लफ्रेंड के साथ राष्ट्रीय ध्वज बांधकर मैदान में लेटे नजर आये। जो राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है। गौरतब है कि वाजिद के अलावा कई और लोगों ने भी हार्दिक और महिका की हरकतों को देखते हुए सोशल मीडिया पर इन दोनो को फटकारा है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार महिका के कारण ही हार्दिक पंड्या और उनके बड़े भाई क्रुणाल पंड्या के बीच मतभेद पैदा हो गये हैं। इसी कारण क्रुणाल न तो फाइनल देखने स्टेडियम पहुंचे थे और न ही उन्होंने उन्हें सोशल मीडिया पर ही बधाई दी। हार्दिक का अपनी पहली पत्नी और सर्बियाई मॉडल नताशा स्टानकोविक से तलाक को गया है। उसके बाद महिका उनकी जिंदगी में आयीं।

## 'द हंड्रेड' में भारतीय महिला क्रिकेटर छायी रहीं



**लंदन।** इंग्लैंड में 'द हंड्रेड' महिला क्रिकेट लीग के लिए हुई नीलामी में स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा सहित कई भारतीय महिला क्रिकेटर छायी रहीं। वहीं किसी भी फ्रेंचाइजी ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर बोली नहीं लगायी। इस लीग में नीलामी के लिए पाक की बाएं हाथ की बल्लेबाज मुनीबा अली, तेज गेंदबाज डायना बेग, लेफ्ट-आर्म स्पिनर सादिया इकबाल और पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने अपना नाम दर्ज कराया था। इन चारों ही पाक क्रिकेटरों ने 15000 पाउंड के आधारमूल्य के साथ ही अपना नाम नीलामी में दर्ज कराया था। इस चारों में से केवल फातिमा सना और सादिया ही फाइनल नीलामी तक पहुंची थीं। वहीं इससे पहले कहा जा रहा था कि आईपीएल मालिकों वाली 'द हंड्रेड' टीमें शायद ही पाक खिलाड़ियों को शामिल करेंगी। इसके बाद इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा था कि किसी भी देश के खिलाड़ियों से भेदभाव नहीं किया जाएगा। साथ ही कहा था कि चयन केवल प्रदर्शन, उपलब्धता और टीम की जरूरत को देखकर किया जाएगा।


# यूईएफए चैंपियंस लीग : फेडेरिको वाल्वर्डे की हैट्रिक से रियल मैड्रिड की शानदार जीत

**मैड्रिड, 12 मार्च (एजेंसियां)।**

**यूईएफए चैंपियंस लीग 2025-26 के राउंड ऑफ 16 के पहले मुकाबले में रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को 3-0 से हराकर बड़ा कदम क्वार्टर फाइनल की ओर बढ़ा दिया। सैंटियागो बर्नाबिउ स्टेडियम में खेले गए इस मैच में उरुग्वे के मिडफील्डर फेडेरिको वाल्वर्डे ने अपने करियर की पहली हैट्रिक लगाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।**

### पहले हाफ में ही रियल मैड्रिड ने बनाई बढ़त

मैच के 20वें मिनट में गोलकीपर थिबो कोर्टुआ की लंबी पास पर वाल्वर्डे दाईं ओर से तेज दौड़ लगाते हुए आगे बढ़े और



गोलकीपर जियानलुइजी डोनारुम्मा को छकाकर गेंद को गोल में पहुंचा दिया।

सात मिनट बाद विनीसियस जूनियर के शानदार पास पर वाल्वर्डे ने ऑफसाइड ट्रैप को तोड़ते हुए दूसरा गोल दाग दिया। इससे रियल मैड्रिड ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली।

पहले हाफ के 42वें मिनट में रियल मैड्रिड ने तीसरा गोल किया। ब्राहिम डियाज़ के बेहतरीन पास पर वाल्वर्डे ने गेंद को आगे उछालकर शानदार वॉली लगाई और अपनी हैट्रिक पूरी कर ली। इस गोल के साथ स्टेडियम में मौजूद दर्शक खुशी से झूम उठे।

### दूसरे हाफ में मैनचेस्टर सिटी की कोशिश

दूसरे हाफ में मैनचेस्टर सिटी ने वापसी की कोशिश की। जेरमी डोकू और एंटोइन सेमेन्यो ने आक्रमण तेज किया, लेकिन रियल मैड्रिड के गोलकीपर कोर्टुआ ने शानदार बचाव करते हुए टीम की बढ़त बरकरार रखी। इस दौरान रियल मैड्रिड को एक और गोल करने का मौका भी मिला जब विनीसियस जूनियर को पेनल्टी मिली, लेकिन डोनारुम्मा ने शानदार बचाव करते हुए गोल होने से रोक दिया।

### दूसरे चरण में सिटी के सामने बड़ी चुनौती

इस जीत के साथ रियल मैड्रिड ने मुकाबले में मजबूत बढ़त बना ली है। अब दूसरा मुकाबला अगले सप्ताह इंग्लैंड में खेला जाएगा, जहां मैनचेस्टर सिटी को अगले दौर में पहुंचने के लिए बड़ी वापसी करनी होगी।

वाल्वर्डे ने मैच के बाद कहा कि यह उनके लिए बेहद खास दिन था और टीम की जीत से वह बेहद खुश हैं।

# चैंपियंस लीग: आर्सेनल और लेवरकुज़ेन के बीच खेला गया मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त

**बर्लिन, 12 मार्च (एजेंसियां)।**

**चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ 16 के पहले मुकाबले में आर्सेनल और बायर लेवरकुज़ेन के बीच खेला गया मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। बेअरएरेना स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए इस मुकाबले में आर्सेनल को अंतिम मिनटों में पेनल्टी मिली, जिस पर काई हावर्ट्स ने गोल कर टीम को हार से बचा लिया।**

मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने सावधानी के साथ खेल दिखाया और मजबूत रक्षण पर ध्यान दिया। लेवरकुज़ेन के कप्तान रॉबर्ट आंद्रिख शुरुआती मिनटों में ही चर्चा में आ गए जब उन्होंने आर्सेनल के खिलाड़ी विक्टर ग्योकेरेस को बॉक्स के बाहर रोक दिया, जिसके कारण उन्हें



पीला कार्ड मिला। आर्सेनल ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखा, लेकिन लेवरकुज़ेन की मजबूत रक्षा पंक्ति के कारण स्पष्ट अवसर कम ही बन सके। पहले हाफ के मध्य में गैब्रियल मार्टिनेली ने शानदार कर्लिंग शॉट लगाया, लेकिन गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। दूसरी ओर लेवरकुज़ेन की ओर से इब्राहिम माज़ा ने कुछ हमले किए, मगर पहले हाफ के अंत तक कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी।

### दूसरे हाफ में लेवरकुज़ेन को बढ़त

दूसरे हाफ की शुरुआत होते ही लेवरकुज़ेन ने बढ़त बना ली। मार्टिन टेरियर के हेडर को गोलकीपर डेविड राया ने शानदार तरीके से रोका, लेकिन इसके बाद मिले कॉर्नर पर एलेजांद्रो ग्रिमाल्डो की गेंद दूर पोस्ट तक पहुंची, जहां रॉबर्ट आंद्रिख ने हेडर लगाकर गोल कर दिया। इस गोल के बाद लेवरकुज़ेन की टीम ने मजबूत रक्षण करते हुए आर्सेनल को ज्यादा मौके नहीं दिए।

### अंतिम मिनट में हावर्ट्स ने दिलाई बराबरी

मुकाबले के अंतिम क्षणों में आर्सेनल को बड़ा मौका मिला। पेनल्टी क्षेत्र में मलिक टिलमैन ने नोनी माडुके को रोका, जिसके बाद वीडियो समीक्षा के जरिए रेफरी ने पेनल्टी का फैसला दिया। आर्सेनल के लिए मैदान पर उतरे काई हावर्ट्स ने 89वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदल दिया और स्कोर 1-1 कर दिया। इस बराबरी के साथ मुकाबला समाप्त हुआ और अब दूसरा चरण अगले सप्ताह लंदन में खेला जाएगा।

### अन्य मुकाबलों में भी बड़े परिणाम

राउंड ऑफ 16 के अन्य मुकाबलों में रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को 3-0 से हराया। वहीं पेरिस सेंट जर्मेन ने चेल्सी पर 5-2 की बढ़त हासिल की, जबकि बोदो ग्लिम्ट ने स्पोर्टिंग क्लब को 3-0 से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की।

# टीजीएमडीसी अधिकारियों की निष्क्रियता से सरकार को हो रहा भारी नुकसान!



**मंचेरियाल, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** तेलंगाना मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (टीजीएमडीसी) पर आरोप है कि वह चेन्नूर विधानसभा क्षेत्र में स्थित एक सरकारी खदान में गोदावरी नदी से रेत के अवैध खनन और परिवहन को रोकने में विफल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी खजाने को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है।

निगम के अधिकारियों पर आरोप है कि वे चुप्पी साधे हुए हैं, जबकि रेत को बिल में उल्लिखित स्थानों से अलग अन्य स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा, उन पर यह भी आरोप है कि वे आधिकारिक खनन क्षेत्रों के संचालकों को ट्रकों में अनुमत मात्रा से अधिक रेत लोड करने के लिए अतिरिक्त शुल्क वसूलने की अनुमति दे रहे हैं।

अधिकारियों की इस निष्क्रियता के कारण सरकारी खजाने को नुकसान हो रहा है, जो पहले से ही वित्तीय संकट से जूझ रहा है। हाल ही में, सिंगारेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के जयपुर स्थित थर्मल पावर प्लांट में रेत उतारते हुए दस रेत से लदे ट्रकों को पुलिस ने पकड़ा। ये ट्रक रेत को निर्मल जिले के वेंगवापेट ले जाने के बजाय वहीं रेत लाद रहे थे, और ट्रक चालकों के खिलाफ अधिकारियों को धोखा देने का मामला दर्ज किया गया है।

यह रेत चिंतपल्ली गांव में सरकार द्वारा चिन्हित एक खदान से लाई गई थी, लेकिन खदान के अधिकृत ठेकेदार कथित तौर पर प्रत्येक ट्रक मालिक से अतिरिक्त रेत भरने के लिए 1,000 रुपये का 'कर' वसूल रहे हैं। खदान के पर्यवेक्षकों ने खुलेआम इस शुल्क को स्वीकार किया और दावा किया कि अवैध शुल्क लगाने पर ही वे खदान के संचालन से लाभ कमा सकते हैं। ट्रक मालिकों ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें नुकसान हो रहा है।

आरोप यह भी है कि अधिकारियों की निगरानी में कमी के कारण ठेकेदार विभाग द्वारा अनुमत स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान से रेत का खनन कर रहा है। बताया गया है कि अधिकारी ठेकेदार और ट्रक मालिकों के खिलाफ मामले तभी दर्ज करते हैं जब मीडिया द्वारा कुछ अनियमितताओं का खुलासा किया जाता है।

अवैध खनन और रेत परिवहन पर अंकुश लगाने में विफल रहने के कारण अधिकारी अब जांच के दायरे में आ चुके हैं। टीजीएमडीसी के अधिकारी टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे, जबकि चेन्नूर निर्वाचन क्षेत्र के श्रम मंत्री डॉ. जी विवेक ने दावा किया कि इस समस्या को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

## कोरुटला में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार

# विधायक डॉ. कलवकुंतला संजय ने स्कैनिंग सेंटर और एचपीवी वैक्सीन कार्यक्रम का उद्घाटन किया



**जगतियाल, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** जगतियाल जिले के कोरुटला विधायक डॉ. कलवकुंतला संजय ने मेट पल्ली और कोरुटला सरकारी अस्पतालों में नए बनाए गए स्कैनिंग सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक ने महिलाओं की सेहत की सुरक्षा के लिए अस्पताल में उपलब्ध कराए गए एचपीवी वैक्सीन प्रोग्राम का उद्घाटन भी किया।

उद्घाटन समारोह में विधायक ने कहा कि नारी की सुरक्षा अवश्य जरूरी है, और इस बात पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाकर लोगों को बेहतर मेडिकल सेवाएं दी जा सकती हैं।डॉ. संजय ने बताया कि नई शुरू हुई स्कैनिंग से महिलाओं और अन्य मरीज़ों को प्राइवेट अस्पतालों में जाए बिना, स्थानीय स्तर पर टेस्ट करवाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सेहत की सुरक्षा के लिए एचपीवी (ह्यूमन पेपिलोमा वायरस) वैक्सीन बहुत ज़रूरी है। यह वैक्सीन लगवाने से सर्वाइकल कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों को पहले ही रोका जा सकता है।विधायक ने खासकर युवतियों और लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसे लगवाने की सलाह दी।इस कार्यक्रम में कोरुटला नगरपालिका के अध्यक्ष टी. गंगाधर वसंथा, उपाध्यक्ष शाहेद, वासिम, वार्ड मेंबर्स और अन्य लोग उपस्थित थे।

## भूमि समस्याओं के समाधान पर जोर

# कलेक्टर हरिता का निर्देश : समन्वय से काम करें अधिकारी



**आसिफाबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** जिला कलेक्टर के. हरिता ने कहा कि जिले में भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करना चाहिए। बुधवार को जिला केंद्र स्थित एकीकृत जिला समाहरणालय भवन में सर्वेक्षण भूमि अभिलेख विभाग की देखरेख में लाइसेंस सर्वेक्षकों के दूसरे बैच के लिए आयोजित 50 दिनों के प्रशिक्षण के बाद आयोजित परीक्षाओं में चयनित 53 लाइसेंसधारी सर्वेक्षकों को दस्तावेज वितरित किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत भू-स्वामित्व हस्तांतरण जैसे उत्तराधिकार बंटवारा एवं खरीद-फरोख्त की प्रक्रिया में स्थान मानचित्र अवश्य संलग्न किया जाए। उन्होंने कहा कि बिना किसी गलती के कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने आगे कहा कि मंडल सर्वेक्षक को सरकार द्वारा की जाने वाली भूमि सर्वेक्षण प्रक्रिया में सहायक के रूप में काम करना चाहिए और भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सर्वेक्षक ही महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम में भूमि सर्वेक्षण ए डी विनय, मंडल सर्वेक्षकों, लाइसेंस प्राप्त सर्वेक्षकों ने भाग लिया।

## प्लास्टिक-फ्री समाज की ओर एक कदम

# कोरुटला बार एसोसिएशन ने शुरू किया पोस्टकार्ड मूवमेंट



**जगतियाल, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** जगतियाल जिले के कोरुटला बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट बैरी विजय कुमार ने कहा कि प्लास्टिक-फ्री समाज बनाने के मकसद से बार एसोसिएशन की देखरेख में पोस्टकार्ड मूवमेंट शुरू किया गया है।

गुरुवार को, जगित्याला के वकील नागिरेड्डी मधुसूदन रेड्डी की मेहरबानी से इस मूवमेंट का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर बोलते हुए, बैरी विजय कुमार ने कहा कि नागिरेड्डी द्वारा शुरू किया गया यह मूवमेंट तारीफ के काबिल है और समाज के लिए बहुत बड़ा योगदान देगा।

उन्होंने बताया कि आने वाली पीढ़ियों को हेल्दी और साफ माहौल देने के लिए प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करना आवश्यक है। प्रेसिडेंट बैरी विजय कुमार ने लोगों की सेहत और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करने और प्लास्टिक-फ्री समाज बनाने में योगदान देने की अपील की।

इस कार्यक्रम में कोरुटला बार एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी चिलिवेरी राजशेखर, लेडी रिप्रेजेंटेटिव अंबाला नागा निर्मला, अड्डेपु विनोद, और बार एसोसिएशन के सीनियर और जूनियर वकीलों ने हिस्सा लिया।

## परीक्षा सामग्री वितरण कार्यक्रम

# आसिफाबाद एएसपी चितरंजन ने छात्रों को किया प्रोत्साहित



**आसिफाबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** पुलिस फॉर यू कार्यक्रम के तहत कुमारम भीम आसिफाबाद जिले के तिरयानी मंडल के आश्रम हाई स्कूल में आज दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए परीक्षा सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आसिफाबाद एएसपी चितरंजन आईपीएस ने छात्रों को परीक्षा पैड, पेन और पानी की बोतलें वितरित कीं।

कार्यक्रम के दौरान, एएसपी चितरंजन ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे शिक्षा के माध्यम से उच्च स्तर तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यदि 10वीं कक्षा के छात्र स्पष्ट लक्ष्य के साथ कड़ी मेहनत करते हैं, तो वे भविष्य में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के छात्रों को भी प्रेरित किया, यह बताते हुए कि अगर वे दृढ़ रहते हैं, तो वे देश की सेवा के स्तर तक आगे बढ़ सकते हैं।

इस कार्यक्रम में शामिल छात्रों में केजीबीवी - 39, आश्रम हाई स्कूल चेलीमेला - 48, आश्रम हाई स्कूल रोमपल्ली - 08, आश्रम हाई स्कूल तिरयानी - 37, गुरुकुलम - 39, आश्रम हाई स्कूल गिन्नदारी - 35, पंगुडीमादरा - 11, और जेडपीएचएस तिरयानी - 43 छात्र शामिल थे। कार्यक्रम में संजय, तिरयानी एसआई वेंकटेश, शिक्षक, पुलिस कर्मी और अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# मंचेरीयाल में सरकारी नौकरी की उम्मीद में युवक ने की आत्महत्या

**मंचेरियाल, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** जिला कासिपेट मंडल के लंबदिथांडा गांव में बुधवार शाम को सरकारी नौकरी के इच्छुक 28 वर्षीय युवक अलीशेट्टी हरीश ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। घटना का पता गुरुवार को चला।

पुलिस ने बताया कि हरीश ने शाम करीब 7 बजे अपने माता-पिता के घर से बाहर रहते हुए खुद को एक कमरे में बंद कर लिया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पिता, जो एक राजमिस्त्री हैं, जब घर लौटे तो उन्होंने हरीश को छत से लटका हुआ पाया।

हरीश द्वारा कथित तौर पर लिखे गए आत्महत्या नोट के अनुसार, सरकारी नौकरी पाने में बार-बार असफल होने के कारण वह निराश और मानसिक तनाव में थे। वह दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से डिग्री भी हासिल कर रहा था। नोट में उन्होंने कहा कि अगर उन्हें नौकरी मिल जाती तो वह अपने माता-पिता की देखभाल करना चाहते थे।

राजैया द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गुंडी स्कूल में प्रेरक सत्र



**आसिफाबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** मंडला प्राथमिक विद्यालय गुंडी में आज एक प्रेरक सत्र का आयोजन किया गया। मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. वडलूरी राजेश ने 10वीं कक्षा के छात्रों को बताया कि आगामी वार्षिक परीक्षा में क्या करना है। परीक्षा कैसे लिखें कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षाओं में अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए समय प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारण और उचित अभ्यास के बारे में बताया गया है। समय का महत्व और लक्ष्य तक पहुंचने के लिए क्या प्रयास किये जा सकते हैं, इसका उदाहरण कई कहानियों से मिलता है। डॉ. वडलुरी राजेश समय प्रबंधन विफल, लक्ष्य कैसे प्राप्त करें? छात्रों को कई कहानियाँ, टिप्स और विषय समझाए गए। बताया गया कि विद्यार्थियों के लिए ध्यान और मेडिटेशन बहुत जरूरी है और परीक्षा के दौरान विद्यार्थी ध्यान लगाकर एकाग्रता हासिल कर सकते हैं और आसानी से परीक्षा दे सकते हैं। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती कविता गारू एवं शिक्षक शिक्षक डी. वी. यान मूर्ति, इगुरुपु मल्लेश, वेंकटेश, अतीस, सतीश, आर. संतोष, आर. नरेश, जी. धन राज ने भाग लिया और छात्रों को कई सुझाव दिये। इसके बाद प्राचार्यों और शिक्षकों ने मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. वडलुरी राजेश को सम्मानित किया।

# ऑटो चालकों के लिए बजट आवंटन की मांग

## मंत्री विवेक वेंकटस्वामी को सौंपा गया मांग पत्र



**मंचेरियाल, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** विधानसभा के बजट सत्र में ऑटो चालकों के लिए बजट आवंटित करने हेतु मंत्री विवेक वेंकटस्वामी को याचिका दी गई है। ऑटो जेएसी के प्रदेश अध्यक्ष मंदा रविकुमार ने यह मांग पत्र सौंपा, जिसमें ऑटो चालकों के लिए तत्काल बजट आवंटित करने की बात कही गई है।कांग्रेस पार्टी के 2023 के चुनाव घोषणापत्र में ऑटो चालकों के लिए एक ऑटो कल्याण बोर्ड गठित करने और 1000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित करने का वादा किया गया था। इसके साथ ही, 12 हजार रुपये के कई अन्य वादे भी किए गए थे। हालांकि, ढाई साल बीत चुके हैं, लेकिन अब तक एक भी वादा पूरा नहीं हुआ है।इस कार्यक्रम में गणेश, सदानंदम, वेंकटेश, लक्ष्मैया, विजय, रमेश और अन्य ऑटो यूनियन नेताओं ने भाग लिया और एक याचिका सौंपी, जिसमें आग्रह किया गया है कि इस महीने की 16 तारीख से शुरू होने वाली विधानसभा बजट बैठक में ऑटो चालकों के लिए तत्काल बजट आवंटित किया जाए।

# महिलाओं का कल्याण और विकास सर्वोच्च प्राथमिकता : दीपक



**मंचेरियाल, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** तेलंगाना राज्य में महिलाओं का कल्याण और विकास सर्वोच्च प्राथमिकता है।जिलाधिकारी कुमार दीपक उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को विकास कार्यों में शामिल करने के लिए कदम उठाए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप जिले में छात्रों की संख्या में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और मंचरियाल जिला राज्य में अग्रणी नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्रों को उच्च प्राथमिकता देते हुए महिला कल्याण के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों के जन्म से लेकर उनके बड़े होने तक परिवार में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी, तथा सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी और शिक्षा प्रदान की जाएगी।प्रजाबलम मंचरियाल जिला प्रतिनिधि, 10 मार्च को कृषि और अन्य कई व्यवसायों में शामिल हुए।जिला कलेक्टर कुमार दीपक ने कहा कि तेलंगाना राज्य में महिलाओं के कल्याण और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। मंगलवार को जिले के नासपुर स्थित एकीकृत जिला कार्यालय भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित समारोह में जिला अतिरिक्त कलेक्टर (स्थानीय निकाय) पी. चंद्रैया, जिला कल्याण अधिकारी रऊफ खान, जिला अनुसूचित जाति विकास उप निदेशक वटराजुला दुर्गा प्रसाद, जिला ग्रामीण विकास अधिकारी किशन, जिला नागरिक संबंध अधिकारी कृष्णमूर्ति और मुंचिरयाल नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे।उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा और उन्हें अग्रणी भूमिका में रखा जाएगा।महापौर वन्नी मधुरार, लक्षेट्टीपेट नगर पालिका अध्यक्ष अंजली और उपाध्यक्ष राजेश्वरी उपस्थित थीं।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345




दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शुक्रवार, 13 मार्च, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# महेश बैंक चुनावों को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने पर हैदराबाद कलेक्टर हरि चंदना सम्मानित

**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन के प्लेनरी हॉल में बहु-राज्य सहकारी समितियों के चुनावों में पारदर्शिता और सुचिता विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई । इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर, सहकारी मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं सेंट्रल रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव सोसाइटी के चेयरमैन आनन्द कुमार झा, सहकारी चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष श्री आर.के. गुप्ता तथा सदस्य श्रीमती मोनिका खन्ना (संयुक्त रजिस्ट्रार, सीआरसीएस) मुख्य वक्ताओं के रूप में उपस्थित रहे।

**सहकारी चुनावों में पारदर्शिता पर तकनीकी सत्र**

सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण द्वारा निर्वाचन में सुशासन के सिद्धांतों का संवर्धन, सहकारी चुनाव प्राधिकरण की भूमिका, सहकारी चुनाव प्राधिकरण द्वारा चुनाव का संचालन, रिटर्निंग ऑफिसर की भूमिका, सुधार एवं आगे का रास्ता, सक्रिय सदस्यों (मतदाता सदस्यों) की पहचान तथा निर्विरोध चुनावों के आयाम जैसे विषयों पर दो तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया।

**हरि चंदना ने साझा किए महेश बैंक चुनाव के अनुभव**

हैदराबाद जिला कलेक्टर एवं आंध्र प्रदेश महेश को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड के चुनावों की मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती हरि चंदना ने जिला राजस्व अधिकारी वेंकटाचार्य तथा प्रसन्ना कुमारी के साथ इस सम्मेलन में भाग लिया।






इस अवसर पर श्रीमती हरि चंदना ने महेश बैंक के चुनावों को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने में आई चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महेश बैंक चुनावों पर एक ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति भी प्रस्तुत की।

**केंद्रीय मंत्री ने की प्रशंसा, किया सम्मानित**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि दक्षिण भारत की प्रमुख सहकारी बैंक – महेश बैंक के चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने पर हैदराबाद जिलाधीश श्रीमती हरि चंदना की सराहना की जानी चाहिए।

उन्होंने हैदराबाद की जिला कलेक्टर एवं महेश बैंक चुनावों की मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती हरि चंदना को महेश बैंक के चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सम्मानित किया।

केंद्रीय निर्वाचन प्राधिकरण के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि सहकारी संस्थाओं के चुनावों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए महेश बैंक के चुनाव एक मानक (बेंचमार्क) के रूप में देखे जा सकते हैं।

इस सम्मेलन में महेश बैंक के चेयरमैन सीए मुरली मनोहर पलोड तथा वाइस चेयरमैन गोविंद नारायण राठी भी उपस्थित रहे। उन्होंने महेश बैंक के चुनावों के सफल संचालन के लिए सम्मानित होने पर श्रीमती हरि चंदना को बधाई दी।




# केबीआर पार्क पर किया गया अन्नदान

**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में इंडो अमेरिकन कैंसर अस्पताल के सामने केबीआर पार्क पर अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संजय गुप्ता, मनीष अग्रवाल, जयप्रकाश सारडा, हरीश तोलाराम हिंदूजा सहित राधे-राधे ग्रुप के अनेक सदैव उपस्थित थे।



# ईसीआईएल की सीएसआर पहल: मुलुगु के दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र को मिला प्री-फैब्रिकेटेड प्राथमिक स्कूल







**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के तहत आने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम, इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल), हैदराबाद ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ईसीआईएल ने मुलुगु जिले के एतुरुनगरम मंडल के गुर्लाबावी में एक प्री-फैब्रिकेटेड प्राथमिक स्कूल का निर्माण कर उसे स्थानीय समुदाय को सौंप दिया है।12 मार्च (गुरुवार) को आयोजित इस गरिमामय समारोह में तेलंगाना की पंचायत राज, ग्रामीण विकास और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री श्रीमती दानसारी अनसूया सीताक्का गरु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ ईसीआईएल के कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन) कमोडोर संतोष रामास्वामी (सेवानिवृत्त) और जिला कलेक्टर श्री दिवाकरा टी.एस. भी मौजूद थे। स्कूल के साथ-साथ ईसीआईएल ने जिले के सरकारी स्कूलों में प्राथमिक छात्रों के लिए 'लर्न टू रीड इंग्लिश' कार्यक्रम को भी अपना समर्थन दिया है।

**मंत्री सीताक्का ने की ईसीआईएल के प्रयासों की सराहना**

समारोह को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री श्रीमती सीताक्का ने ईसीआईएल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक अत्यंत दुर्गम और दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र में प्री-फैब्रिकेटेड स्कूल प्रदान करना ईसीआईएल के ईमानदार प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, ''संपन्न लोगों को सहायता के कई रास्ते मिल जाते हैं, लेकिन गरीब लोग हमेशा सरकार और सहायता की ओर देखते हैं।'' उन्होंने अधिकारियों से जन अपेक्षाओं पर खरा उतरने और गरीबों की सेवा करने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने ईसीआईएल से मुलुगु जिले को गोद लेने का भी अनुरोध किया ताकि भविष्य में ऐसी और जनहितकारी पहल की जा सकें।

**आदिवासी बच्चों के भविष्य को मिलेगी नई दिशा**

ईसीआईएल के कार्यकारी निदेशक कमोडोर संतोष रामास्वामी ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज के आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है, ताकि उन्हें लंबी दूरी तय न करनी पड़े। लर्न टू रीड इंग्लिश कार्यक्रम के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि दिशा फाउंडेशन के माध्यम से प्राथमिक स्तर पर ही छात्रों के संचार कौशल को बेहतर बनाया जाएगा। इससे वे कॉर्पोरेट स्कूलों के छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होंगे। उन्होंने दोहराया कि ईसीआईएल समाज और राष्ट्र के सतत विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

**विकास की निरंतरता और टीम का योगदान**

जिला कलेक्टर दिवाकरा ने पिछले 5 वर्षों से मुलुगु जिले के बुनियादी ढांचे और जीवन स्तर को सुधारने में ईसीआईएल के निरंतर सहयोग की प्रशंसा की। उन्होंने जिले के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में और अधिक ऐसी परियोजनाओं की मांग की।कार्यक्रम के सफल आयोजन में ईसीआईएल के डॉ. पी. वेणु बाबू (सीएमओ और प्रभारी सीएसआर), सुनील कुमार जे. (उप प्रबंधक-मा.सं.), सनातन कुमार के. (संयुक्त सचिव, ईसीओए) और श्री एमवीबीयूएसवी कुमार (संयुक्त सचिव, ईसीएमएस यूनियन) का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए अथक प्रयास किए।

# दाहिमा समाज द्वारा चैत्र नवरात्रि महोत्सव 19 से

## दाहिमा मंदिर चूड़ी बाजार में 19 से 26 मार्च तक होंगे धार्मिक आयोजन

**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दाहिमा समाज (रजि.) के द्वारा दाहिमा युवा मंच एवं दाहिमा महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 'चैत्र नवरात्रि महोत्सव 2026' का आयोजन गुरुवार 19 मार्च से गुरुवार 26 मार्च तक चूड़ी बाजार स्थित दाहिमा मंदिर में किया जा रहा है। उक्त जानकारी यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में मंत्री सत्यप्रकाश डोबा द्वारा दी गई।

**समाज की विशेष बैठक में तैयारियों पर हुआ विचार-विमर्श**

चैत्र नवरात्रि महोत्सव 2026 के संदर्भ में दाहिमा समाज हैदराबाद-सिकंदराबाद की एक विशेष बैठक समाज के कार्यालय अग्रवाल चैम्बर्स, किंग कोठी में अध्यक्ष सुरेश गाँधी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से आयोजित करने के उद्देश्य से रमेश गाँधी, श्यामसुन्दर तिवाड़ी (एलआईसी), पवन जोपट एवं रमेश तिवाड़ी को कार्यक्रम संयोजक नियुक्त किया गया।

**घट स्थापना से होगा महोत्सव का शुभारम्भ**

विज्ञप्ति अनुसार नवरात्रि महोत्सव का शुभारम्भ विक्रम संवत 2083, चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, गुरुवार 19 मार्च को चूड़ी बाजार स्थित दाहिमा मंदिर में मध्याह्न 11:11 बजे नवरात्रि महोत्सव के मुख्य यजमान गोपाल मुकेश सूँठवाल तथा समाज के अध्यक्ष सुरेश गाँधी द्वारा आचार्य पं. लोकेश दाधिच (करेशिया) के





आचार्यत्व में घट स्थापना से होगा। तत्-पश्चात दुर्गा सप्तशती पाठ किया जाएगा।

नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 9:01 बजे दुग्धाभिषेक, मध्याह्न 1:31 बजे दुर्गा सप्तशती पाठ, सायं 6:31 बजे कुंकुम अर्चना, रात्रि 8:31 बजे भजन-संकीर्तन एवं रात्रि 10:31 बजे शयन आरती आयोजित की जाएगी।

**गणगौर शोभायात्रा व भजन संध्या होंगे आकर्षण**

नवरात्रि महोत्सव के प्रथम दिवस दाहिमा महिला मंडल द्वारा सायं 5:01 बजे ज्ञानबाग कॉलोनी स्थित शंकरलाल सुरेन्द्र आचार्य डोबा के निवास स्थान से गणगौर शोभा यात्रा बाजे-गाजे के साथ प्रारम्भ होकर चूड़ी बाजार स्थित दाहिमा मंदिर पहुँचेगी। तत्पश्चात महिलाओं द्वारा ईसरजी-गौराजी की पूजा-अर्चना की जाएगी। रात्रि 7:31 बजे से राजेश शर्मा (अजमेरिया तिवारी) द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित होगा।

**सुंदरकाण्ड, मंगलपाठ व राम नवमी पूजन भी होंगे**

महोत्सव के अंतर्गत 21 मार्च को सायं 6:01 बजे से शत्रुघ्न दाहिमा एवं सहयोगियों द्वारा संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ किया जाएगा। सोमवार 23 मार्च को रात्रि 9:01 बजे से निजामाबाद भजन मंडली द्वारा भजन संध्या का आयोजन रहेगा।

बुधवार 25 मार्च को दाहिमा महिला मंडल द्वारा मध्याह्न 1:01 बजे से मंगलपाठ, सायं 5:31 बजे से आचार्य एवं ब्राह्मणों द्वारा हवन, तथा रात्रि 9:01 बजे से स्वजातीय महिलाओं द्वारा माताजी का रातीजोगा किया जाएगा।

गुरुवार 26 मार्च को राम नवमी महोत्सव पूजन एवं प्रातः 11:01 बजे से 4 से 10 वर्ष की कन्याओं का स्वजातीय बंधुओं द्वारा कन्या पूजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 19 मार्च से 25 मार्च तक परिवार एवं गोत्र के नाम से सामूहिक दुग्धाभिषेक एवं कुंकुम अर्चना भी की जाएगी।

**निमंत्रण पत्र का हुआ विमोचन**

बैठक में नवरात्रि महोत्सव 2026 के निमंत्रण पत्र का विमोचन भी किया गया। बैठक में अध्यक्ष सुरेश गाँधी, मंत्री सत्यप्रकाश डोबा, नन्दकिशोर काकड़ा, सुरेश खटोड़, खेमचन्द करेशिया, दीपक काकड़ा, दिलीप इटोदिया, अशोक शर्मा, रामप्रसाद रिणवा, मूलचन्द पाटोदिया, श्यामसुन्दर तिवारी (एलआईसी), राधेश्याम गोठड़ीवाल, महेश व्यास, राजेश दाहिमा (बोरायडा), मुरलीमनोहर तिवारी, संजयकुमार तिवारी, नवनीत खटोड़, राजेन्द्र बोरायडा, श्यामसुन्दर तिवाड़ी सहित दाहिमा महिला मंडल की अध्यक्षा किरण डोबा, मंत्राणी सारिका तिवाड़ी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।नवरात्रि महोत्सव के संयोजक रमेश गाँधी, श्यामसुन्दर तिवाड़ी (एलआईसी), पवन जोपट एवं रमेश तिवाड़ी ने सभी समाज बंधुओं से नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत आयोजित समस्त कार्यक्रमों में सपरिवार पधारकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# कवि सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जन सेवा संघ की बैठक सम्पन्न

**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जन सेवा संघ के मीडिया प्रभारी राजीव चौबे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आगामी 15 मार्च को आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय समिति, विभिन्न समितियों के संचालकों तथा सांस्कृतिक समिति के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर हुआ विस्तृत मंथन**

बैठक में कवि सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान बैठक व्यवस्था, वाहन पार्किंग, अतिथियों के स्वागत-सत्कार तथा अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

साथ ही यह निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम में शहर के संभ्रांत एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा।




संस्था के आजीवन एवं सामान्य सदस्यों को भी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

**स्वल्पाहार, प्रायोजक और स्वयंसेवकों पर भी चर्चा**

बैठक में कार्यक्रम स्थल पर स्वल्पाहार एवं जलपान की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के संचालन से संबंधित आय-व्यय पर भी विस्तार से विचार करते हुए संभावित प्रायोजकों से संपर्क करने की योजना बनाई गई।

कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए स्वयंसेवकों तथा विशेष कार्यकर्ताओं की नियुक्ति के विषय में भी गहन विचार-विमर्श किया गया।

**अनेक पदाधिकारी रहे उपस्थित**

इस अवसर पर जन सेवा संघ के अध्यक्ष बिश्वजीत सिंह, उपाध्यक्ष एस.ए. खान, महासचिव प्रकाश चौधरी, कोषाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी राजीव चौबे, पी.पी. पांडेय, श्रीकांत पांडेय, के.डी. चौबे, एल.एम. चौधरी, बिनीत सिंह, आर.पी. सिंह, परमानंद शर्मा, सीताराम ठाकुर, सुनील श्रीवास्तव, कपिराज सिंह, अरुण सिंह राजपुरोहित, जी.डी. पाठक, राजेश शर्मा, राजेश चौबे सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

# सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल : जुबली हिल्स जोन पुलिस और शांति समिति द्वारा भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन



**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शहर में भाईचारे और एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेंट्रल पीस एंड वेलफेयर कमेटी ने जुबली हिल्स जोन पुलिस विभाग के सहयोग से 11 मार्च 2026 को एक भव्य इफ्तार मिलन समारोह (दावत-ए-इफ्तार) का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती तेजो विजया कुमारी और ऑल जोन महासचिव श्रीकिशन शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रमन्ना रेड्डी (डीसीपी) और अतिरिक्त डीसीपी श्रीकांत (जुबली हिल्स जोन) उपस्थित रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और सामुदायिक पुलिसिंग के महत्व को रेखांकित किया।

**पुलिस अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों की उत्साहजनक भागीदारी**

समारोह में लगभग 350 सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें जुबली हिल्स जोन के अंतर्गत आने वाले सभी 7 पुलिस स्टेशनों के एसीपी, एसएचओ, सीआई, एसआई और अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। कार्यक्रम में सेंट्रल पीस एंड वेलफेयर कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बोगी बालक दास, संयुक्त सचिव असदउद्दीन, उपाध्यक्ष संगेश अग्रवाल और समिति के अन्य महत्वपूर्ण कार्यकारी सदस्य भी उपस्थित रहे। पुलिस बल और नागरिक समाज के बीच इस तरह का संवाद सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**सांप्रदायिक सद्भाव और एकता का संदेश**

इफ्तार कार्यक्रम ने समाज के विभिन्न वर्गों के बीच आपसी सम्मान और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक सार्थक मंच के रूप में कार्य किया। पवित्र रमजान के महीने का जश्न मनाते हुए, वक्ताओं ने कहा कि इफ्तार न केवल उपवास तोड़ने का माध्यम है, बल्कि यह कृतज्ञता, करुणा और सामुदायिक एकता का प्रतीक भी है। उपस्थित अतिथियों ने मुस्लिम भाइयों और बहनों के साथ मिलकर रोजा खोला और देश की शांति व प्रगति के लिए प्रार्थना की।

**शांति और कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता**

कार्यक्रम के अंत में, आयोजन समिति ने सभी गणमान्य व्यक्तियों, पुलिस अधिकारियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति के पदाधिकारियों ने दोहराया कि समाज में शांति, कल्याण और सद्भाव को मजबूत करने में इस तरह के आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी ने भविष्य में भी इसी तरह एकजुट होकर सामाजिक कल्याण के लिए काम करने का संकल्प लिया। अवसर पर श्रीकिशन शर्मा, श्रीमती तेजो विजया कुमारी, संगेश अग्रवाल: उपाध्यक्ष, बोगी बालक दास: कार्यकारी अध्यक्ष, मोहम्मद असदउद्दीन महासचिव के साथ सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# परिवार से भी बढ़कर है राधे-राधे ग्रुप : शीतल गुप्ता



**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन पिलर नंबर 1265 ए के पास गुरुवार को नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुशील कुमार गुप्ता का जन्मदिन सेवा कार्य के साथ सादगीपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद लोगों को अन्नदान कर मानव सेवा का संदेश दिया गया। इस अवसर पर श्रीमती शीतल गुप्ता ने कहा कि राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद केवल एक संस्था नहीं बल्कि एक ऐसा परिवार है, जहां सभी सदस्य एक-दूसरे के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा होता है कि व्यस्तता के कारण परिवार के लोग भी कुछ अवसर भूल जाते हैं, लेकिन राधे-राधे ग्रुप का हर सदस्य एक-दूसरे की खुशियों और दुखों को मिलकर साझा करता है। यही कारण है कि यह ग्रुप परिवार से भी बढ़कर महसूस होता है।

उन्होंने कहा कि इस सेवा परिवार से जुड़ना उनके लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। राधे-राधे ग्रुप लगातार अन्नदान, सेवा और सामाजिक कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सहायता कर समाज में सेवा का प्रेरणादायक कार्य कर रहा है। ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे और सेवा भाव को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने सुशील कुमार गुप्ता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही सभी ने समाज सेवा के कार्यों को आगे भी निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सुशील कुमार गुप्ता, शीतल गुप्ता, रोहित, सीमा, प्रतिका अग्रवाल , जयप्रकाश सारडा, ई-जगन चंपापेट, गौरव, मनीष सहित राधे-राधे ग्रुप के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक मनोनीत हुए सतीश कुमार जाजू

**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं गौभक्त सतीश कुमार जाजू को भारतीय जनता पार्टी तेलंगाना राज्य के व्यापारिक प्रकोष्ठ का सहसंयोजक मनोनीत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व वे व्यापारिक प्रकोष्ठ के हैदराबाद नगर संयोजक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए उन्होंने व्यापारिक वर्ग



के बीच पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया है।

नियुक्ति के बाद सतीश कुमार जाजू ने भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं तथा भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे व्यापारिक समुदाय को एक मंच पर लाकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास करेंगे।जाजू ने विश्वास व्यक्त किया कि व्यापारिक वर्ग के सहयोग से आगामी जीएचएमसी तथा विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए वे पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

# तेलंगाना में हाफ-डे स्कूल 15 से

## भीषण गर्मी के मद्देनजर लिया गया फैसला



**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए राज्य भर में हाफ-डे स्कूलों (आधे दिन के स्कूल) के कार्यान्वयन की आधिकारिक घोषणा कर दी है। स्कूल शिक्षा निदेशक डॉ. ई. नवीन निकोलस द्वारा जारी आदेश के अनुसार, स्कूलों के समय में यह बदलाव 15 मार्च से प्रभावी होगा।

आधिकारिक कार्यवाही के अनुसार, सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी प्रबंधन के तहत आने वाले सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और हाई स्कूल अब सुबह 8 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चलेंगे। छात्रों को दोपहर 12:30 बजे मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके बाद उनकी छुट्टी होगी।

गर्मी की छुट्टियों से पहले इस शैक्षणिक वर्ष का अंतिम कार्य दिवस 23 अप्रैल 2026 निर्धारित किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि 24 अप्रैल से छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो जाएगा।

एसएससी परीक्षाओं को देखते हुए शिक्षा विभाग ने कुछ विशिष्ट व्यवस्थाएँ की हैं जिनमें-

एसएससी तैयारी: मार्च 2026 की एसएससी सार्वजनिक परीक्षाओं की तैयारी कर रहे कक्षा 10वीं के छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेंगी।

परीक्षा केंद्र: जिन स्कूलों को एसएससी परीक्षा केंद्र के रूप में नामित किया गया है, वे परीक्षा के दिनों में दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कार्य करेंगे।

अन्य दिन: परीक्षा के दिनों को छोड़कर, ये स्कूल भी सुबह 8 बजे से दोपहर 12:30 बजे वाले मानक समय का ही पालन करेंगे।

क्षेत्रीय स्कूल शिक्षा संयुक्त निदेशकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे राज्य के सभी स्कूल प्रबंधनों को इन आदेशों की जानकारी दें और कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

# झुंझुनू प्रगति संघ का होली स्नेह मिलन 15 को

**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** झुंझुनू प्रगति संघ की हैदराबाद इकाई का इस वर्ष का होली स्नेह मिलन समारोह 15 मार्च रविवार को हिमायतनगर स्थित होटल प्लेटिनम में आयोजित किया जाएगा।शाखा अध्यक्ष राजकुमार पसारी द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस अवसर पर ठंडाई के साथ सांयकालीन अल्पाहार, तंबोला, मंचीय कार्यक्रम, ढप और चांग जैसे पारंपरिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान संघ के आगामी कार्यकाल के लिए नए पदाधिकारियों का चयन भी किया जाएगा।सांय 6:00 बजे से प्रारंभ होने वाले इस कार्यक्रम में संघ के सदस्य सपरिवार उपस्थित होकर होली के इस स्नेह मिलन समारोह का आनंद ले सकेंगे।

# मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अल्लू सिनेमाज मल्टीप्लेक्स का किया भव्य उद्घाटन

**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार रात हैदराबाद के कोकापेट में अल्लू परिवार द्वारा निर्मित अत्याधुनिक मल्टीप्लेक्स अल्लू सिनेमाज का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिग्गज अभिनेता स्वर्गीय अल्लू रामलिंगैया की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए अल्लू अरविंद और उनके परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विश्वस्तरीय थिएटर हैदराबाद और तेलुगु फिल्म उद्योग को एक नई पहचान दिलाएगा।

**सिनेमाई तकनीक और विरासत का संगम**

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिनेमा ब्लैक-एंड-व्हाइट युग से निकलकर अब डॉल्बी साउंड, वीएफएक्स और डिजिटल फिल्म निर्माण जैसी उन्नत तकनीकों तक पहुँच गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करने के लिए आधुनिक थिएटर अनिवार्य हैं। उन्होंने दिग्गज कलाकारों जैसे एन.टी. रामाराव, अक्किनेनी नागेश्वर राव और डी. रामानायडू को याद किया, जिन्होंने फिल्म उद्योग को चेन्नई से हैदराबाद स्थानांतरित करने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही, उन्होंने अभिनेता कृष्णा के योगदान की भी सराहना की, जिन्होंने रंगीन और 70एमएम फिल्मों जैसी नवाचारों की शुरुआत की थी।

**विकास के स्तंभ के रूप में फिल्म उद्योग**

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने स्पष्ट किया कि सिनेमा का समाज पर गहरा प्रभाव पड़ता है और इसे केवल एक व्यावसायिक गतिविधि नहीं, बल्कि एक गंभीर उद्योग के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए।

उन्होंने घोषणा की कि तेलंगाना सरकार आईटी और फार्मा क्षेत्रों की तरह ही फिल्म उद्योग को भी राज्य के विकास के प्रमुख स्तंभ के रूप में बढ़ावा देने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने यह भी साझा किया कि उसी दिन उन्होंने नेटफ्लिक्स के 'आईलाइन स्टूडियो' का भी उद्घाटन किया है, जो हैदराबाद को





एक नॉलेज हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

रेवंत रेड्डी ने विश्वास व्यक्त किया कि तेलुगु फिल्म उद्योग में हॉलीवुड से मुकाबला करने की क्षमता है। उन्होंने अल्लू अरविंद, गीता आर्ट्स और सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की सफलता की कहानी को उभरते कलाकारों के लिए प्रेरणादायक बताया। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार फिल्म ईकोसिस्टम को मजबूत करने वाली हर पहल को अपना पूर्ण सहयोग देगी।

इस भव्य उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, सिनेमैटोग्राफी मंत्री कोमाटीरेड्डी वेंकट रेड्डी, प्रसिद्ध अभिनेता अल्लू अर्जुन, निर्माता अल्लू अरविंद और फिल्म जगत की अन्य प्रमुख हस्तियाँ उपस्थित थीं।

# बंडी संजय की 'अंजन्ना आशीर्वाद यात्रा' कल

## कोण्डागट्टू मंदिर तक करेंगे पैदल यात्रा




**करीमनगर, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो):** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार आगामी 14 मार्च को करीमनगर से जगतियाल जिले के कोण्डागट्टू श्री अंजनेय स्वामी मंदिर तक 40 किलोमीटर की आध्यात्मिक पदयात्रा 'अंजन्ना आशीर्वाद यात्रा' करेंगे। हाल ही में स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा को मिली शानदार जीत के बाद, भगवान के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लगभग 10,000 भाजपा कार्यकर्ताओं और नवनिर्वाचित स्थानीय प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है।

यह यात्रा नगर निगम और पंचायत चुनावों में भाजपा के बेहतर प्रदर्शन के बाद एक धन्यवाद भाव के रूप में आयोजित की जा रही है। चुनाव प्रचार के दौरान, बंदी संजय ने मन्नत मांगी थी कि यदि करीमनगर की जनता भाजपा को मेयर का पद और अन्य स्थानीय निकायों का नियंत्रण सौंपती है, तो वे पैदल चलकर पहाड़ी पर स्थित मंदिर के दर्शन करेंगे। अब पार्टी द्वारा मेयर और डिप्टी मेयर के पदों पर कब्जा करने और बड़ी संख्या में कॉर्पोरेटर व सरपंच सीटें जीतने के बाद, मंत्री अपनी उस मन्नत को पूरा करने जा रहे हैं।पदयात्रा सुबह 7 बजे करीमनगर के महाशक्ति मंदिर से शुरू होगी और शाम 4 बजे तक कोण्डागट्टू पहुँचने की उम्मीद है। यह मार्ग रेकुर्थी, कोठापल्ली, गंगाधरा, पुदुर, कोदिम्याल और मलयाला से होकर गुजरेगा। डॉ. गंगिदी मनोहर रेड्डी के नेतृत्व में एक विशेष आयोजन समिति का गठन किया गया है। रास्ते में ग्रामीण और समर्थक फूलों की पंखुड़ियों और पारंपरिक मंगल आरती के साथ प्रतिभागियों का स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं।

आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि हालांकि इस यात्रा की पृष्ठभूमि राजनीतिक जीत है, लेकिन इसका वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक होगा। यात्रा के दौरान राजनीतिक नारों के बजाय भक्ति गीत और पारंपरिक ढोल (दप्पू) की थाप सुनाई देगी। भीषण गर्मी और बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी को देखते हुए स्वयंसेवकों और स्थानीय एनजीओ ने रास्ते में विभिन्न स्थानों पर पीने के पानी, छाछ और भोजन के पैकेट की व्यवस्था की है।

# तेलंगाना में 60 लाख लोगों का हेल्थ डेटा तैयार, जल्द जारी होंगे डिजिटल हेल्थ कार्ड : रेवंत रेड्डी




**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को घोषणा की कि राज्य सरकार नागरिकों के लिए डिजिटल हेल्थ कार्ड शुरू करने की योजना के तहत लगभग 60 लाख लोगों का स्वास्थ्य डेटा संकलित कर रही है। हैदराबाद में 'मेडिकवर हॉस्पिटल्स' के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य के करीब 1.30 करोड़ परिवारों को जीवन बीमा कवरेज प्रदान करने की सरकार की मंशा भी जाहिर की।

**स्वास्थ्य सेवाओं पर 11,800 करोड़ का निवेश**

मुख्यमंत्री ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मुफ्त चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए इस वर्ष आरोग्यश्री योजना और मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत 1,800 करोड़ खर्च किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, उस्मानिया जनरल अस्पताल और तेलंगाना आयुर्विज्ञान संस्थान की सुविधाओं के निर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार 10,000 करोड़ का निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछला 20 वर्षों का आरोग्यश्री डेटा इस नए हेल्थ डेटाबेस का आधार बन रहा है।

**कैंसर रोकथाम और निजी डॉक्टरों से अपील**

कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रसिद्ध ऑन्कोलॉजिस्ट नोरी दत्तात्रेय को कैंसर संबंधी पहलों के लिए राज्य सलाहकार नियुक्त किया गया है। चिकित्सा पेशेवरों की कमी को देखते हुए, उन्होंने एक महत्वपूर्ण सुझाव दिया कि निजी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों को वर्ष में कम से कम एक महीना सरकारी अस्पतालों में अपनी सेवाएँ देनी चाहिए, ताकि आम लोगों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मिल सके।

**शिक्षा क्षेत्र में बड़े सुधार: नर्सरी से 12वीं तक नया सिस्टम**

स्वास्थ्य के साथ-साथ मुख्यमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र में भी बड़े बदलावों का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से नर्सरी से कक्षा 12 तक एक नई शिक्षा प्रणाली शुरू की जाएगी।

तेलंगाना पब्लिक स्कूल: इन स्कूलों में छात्रों को मुफ्त गुणवत्तापूर्ण नाश्ता, भोजन और परिवहन की सुविधा मिलेगी।

स्किल यूनिवर्सिटी: युवाओं में रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए एक कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री का मानना है कि गुणवत्ता-पूर्ण शिक्षा भविष्य में कल्याणकारी योजनाओं की निर्भरता को कम करेगी।

**फार्मा हब के रूप में हैदराबाद की वैश्विक पहचान**

हैदराबाद की महत्ता को रेखांकित करते हुए रेवंत रेड्डी ने कहा कि भारत के लगभग 40 प्रतिशत फार्मास्युटिकल उत्पादों का उत्पादन यहीं होता है। उन्होंने गर्व के साथ याद दिलाया कि कोविड-19 के तीन टीके शहर की जीनोम वैली में ही विकसित किए गए थे, जो वैश्विक स्वास्थ्य क्षेत्र में हैदराबाद की मजबूत स्थिति को दर्शाता है।

# रैतु भरोसा निधि में देरी पर भाजपा हमलावर, सरकार पर किसानों को कर्ज में धकेलने का लगाया आरोप



**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो):** भाजपा के तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए किसानों के लिए भरोसा निधि जारी करने में देरी करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस देरी के कारण राज्य के किसान गहरे कर्ज के संकट में फंस रहे हैं।

मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को लिखे एक खुले पत्र में, रामचंद्र राव ने कहा कि 'यासंगी' (रबी) फसल सीजन के लिए वित्तीय सहायता न मिलने के कारण किसान भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले किसान भरोसा योजना की राशि बढ़ाकर 15,000 रुपये करने का वादा किया था, लेकिन इसे 12,000 रुपये तक ही सीमित रखा गया है, और वह भी समय पर नहीं मिल रही है।भाजपा नेता ने सिंचाई परियोजनाओं और नहरों से पानी की आपूर्ति न होने पर भी गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पानी की कमी से फसलें सूख रही हैं, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति और बिगड़ रही है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य जनसमस्याओं को उठाते हुए आरोप लगाया कि फीस प्रतिपूर्ति का बकाया लंबित होने से छात्र परेशान हैं। सरकारी अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं और संसाधनों की भारी कमी है।

रामचंद्र राव ने केवल सरकार ही नहीं, बल्कि विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (घउठ) की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जनता के ज्वलंत मुद्दों पर बोलने में पूरी तरह विफल रहे हैं और विपक्ष के रूप में अपनी भूमिका नहीं निभा रहे हैं। भाजपा ने मांग की है कि सरकार जल्द से जल्द किसानों के खातों में राशि जारी करे और सिंचाई व शिक्षा से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान करे।

# हैदराबाद के परिवहन में बड़ा बदलाव

## 2050 तक 556 किमी मेट्रो और 336 किमी चचढड नेटवर्क का प्रस्ताव



**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण की 'व्यापक गतिशीलता योजना' के तहत शहर के भविष्य के परिवहन ढांचे का एक महत्वाकांक्षी खाका तैयार किया गया है। इस योजना के अनुसार, हैदराबाद में आने वाले दशकों में मेट्रो नेटवर्क, एमएमटीएस और बीआरटीएसका अभूतपूर्व विस्तार किया जाएगा।

एसोसिएट्स साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए गए इस अध्ययन के विवरण साझा करते हुए प्रबंध निदेशक डॉ. एम.पी. राजू ने बताया कि शहर की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए लगभग 4 लाख करोड़ के निवेश की आवश्यकता होगी।

सीएमपी के तहत न केवल रेल आधारित परिवहन, बल्कि सड़क नेटवर्क के विस्तार पर भी जोर दिया गया है । जिनमें- सड़क नेटवर्क: 2050 तक 2,847 किमी की अतिरिक्त कलेक्टर सड़कों और 19,352 लेन-किमी क्षमता वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। समर्पित बस लेन या बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के लिए 2040 तक 29 किमी और 2050 तक इसे बढ़ाकर 48 किमी करने का प्रस्ताव है। महानगर क्षेत्र में सात नए अंतर-राज्यीय बस टर्मिनल्स और ट्रक टर्मिनल्स विकसित किए जाएंगे।

कार्यशाला में विशेष मुख्य सचिव जयेश रंजन और विकास राज सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। सरकारी सलाहकार एन.वी.एस. रेड्डी ने 'ट्रांजिट फर्स्ट' दृष्टिकोण पर जोर दिया, जिसका मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना और मेट्रो फेज-खख के तहत लास्ट-मील कनेक्टिविटी में सुधार करना है। वहीं, संयुक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) डी. जोएल डेविस ने शहर के मुख्य क्षेत्रों और साइबराबाद में ट्रैफिक व पार्किंग की चुनौतियों को रेखांकित किया।

एचएमडीए ने बुनियादी ढांचे की योजना को निर्देशित करने के लिए 'इकोनॉमिक डेवलपमेंट प्लान' और 'ब्लू एंड ग्रीन मास्टर प्लान' पर भी तकनीकी अध्ययन शुरू कर दिया है, जो 2050 तक हैदराबाद महानगर क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# राधे-राधे ग्रुप द्वारा बेगम बाजार में अन्नदान सेवा से समाज को मिल रही प्रेरणा



**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के सामने गौशाला के पास नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सेवा भाव से आयोजित इस कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया।

इस अवसर पर विनोद तोषनीवाल ने कहा कि राधे-राधे ग्रुप समाज में सेवा की भावना के साथ कार्य कर रहा है और सभी को समान भाव से देखना ही इस संस्था की विशेषता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल,गोविंदराम पचेरियि, शिव भगवान, अरुण विजयवर्गीय, विनोद तोषनीवाल, महेश गोयल, लता गोयल, नीलम विजयवर्गीय, रेनू गुप्ता, अनीता सुगंधा, पूजा सांघी और स्वास्ति अग्रवाल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे और सेवा कार्य में सहयोग दिया।

# राज्यपाल ने यादगिरिगुट्टा मंदिर में की पूजा-अर्चना, सुख-समृद्धि की कामना



**नलगोंडा, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गुरुवार को यदागिरिगुट्टा स्थित सुप्रसिद्ध श्री लक्ष्मीनरसिंह स्वामी मंदिर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की और राज्य की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।पहाड़ी पर स्थित इस पावन धाम में राज्यपाल के आगमन पर मंदिर के पुजारियों ने 'पूर्ण कुंभम' और पारंपरिक मंत्रोच्चार के साथ उनका भव्य स्वागत किया। राज्यपाल ने मंदिर के गर्भगृह में विशेष अनुष्ठानों में भाग लिया। इसके पश्चात, उन्होंने पहाड़ी पर स्थित शिवालय में भगवान शिव का अभिषेक भी किया।

पूजा के उपरांत, सरकारी सचेतक बीरला इलैया और मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भवानी शंकर ने राज्यपाल को श्री लक्ष्मीनरसिंह स्वामी की तस्वीर और प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंदिर के अधिकारियों ने उन्हें यदागिरिगुट्टा मंदिर के गौरवशाली इतिहास और इसकी धार्मिक महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

राज्यपाल के दौरे को देखते हुए सुरक्षा और प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दर्शन के बाद राज्यपाल ने मंदिर की वास्तुकला की सराहना की। इस अवसर पर कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और मंदिर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# वरंगल में अवैध विस्फोटकों का बड़ा जखीरा बरामद, 7 लाख का माल जब्त




**वरंगल, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वारंगल टास्क फोर्स ने मुल्कानूर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान चलाकर गुरुवार को भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक जब्त किए हैं। इस कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दूसरा आरोपी फरार होने में सफल रहा। टास्क फोर्स के एसीपी ए. मधुसूदन और निरीक्षक एस. राजू के पर्यवेक्षण में यह छापेमारी की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि अवैध रूप से विस्फोटकों की तस्करी की जा रही है। इसी आधार पर मुल्कानूर थाना क्षेत्र में एक ऑटो-रिक्शा को रोका गया। पुलिस ने गुंजी ऐलैया (40) को गिरफ्तार किया, जो विठाला कॉलोनी का निवासी है और इन विस्फोटकों को ले जा रहा था।

तलाशी के दौरान पुलिस ने वाहन से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की, जिसमें- 1,440 जिलेटिन की छड़ें (8 बक्सों में पैक), 1,950 डेटोनेटर और 10 बंडल कोर्डेक्स वायर (विभिन्न आकार के) शामिल हैं।

जब्त किए गए विस्फोटकों और परिवहन वाहन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 7.07 लाख बताई जा रही है।

मामले में एक अन्य आरोपी वल्लपु राजैया (70) फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। गिरफ्तार आरोपी और जब्त किए गए माल को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मुल्कानूर पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक कहाँ से लाए गए थे और इनका उपयोग कहाँ किया जाना था।

# पिक-अप ट्रक पलटने से दो की मौत, 15 घायल




**निर्मल (तेलंगाना), 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में निर्मल जिले के कोंडापुर बाईपास पर गुरुवार को एक बोलेरो पिक-अप गाड़ी का एक टायर पंक्चर होने के बाद गाड़ी पलट गयी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी और 15 अन्य घायल हो गए।

इनमें से तीन गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने बताया कि पीड़ित आदिलाबाद जिले के इचोदा मंडल के सोनपल्ली से निज़ामाबाद जिले के आर्मूर में एक शादी में शामिल होने जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान बी. लक्ष्मण (45) और तुलसीदास (38) के रूप में हुई है। घायलों को इलाज के लिए आदिलाबाद के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच चल रही है।

# दलबदलू विधायकों की अयोग्यता मामला: सुप्रीम कोर्ट ने बीआरएस और भाजपा की याचिकाएं निपटाईं

**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव, विधायक पाडी कौशिक रेड्डी और भाजपा विधानसभा फ्लोर लीडर आलेटी महेश्वर रेड्डी द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिकाओं और अवमानना याचिकाओं का निपटारा कर दिया। यह मामला बीआरएस के 10 दलबदलू विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) द्वारा निर्णय लेने में हुई देरी से संबंधित था।

**स्पीकर ने सुनाया फैसला, अदालत ने दिए कॉपी सौंपने के निर्देश**

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ को सुनवाई के दौरान सूचित किया गया कि विधानसभा अध्यक्ष ने इस मामले में अपना अंतिम फैसला सुना दिया है।

अदालत ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ताओं को शुक्रवार तक स्पीकर के आदेश की प्रति उपलब्ध कराई जाए और चार दिनों के भीतर सभी प्रासंगिक दस्तावेज सौंपे जाएं। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि 31 जुलाई 2025 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश (जिसमें तीन महीने के भीतर फैसला करने को कहा गया था) का पालन नहीं किया गया।

स्पीकर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और मुकुल रोहतगी ने अदालत को बताया कि स्पीकर ने सभी लंबित अयोग्यता याचिकाओं की जांच पूरी कर ली है और अंतिम आदेश पारित कर दिए हैं। सिंघवी ने प्रस्तुत किया कि स्पीकर के समक्ष कार्यवाही अब समाप्त हो चुकी है। दूसरी ओर, याचिकाकर्ताओं के वकील पी. मोहित राव ने तर्क दिया कि आदेश की प्रतियां अभी तक उन्हें नहीं मिली हैं, जिसे उन्होंने कानूनी कार्रवाई में बाधा डालने की रणनीति बताया।

**अवमानना कार्यवाही सहित सभी याचिकाएं बंद**

चूंकि स्पीकर द्वारा पिछले आदेशों का पालन कर लिया गया है, इसलिए शीर्ष अदालत ने पाया कि अब इन याचिकाओं में कुछ भी शेष नहीं है।

इसी के साथ अदालत ने अवमानना कार्यवाही सहित कुल चार याचिकाओं को आधिकारिक रूप से निपटा दिया।

अब सबकी निगाहें शुक्रवार को मिलने वाले स्पीकर के लिखित आदेश पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट होगा कि 10 विधायकों की सदस्यता पर क्या फैसला लिया गया है।

# महबूबनगर जिले में कुएं में कूदने से मां और दो बेटियों की मौत

**महबूबनगर, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महबूबनगर जिले के एक गांव में गुरुवार को एक महिला और उसकी दो बेटियों की कथित तौर पर कुएं में कूदने से मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान जम्माम्मा (42), ज्योति (15) और शैलजा (13) के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया भूतपुर मंडल के वेल्किचेरला गांव में जम्माम्मा अपनी दो बेटियों और बेटे के साथ खेत पर गई थी। वहां उसने कथित तौर पर अपनी दोनों बेटियों को कुएं में धकेल दिया और फिर खुद भी कूद गई। हालांकि, उसका बेटा किसी तरह वहां से भाग निकलने में सफल रहा।

सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और कुएं से शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

DAILY शुभ लाभ
Classifieds
FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, K KRANTHI is legally wedded spouse of Army No. 6948699H Nk Gowrimohan Kanchipati R/o. Vill:Kaputhunglam Near Sivalayam Door no. 5-4-3/6/2, Post:pedagantyada, Teh:Gajuwaka, Dist:Visakhapatnam, Andhra Pradesh, 530012 have changed my name from K KRANTHI to KANCHIPATI KRANTHI vide affidavit dt:12/03/2026 before C.V.N Rama Krishna, Advocate and notary, Secunderabad

**CHANGE OF NAME**
I, No. 15815466N L/Nk Rajeesh k of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, Ts that my father name is changed from RAVEENDRAN PK to P K RAVEENDRAN

**CHANGE OF NAME**
I, No. JC 733038W H/LT Subash Chander of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, Ts that my Daughter name is changed from SHWETA KUMARI to SHWETA BHAGAT

**CHANGE OF NAME**
I, No. 15813510N L/Nk Chandra Shekar Addanki of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, Ts that my Daughter name is changed from BHAVIKA ADDANKI to ADDANKI BHAVIKA

**CHANGE OF NAME**
I, SWEETY KUMARI is legally wedded spouse of Army No.6948587H Nk Niraj Kumar R/o. Vill&Post:Marwa, Teh:Naugachia, Dist: Bhagalpur, Bihar-853201 have changed my name from SWEETY KUMARI to SWITY DEVI vide affidavit dt:12/03/2026 before C.V.N Rama Krishna, Advocate and notary, Secunderabad

**CHANGE OF NAME**
I, No. 6948587H Nk Niraj Kumar of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, Ts that my Father name is changed from KAPIL DEO CHOUDHARY to KAPILDEV CHAUDHARY

**CHANGE OF NAME**
I, No. 6948643W Nk M Nantha Kumar of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, Ts that my mother name is changed from MASHWARI to MAGESWARI

**CHANGE OF NAME**
I, No. 6948873K Nk Balbir Singh Patel of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, Ts that my mother name is changed from SUDEVI to SHIV DEVI

**CHANGE OF NAME**
I, No. 6948644Y Nk Mariappan G of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, Ts that my Father name is changed from GOVINDAN to GOVINDHAN GOVINDHASAMY and also my mother name is changed from MILIKIA G to MALLIKA GOVINDHAN

**CHANGE OF NAME**
I, No.6948783H Nk Nayi VikramBhai Pithubhai of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, Ts that my father name is changed from PITHU BHAI to NAYEE PITHUBHAI FULABHAI and my mother name is also changed from JDAVI BAN to NAYEE JADIBEN PETHABHAI

**CHANGE OF NAME**
I, No. 6948672L Nk Boobalan C of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, Ts that my sister name is changed from C PALANIYAMMAL to PALANIAMMAL CHINNAPPA

**CHANGE OF DOB**
I, ARANGI KONDAMMA Mother of No.2618593K L/Nk ARANGI YOGESWARARAO, Residing at 1-36, Vill:Korlam, Teh:Gara, Dist:Srikakulam, Andhra Pradesh-532405 have changed my Date of Birth from 23-08-1976 to 07-11-1964 vide affidavit dt:12-03-2026 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad

**CHANGE OF NAME**
I, PADMAJA, Existing Name of Spouse as per Service Records is legally wedded spouse of Service No. 642827G, Rank: Ex. SERGANT, Name: KODURU SAILENDAR, presently residing at VILL: MUDINEPALLI, PO: MUDINEPALLI, TEH: MUDINEPALLI, DIST: KRISHNA, State: A.P-521325, do hereby I have changed my name from PADMAJA to KODURU PADMAJA and my correct DOB 15/05/1965 affidavit dated 11/03/2026

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Army No. 6945878X Hav (SHT) AMIT KUMAR of Ordnance Depot Avadi Chennai, Tamilnadu-600055 that my mother name and DOB is changed from DEV RANI, DOB:05-04-1952 to DEVA RANI, DOB:01-01-1957.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Army No. 6945878X Hav (SHT) AMIT KUMAR of Ordnance Depot Avadi Chennai, Tamilnadu-600055 that my father name and DOB is changed from RAM AVTAR, DOB:18-03-1952 to RAM AUTAR MAURYA, DOB:08-03-1954.

**CHANGE OF NAME**
I, RASHMI MAURYA Spouse of Army No. 6945878X Hav (SHT) AMIT KUMAR of Ordnance Depot Avadi Chennai, Tamilnadu-600055 have changed my name from RASHMI MAURYA to RASHMI MOURYA vide affidavit dt:12-03-2026 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No 6948180M NK PANKAJ RAM of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana, India hereby state that my daughter's name is changed from ANANYA to ANANYA RAM in accordance to Affidavit dated 12 March 2026.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No-14654401W,Rank-HAV, Name- Omprakash Singh Chauhan S/o Shri Ramkishun Chauhan Residing at Vill-Sarwar Nagar,PO-Deokali, Teh-Saidpur, Dist-Ghazipur, PIN-233306, State-Uttar Pradesh. I have changed my Mother name from DURGAUTI DEVI to DURGAWATI DEVI Affidavit No-49334dated 15 Dec 2025 before Nandlal Ram Advocate, Ghazipur.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No-15163746M, Rank-HAV, (Gnr) Name-Venkata Rao Sistu Residing at H.No.1-302 ,Main Road Street, Narisinga palli (village&Post). Tekkalli (mandalam)Srikakulam District,Andhra Pradesh, PIN-532201. I have changed my Mother name from SISIV.VARALOXMY to *SISTU.VARA LAXMI and also Date of Birth changed from 01/07/1958 To 01/01/1954 add in my service documents vide Affidavit dated 12 Mar 2026 before Notary C Samuel Advocate Secunderabad.

# रेवंत ने हैदराबाद में नेटफ्लिक्स के आईलाइन स्टूडियो ऑफिस का उद्घाटन किया



**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को हैदराबाद में नेटफ्लिक्स की आईलाइन स्टूडियो के कार्यालय का उद्घाटन किया और शहर में वैश्विक मनोरंजन कंपनी के विस्तार का स्वागत किया।श्री रेड्डी ने इस अवसर पर कहा कि हैदराबाद में आईलाइन स्टूडियो की स्थापना राज्य के तेजी से विकसित हो रहे मनोरंजन और रचनात्मक उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि वैश्विक मनोरंजन जगत की दो प्रतिष्ठित कंपनियों का हैदराबाद आना राज्य के लिए स्वागत योग्य पहल है।

उन्होंने कहा कि डीवीडी किराये की सेवा से वैश्विक मंच तक नेटफ्लिक्स की यात्रा प्रेरणादायक है और हैदराबाद भी विभिन्न क्षेत्रों में एक अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि नेटफ्लिक्स और हैदराबाद के बीच सहयोग से शहर के मनोरंजन पारिस्थितिकी तंत्र को वैश्विक स्तर तक ले जाने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आईलाइन स्टूडियो की मौजूदगी से तेलंगाना की संस्कृति, परंपराओं और कहानियों को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हैदराबाद का लक्ष्य वैश्विक संस्थाओं के लिए एक मंच बनना है और यह शहर सभी संस्कृतियों और परंपराओं का सम्मान करता है। राज्य सरकार आईलाइन स्टूडियो के विस्तार के लिए हर संभव सहयोग देगी और आवश्यकता होने पर प्रस्तावित फ्यूचर सिटी में बड़े कार्यालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने को भी तैयार है। तेलंगाना वैश्विक कंपनियों के निवेश के लिए पूरी तरह तैयार है और निवेश की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

मुख्यमंत्री ने तेलुगु फिल्म उद्योग के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि समय के साथ सिनेमा में तकनीकी बदलाव आए हैं। उन्होंने कहा कि एन.टी. रामाराव और अक्किनेनी नागेश्वर राव जैसे दिग्गज अभिनेताओं ने फिल्म उद्योग को चेन्नई से हैदराबाद लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और अब नेटफ्लिक्स का आगमन एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है।

तेलंगाना के सूचना प्रौद्योगिकी और उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने कहा कि हैदराबाद में नेटफ्लिक्स की उत्पादन और नवाचार इकाई की स्थापना शहर को वैश्विक कहानी कहने के केंद्र के रूप में विकसित करने की राज्य सरकार की परिकल्पना के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि सरकार एनीमेशन, दृश्य प्रभाव, गेमिंग और कॉमिक्स जैसे क्षेत्रों में कौशल विकास और प्रतिभा को बढ़ावा देने पर ध्यान दे रही है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा कि हैदराबाद मनोरंजन क्षेत्र में रचनात्मक प्रतिभा और तकनीकी नवाचार का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है और आईलाइन स्टूडियो की स्थापना से डिजिटल कहानी कहने और दृश्य प्रभावों के क्षेत्र को और मजबूती मिलेगी।

आईलाइन स्टूडियो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेफ शापिरो ने कहा कि हैदराबाद स्थित यह केंद्र वैश्विक कहानी कहने और दृश्य प्रभाव निर्माण को सहयोग देने वाला नवाचार केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि लॉस एंजिलिस, वैंकूवर, सियोल और लंदन के बाद यह आईलाइन स्टूडियो का पांचवां वैश्विक केंद्र होगा।

कार्यक्रम में अभिनेता राणा दग्गुबाती, तेलंगाना फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष दिल राजू और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# भाजपा नेता अविनाश देवड़ा बने भाजपा तेलंगाना राज्य व्यापार प्रकोष्ठ के सह-संयोजक



**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अविनाश देवड़ा को भाजपा तेलंगाना राज्य व्यापार प्रकोष्ठ का सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति का पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा व्यापारिक समुदाय द्वारा स्वागत किया गया है।

पार्टी नेतृत्व ने अविनाश देवड़ा की सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता तथा व्यापारिक समुदाय से उनके मजबूत संपर्क को देखते हुए उन्हें यह महत्व-पूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में व्यापार प्रकोष्ठ और अधिक सक्रिय होकर व्यापारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाएगा।

व्यापारिक संगठनों, बाजार संघों तथा व्यापारियों ने भी अविनाश देवड़ा को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे व्यापारिक समुदाय की आवाज़ को संगठन और सरकार तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**व्यापारियों के हितों के लिए करेंगे कार्य : देवड़ा**

इस अवसर पर अविनाश देवड़ा ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करते हुए तेलंगाना के समस्त व्यापारिक समुदाय के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

पार्टी नेताओं ने कहा कि उनकी नियुक्ति से भाजपा के संगठनात्मक कार्यों को नई ऊर्जा मिलेगी तथा तेलंगाना के व्यापारिक वर्ग के साथ पार्टी का संवाद और अधिक मजबूत होगा।

# ऑपरेशन ऑक्टोपस के तहत 117 साइबर अपराधी गिरफ्तार




**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में हैदराबाद साइबर अपराध थाना (सीसीपीएस) ने गत फरवरी में 78 प्राथमिकी दर्ज कीं और विशेष अभियान चलाकर 16 राज्यों से 117 संदिग्धों को गिरफ्तार किया।

पुलिस की ओर गुरुवार को यहां जारी बयान के मुताबिक ये गिरफ्तारियां 74 साइबर अपराध के मामलों में हुईं। इनमें 63 ट्रेडिंग और निवेश धोखाधड़ी, छह डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी, चार ओटीपी धोखाधड़ी और एक सोशल मीडिया से जुड़ा मामला है। पुलिस पीड़ितों को 34.76 लाख रुपये की राशि वापस दिलाने में भी कामयाब रही। जांच में पता चला कि गिरफ्तार आर-ोपी पूरे भारत में 1,081 साइबर अपराध मामलों में शामिल थे और उनके बैंक अकाउंट में लगभग 139 करोड़ रुपये का हस्तांतरण हुआ था। अभियान के दौरान पुलिस ने 36 लाख रुपये नगद, 221 मोबाइल फोन, 26 लैपटॉप, 115 चेक बुक, 141 सिम कार्ड, 54 डेबिट कार्ड, 56 शेल स्टैम्प, एक रुपये गिनने की मशीन, 152 पासबुक, पांच ट्रेड लाइसेंस, छह ऑडिट रिपोर्ट और तीन लेजर जब्त किए।

बयान में कहा गया है कि फरवरी में राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी ) के ज़रिए क्षेत्रीय साइबर प्रकोष्ठ को 2,963 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 461 प्राथमिकी दर्ज की गईं। नौ मामलों में शामिल 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया और पीड़ितों को 24.10 लाख रुपये वापस किए गए। साइबर पेट्रोल के तहत पुलिस ने 124 फेसबुक और इंस्टाग्राम प्रोफाइल की पहचान की, जो भारतीय उपभोक्ताओं को टारगेट करते हुए ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग एप्लीकेशन को प्रमोट करने वाले 539 पेड एडवर्टाइजमेंट चला रहे थे। सभी प्रोफाइल की रिपोर्ट की गई और उन्हें हटा दिया गया, जबकि संचालकों का पता लगाने की कोशिशें चल रही हैं।

इसी प्रकार साइबर मित्र पहल के तहत पुलिस ने पीड़ितों की मदद के लिए 2,396 कॉल किए और मिली शिकायतों के आधार पर 257 ज़ीरो प्राथमिकी दर्ज कीं। एक खास मामले में, हैदराबाद के एक रहने वाले ने मैट्रिमोनियल इन्वेस्टमेंट फ्रॉड में 11.17 लाख रुपये गंवा दिए। पुलिस ने कंबोडिया से लौटने के बाद चेन्नई एयरपोर्ट पर विशाखा-पत्तनम से पेडापुडी प्रसन्ना कुमार को गिरफ्तार किया। एक और मामले में, महाराष्ट्र, राजस्थान और हैदराबाद के तीन लोगों को लगभग 91.54 लाख रुपये के क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया।

# तेलंगाना में घरेलू एलपीजी की कोई किल्लत नहीं : उत्तम कुमार रेड्डी



**सूर्यापेट, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के नागरिक आपूर्ति मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि राज्य में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। सूर्यापेट में आयोजित 'प्रजापालना-प्रगति योजना' कार्यक्रम में बोलते हुए, मंत्री ने जनता को आश्वस्त किया कि सरकार गैस आपूर्ति की स्थिति पर पूरी नजर रखे हुए है और उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

**केवल कमर्शियल गैस आपूर्ति हुई प्रभावित**

मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में केवल कुछ कमर्शियल (व्यावसायिक) एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जबकि घरेलू गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक गैस आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि व्यापारियों और छोटे उद्यमियों की आजीविका पर कोई आंच न आए।

**समीक्षा बैठक और सख्त कार्रवाई की चेतावनी**

स्थिति का विस्तृत आकलन करने के लिए मंत्री ने बताया कि शुक्रवार को तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ एक महत्व-पूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इसके बाद दोपहर में मुख्य सचिव और जिला कलेक्टरों के साथ भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कालाबाजारी करने वाले डीलरों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा, ''यदि कोई भी डीलर गैस की किल्लत पैदा करने या ब्लैक मार्केटिंग में शामिल पाया गया, तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।''

**निर्बाध आपूर्ति का सरकारी संकल्प**

मंत्री ने लोगों से अपील की कि वे सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

उन्होंने दोहराया कि तेलंगाना सरकार उपभोक्ताओं को होने वाली किसी भी असुविधा को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य भर में एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है।

# नाबालिग के यौन उत्पीड़न मामले में दोषी अरबी शिक्षक को पांच साल की सजा

**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद में यौन बाल संरक्षण अधिकार(पॉस्को) अधिनियम की विशेष अदालत ने एक अरबी शिक्षक को नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न मामले में दोषी ठहराते पांच साल की सज़ा सुनाई है।

विशेष सत्र न्यायाधीश जी. उदय भास्कर राव ने मामले की सुनवाई के बाद बुधवार की शाम अपना फैसला सुनाया। न्यायालय ने आरोपी को पांच साल की सज़ा के साथ 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया और पीड़िता को एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक चंद्रायनगुट्टा की जीएम कॉलोनी निवासी अब्दुल कय्यूम बिहार के मधुबनी जिले के बसैथा भारी गांव का निवासी है। पीड़िता की माँ ने अपनी आठ साल की बेटी के लिए अब्दुल कय्यूम को अरबी का शिक्षक रखा था। आरोपी ने घर पर ट्यूशन सत्र के दौरान कथित तौर पर ड्राइंग रूम में बच्ची के साथ गलत काम किया, जिससे बच्ची डर के मारे रोने लगी। इसके बाद जब माँ ने शिक्षक से पूछा, तो उसने आरोप से इनकार कर दिया और घर से भाग गया। बाद में बच्ची ने बताया कि आरोपी ने उसे गेम खेलने के लिए एक मोबाइल फ़ोन दिया था और उसके साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया। पीड़िता की माँ ने बाद में चंद्रायनगुट्टा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# सिकंदराबाद में टास्क फोर्स ने 11.53 किलोग्राम गांजा के साथ 7 लोगों को किया गिरफ्तार



**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में सिकंदराबाद टास्क फोर्स ने चिलकलगुडा पुलिस के साथ मिलकर शहर के चिलकलगुडा में एक विशेष अभियान के दौरान तीन गांजा तस्करों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपियों सुभाष मिशाल, पवित्रा बीरा और बापुन बिडिका के पास से 11.530 किलोग्राम गांजा, दो ग्राम खुला गांजा और तस्करी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले तीन मोबाइल फोन मिले। जब्त किए गये प्रतिबंधित सामान की कुल अनुमानित कीमत करीब 4.38 लाख रुपये है। पुलिस ने कहा कि मुख्य आरोपी ओडिशा के रायगडा जिला निवासी मिशाल ने फरार आपूर्तिकर्ता मल्ली से प्रतिबंधित सामान खरीदा और हैदराबाद में नशीले पदार्थों को परिवहन करने और बेचने के लिए बीरा और बिडिका के साथ मिलकर काम किया।पुलिस के अनुसार अभियान का मकसद चिलकलगुडा में रेलवे क्वार्टर के सामने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन इलाके के खरीदारों को लक्षित करना था। गिरफ्तार किए गए चार उपभोक्ता चिमला जेठिन, आदित्य कांबले, के दास वामशी कृष्णा और संकिली महेश थे।इस सिलसिले में पुलिस ने चिलकलगुडा थाने में यू/एस आठ सी आर/डब्ल्यू 20(बी)(2)(बी), 27(बी) एनडीपीएसए के तहत मामला पंजीकृत किया है। इस अभियान का सिकंदराबाद क्षेत्र के कार्यबल के निरीक्षक जे राज शेखर ने नेतृत्व किया। साथ ही चिलकलगुडा थाना के निरीक्षक वी. रामा कृष्णा, उप निरीक्षक बी. महेश और एसआई सी. चंद्रैया भी अभियान शामिल रहे।

इस अभियान से शहर में एक बड़ी गांजा आपूर्ति चेन को खत्म करने में कामयाबी मिली है।

# नए हाईकोर्ट परिसर के लिए राजेंद्रनगर साइट का मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीशों ने किया निरीक्षण

**हैदराबाद, 12 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना, राजेंद्रनगर में नए उच्च न्यायालय भवन परिसर का निर्माण कार्य अब तेजी पकड़ रहा है। गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश ए. के. सिंह ने अन्य न्यायाधीशों और सड़कों एवं भवनों विभाग के विशेष मुख्य सचिव के साथ परियोजना स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया।राजेंद्रनगर में बन रहे इस आधुनिक परिसर को दो अलग-अलग ज़ोन में विभाजित किया गया है- जोन-1 (40 एकड़): इस हिस्से में उच्च न्यायालय की मुख्य संस्थागत इमारतें और प्रशासनिक ब्लॉक विकसित किए जा रहे हैं।ज़ोन-2 (60 एकड़): यह क्षेत्र विशेष रूप से मुख्य न्यायाधीश और माननीय न्यायाधीशों के लिए आवासीय विला और संबंधित



अत्याधुनिक सुविधाओं के निर्माण के लिए निर्धारित किया गया है।

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य 5 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित आवासीय विला के भूमि पूजन समारोह की तैयारियों का जायजा लेना था। मुख्य न्यायाधीश और न्यायिक अधिकारियों ने साइट पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की और आगामी समारोह के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

दौरे के दौरान, न्यायिक अधिकारियों ने सड़कों और भवनों विभाग के अधिकारियों, निर्माण कंपनी मेसर्स डीईसी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड प्रोजेक्ट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड और सलाहकार फर्म मेसर्स टीम वन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों से बातचीत की। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता और समय सीमा को लेकर कड़े निर्देश जारी किए ताकि इस प्रतिष्ठित परियोजना का कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ सके। आधिकारिक बयान के अनुसार, विभाग अब अप्रैल में होने वाले बड़े आयोजन की तैयारियों में जुट गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.